आज का
तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	36°C	22°C

इनसाइड न्यूज

जवाहर भवन में 'मलेरिया' नहीं भ्रष्टाचार का महावायरस

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

सोमवार 13 अप्रैल, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 180 www.janexpresslive.com/epaper

बिहार में नई सरकार को लेकर हलचल... 12

5 बड़े अपडेट्स

पाकिस्तान में बातचीत बेनतीजा

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद में ईरान के साथ बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। वेंस ने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा जिससे वह जल्दी हथियार बना सके।

माइंस हटाने का अभियान शुरू किया

अमेरिकी सेना के सेंटकॉम ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोत समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।

अभियान अभी खत्म नहीं: नेतन्याहू

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। उनका कहना है कि हमले इसलिए किए गए क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब था। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

इमोशनल मैसेज

ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ शुक्रवार रात प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पाकिस्तान पहुंचे। ये बच्चे 28 फरवरी को मिसाइल हमले में मारे गए थे। इसका इल्जाम अमेरिका-इजराइल पर लगा था।

लेबनान में हमले जारी

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, तुफाहता इलाके में हुए हमलों में 9 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

होर्मुज हमारे कंट्रोल में : ईरान

यहां से गुजरना है तो टोल दो, ट्रम्प ने इस रास्ते से माइंस हटाने का दावा किया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

अमेरिका-ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर बयानबाजी तेज हो गई है। ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा है कि यह स्ट्रेट ईरान के कंट्रोल में है। उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा। इससे पहले कल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया था कि अमेरिका इस रास्ते में बिछी बारूदी माइंस हटा रहा है। उन्होंने कहा था कि यह समुद्री रास्ता जल्द ही खुल जाएगा। अमेरिकी सेना ने भी दावा किया था कि उनके जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं। हालांकि कुछ देर बाद ही ईरान ने अमेरिका के इन दावों को गलत बताया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई सैन्य जहाज यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईरान और अमेरिका के बीच कल पाकिस्तान में 21 घंटे चली शांति वार्ता बेनतीजा रही। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है।



ट्रम्प बोले, ईरान को टोल दिया तो होर्मुज से नहीं गुजरने देंगे

डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर नाकाबंदी शुरू करेगी। जो भी जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे रोका जाएगा। उन्होंने ईरान पर आरोप लगाया कि वह इस रास्ते के जरिए दुनिया से जबरन पैसे वसूलने की कोशिश कर रहा है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका इस तरह के दबाव को कभी नहीं मानेगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिकी नौसेना उन जहाजों को भी रोकेगी जिन्होंने ईरान को कोई टोल दिया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इस इलाके में लगाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को भी हटाया जाएगा। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान या उसकी ओर से कोई हमला होता है, तो अमेरिका उसका कड़ा जवाब देगा। उन्होंने ईरान पर आरोप लगाया कि वह इस रास्ते के जरिए दुनिया से जबरन पैसे वसूलने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका इस तरह के दबाव को कभी नहीं मानेगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम ही इस पूरे विवाद की जड़ है और इसी वजह से देश को भारी नुकसान हुआ है।

रिपोर्ट: ईरानी नौसेना ने अमेरिकी जहाज को होर्मुज पार करने से रोका

फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक ईरानी सेना ने एक अमेरिकी जहाज को हार्मुज स्ट्रेट से वापस लौटा दिया। रिपोर्ट के मुताबिक एक अमेरिकी युद्धपोत फुजैराह बंदरगाह से होर्मुज की ओर बढ़ रहा था। ईरान की सेना ने इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी और इसकी जानकारी पाकिस्तान में मौजूद डेलिगेशन को दी। इसके बाद ईरानी टीम ने पाकिस्तानी मध्यस्थ के जरिए तुरंत अमेरिका को मैसेज भेजा। ईरान ने मैसेज भेजा कि अगर यह जहाज होर्मुज के करीब आया, तो उस पर हमला किया जाएगा। यहां तक कहा गया कि अगर जहाज आगे बढ़ा, तो 30 मिनट के भीतर उसे निशाना बनाया जाएगा और इसका असर अमेरिका-ईरान बातचीत पर भी पड़ेगा। बताया गया है कि सेना की सख्त प्रतिक्रिया और बातचीत टीम की चेतावनी के बाद अमेरिकी वॉरशिप को आगे बढ़ने से रोकने का फैसला लिया गया। इससे पहले अमेरिकी वेबसाइट वॉल स्ट्रीट की रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि ईरानी नौसेना की धमकियों के बावजूद 2 अमेरिकी वॉरशिप होर्मुज पार कर गए। जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी जहाज ने ऐसा किया है।

ईरान में 44 दिन से इंटरनेट शटडाउन

ईरान में इंटरनेट शटडाउन को 44 दिन हो गए हैं। इंटरनेट पर नजर रखने वाली संस्था नेटब्लॉक्स ने बताया कि यह किसी भी देश में अब तक का सबसे लंबा इंटरनेट शटडाउन है। संस्था के मुताबिक, इतनी लंबे इंटरनेट शटडाउन का असर आम लोगों की जिंदगी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। लोगों को जानकारी पाने में परेशानी हो रही है और कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान सरकार ने देश में इंटरनेट को लगभग पूरी तरह बंद कर दिया।

ब्रिटेन-ओमान की अपील- अमेरिका-ईरान हालात बिगड़ने से रोकें

अमेरिका और ईरान के बीच नाकाम शांतिवार्ता पर ब्रिटेन और ओमान के नेताओं ने चिंता जताई है। दोनों नेताओं ने कहा है कि हालात को और बिगड़ने से रोकना बहुत जरूरी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने आपस में बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान में हुई हाल की वार्ता पर चर्चा की और दोनों पक्षों से समाधान निकालने की अपील की। ब्रिटेन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि नेताओं ने माना कि संघर्ष विराम जारी रहना बेहद जरूरी है। साथ ही सभी पक्षों को किसी भी तरह की नई टकराव वाली स्थिति से बचने की सलाह दी गई।

सीजफायर वार्ता नाकाम रहने से ईरान को ज्यादा नुकसान

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि सीजफायर वार्ता नाकाम होने का सबसे ज्यादा नुकसान ईरान को होगा। वेंस के मुताबिक अमेरिका ने अपना आखिरी और सबसे अच्छा प्रस्ताव दिया था। अमेरिका ने बातचीत में काफी नरमी दिखाई, लेकिन ईरान ने इसे मानने से इनकार कर दिया। वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बाद भी ईरान ने यह साफ नहीं किया कि वह भविष्य में परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। बातचीत के दौरान वेंस लगातार अमेरिकी राष्ट्रपति और दूसरे बड़े नेताओं के संपर्क में रहे।

पाकिस्तान ने भरोसा बनाने में अहम भूमिका निभाई

अमेरिका और ईरान के बीच हुई बातचीत के नतीजे से पाकिस्तान निराश जरूर है, लेकिन वह कोशिशें जारी रखेगा। यह बात विदेश नीति से जुड़े थिंक टैंक के प्रमुख कमर चीमा ने कही। उन्होंने कहा कि यह बातचीत पिछले 10 सालों में दोनों देशों के बीच कूटनीति की सबसे गंभीर कोशिशों में से एक थी। बातचीत के दौरान ईरान को एक अंतिम प्रस्ताव दिया गया है, जिस पर अब ईरानी प्रतिनिधिमंडल अपनी टॉप लीडरशिप की राय लेगा। कमर चीमा के मुताबिक, पाकिस्तान ने इस पूरी प्रोसेस में अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई। पाकिस्तान का काम दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर लाना, उनके बीच की दूरी कम करना और भरोसा दोबारा बनाना था, जिसे उसने सफलतापूर्वक किया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की इस कोशिश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है।

अमेरिका हमारा भरोसा जीतने में नाकाम रहा

ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने इस्लामाबाद में हुई बातचीत खत्म होने के बाद अपना पहला आधिकारिक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस दौर की बातचीत में दूसरा पक्ष (अमेरिका) ईरानी प्रतिनिधियों का भरोसा जीतने में नाकाम रहा। गालिबाफ ने कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि ईरान की ओर से नीयत और इच्छा दोनों मौजूद हैं, लेकिन पिछले दो युद्धों के अनुभवों की वजह से उन्हें दूसरे पक्ष पर भरोसा नहीं है। गालिबाफ ने इस बातचीत को मुमकिन बनाने के लिए पाकिस्तान का धन्यवाद किया।

ईरान जंग पर अमेरिका-ब्रिटेन में मतभेद

ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा कि इस जंग में शामिल न होने का फैसला सही था। उन्होंने ट्रम्प की सोशल मीडिया पोस्ट्स की आलोचना करते हुए कहा कि वे अक्सर भड़काऊ और विवादित होती हैं और कई बार उनका मतलब साफ नहीं होता। स्ट्रीटिंग ने कहा- अब हम यह समझ चुके हैं कि ट्रम्प को उनके कहे से नहीं, बल्कि उनके काम से आंकना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पूरे विवाद का हल सिर्फ बातचीत से ही निकल सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा समझौता होना चाहिए जिससे ईरान के लिए परमाणु हथियार बनाना पूरी तरह असंभव हो जाए।

होर्मुज स्ट्रेट से कल 60 लाख बैरल कच्चा तेल पार हुआ

समुद्र में निगरानी करने वाले ग्रुप टैंकरट्रैकर्स के मुताबिक, शनिवार को होर्मुज स्ट्रेट से करीब 60 लाख बैरल कच्चा तेल बाहर भेजा गया। इसमें करीब 20 लाख बैरल इराक का और 40 लाख बैरल सऊदी अरब का तेल शामिल था, जिसे तीन बड़े तेल टैंकरों के जरिए भेजा गया। रिपोर्ट के अनुसार, इन टैंकरों में से एक ग्रीस की कंपनी का है, जबकि बाकी दो टैंकर चीनी कंपनियों के हैं।

आशा भोसले के निधन से देश में शोक की लहर

राष्ट्रपति-पीएम समेत दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि, संगीत जगत में शोक की लहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

12,000 से ज्यादा गाने गाए

आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।

राजनाथ सिंह ने जताया शोक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आशा भोसले की आवाज ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया और उनके गीत हमेशा लोगों के दिलों में गूंजते रहेंगे। उन्होंने इसे संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिवार और उनके करोड़ों प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

संगीत जगत को मिली अपूरणीय क्षति- अमित शाह

गायिका आशा भोसले के निधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दिन हर संगीत प्रेमी और हर भारतीय के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। अमित शाह ने कहा कि आशा भोसले ने अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाई। उनकी गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और हर शैली में उनकी पकड़ ने उन्हें विशेष बनाया। उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल, गुजराती सहित कई भाषाओं में यादगार गीत गाए और लोक संगीत में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी।

नहीं रहीं
सुरों की मल्लिका
आशा भोसले
एक युग का अंत...
भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पीएम मोदी का शोक संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी संगीत यात्रा ने दशकों तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके भावपूर्ण गीतों और जीवंत संगीत ने दुनिया भर में लाखों दिलों को छुआ। उन्होंने आशा जी के साथ हुई अपनी मुलाकातों को हमेशा यादगार बताया और कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, प्रशंसकों तथा संगीत प्रेमियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

राष्ट्रपति ने जताया शोक

भारत की प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले के जाने से संगीत जगत में एक ऐसा खालीपन पैदा हुआ है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत के एक पूरे युग को परिभाषित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें आशा जी से हुई व्यक्तिगत मुलाकातें हमेशा याद रहेंगी। एक कलाकार और व्यक्ति के रूप में उन्होंने जीवन को अपने तरीके से जिया और दशकों तक अपनी मधुर आवाज़ से भारतीय संगीत को समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि उनका संगीत हमेशा अमर रहेगा और वह संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित रहेंगी।

हरिद्वार में टली अनहोनी: गंगा में बढ़े जलस्तर से फंसे 21 लोग, 10 पुरुष, सात महिला और चार बच्चों का रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस। हरिद्वार

गंगा में अचानक जलस्तर बढ़ने से रविवार को सप्तऋषि घाट और कबीर कुटीर क्षेत्र में टापू पर फंसे लोगों को प्रशासन और पुलिस की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। संयुक्त रेस्क्यू अभियान में कुल 21 लोगों को सकुशल बचा लिया गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत के अनुसार सुबह करीब 10:40 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि सप्तऋषि घाट पर गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ने से कई लोग फंस गए हैं। सूचना मिलते ही जल पुलिस, पीएसी, फ्लड कंपनी और आपदा प्रबंधन टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां फंसे 21 लोगों का सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसी दौरान कबीर कुटीर घाट, सप्तऋषि क्षेत्र में भी गंगा के बीच बने टापू पर स्नान कर रहे श्रद्धालु अचानक जलस्तर बढ़ने से फंस गए। तेज बहाव के कारण लोग टापू से बाहर नहीं निकल सके। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज सप्तऋषि अपनी टीम, चेतक कर्मियों और जल पुलिस के साथ बोट एवं राहत उपकरणों के जरिए मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। इस अभियान में टापू पर फंसे 10 पुरुष, 7 महिलाएं और 4 बच्चे को सुरक्षित किनारे पर लाया गया। सभी लोग दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के निवासी हैं। राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा में स्नान करते समय जलस्तर और बहाव का विशेष ध्यान रखें। नदी के बीच बने टापू या गहरे स्थानों पर जाने से बचें।

टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ कई शिक्षक संगठनों ने बनाया शिक्षक महासंघ, आज पूरे प्रदेश में निकलेगा मशाल जुलूस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 13 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर मशाल जुलूस निकालेंगे। इसके माध्यम से आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग करेंगे। इसके लिए कई शिक्षक संगठनों ने मिलकर महासंघ बनाया है। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पाण्डेय व अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना न्यायोचित नहीं है। टीईटी की अनिवार्यता समाप्त होनी चाहिए। मुख्य विधिक प्रभारी संस्थापक टीएससीटी विवेकानन्द ने कहा हम सब मशाल से लेकर न्यायालय तक लड़ाई जारी रखेंगे। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी व विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि कल का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम सब मशाल जलाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। जिससे टेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जा सके। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट के ओपी त्रिपाठी आदि ने आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

अयोध्या: आज से खुलने से शुरू हो जाएंगे मंदिर परिसर के सभी उप-मंदिर, कुल सात स्लॉटों में हो सकेंगे दर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सोमवार से राम मंदिर परिसर के उप मंदिरों के दर्शन आम भक्तों के लिए शुरू होने जा रहे हैं। दर्शन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और ऑनलाइन पास बनवाने की होड़ मच गई है। पहले ही दिन यानी 13 अप्रैल के लिए करीब 80 प्रतिशत पास बुक हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, पहले चरण में 13 अप्रैल से 27 अप्रैल तक दर्शन के लिए ऑनलाइन पास जारी किए जा रहे हैं। जैसे ही बुकिंग शुरू हुई, श्रद्धालुओं ने तेजी से स्लॉट आरक्षित कराने शुरू कर दिए। राम मंदिर ट्रस्ट के बेबसाइट पर 13 अप्रैल के सभी सात स्लॉटों के करीब 2600 पास शाम चार बजे तक बुक हो चुके थे। कुल सात स्लॉट (सुबह सात से नौ, नौ से 11, 11 से एक, एक से तीन, तीन से पांच, पांच से सात, सात से नौ) में रोजाना 3500 सामान्य पास जारी किए जाएंगे। हर स्लॉट में 500 पास जारी होंगे। पहले दिन के सुबह के पहले और दूसरे स्लॉट के सभी पास लगभग फुल हो चुके हैं, जबकि दिन के आखिरी दो स्लॉट के भी करीब 90 प्रतिशत पास बुक हो चुके हैं। एक पास पर अधिकतम पांच श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे। एक दिन में 17500 श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा मिलेगी। उप मंदिरों के दर्शन को लेकर भक्तों में विशेष आकर्षण है। लंबे समय से श्रद्धालु इन मंदिरों के खुलने का इंतजार कर रहे थे। अब जैसे ही तिथि घोषित हुई, देशभर से रामभक्तों ने अयोध्या आने की तैयारी तेज कर दी है। मंदिर प्रशासन की ओर से दर्शन व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए ऑनलाइन पास प्रणाली लागू की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सहज दर्शन का लाभ मिल सके।

इस तरह से बन सकते हैं पास

राम मंदिर परिसर के उप मंदिरों में सोमवार से दर्शन शुरू हो जाएगा। भक्त तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बेबसाइट srjbtkshetra.org पर जाकर जरूरी दिशा-निर्देशों का पालन कर पास बनवा सकते हैं। सामान्य पास पर श्रद्धालु सप्त मंडपम, शेषावतार, कुबेर टीला व राम परिवार का दर्शन कर सकेंगे। जबकि परकोटा के गणेश मंदिर का भी दर्शन होगा। अभी एक सप्ताह का ट्रायल किया जा रहा है। बाद में परकोटा के सभी मंदिरों में भी दर्शन शुरू हो जाएंगे। सुगम व विशिष्ट पासधारकों को भी उप मंदिरों में दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

- डॉ अनिल मिश्र, सदस्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

सामान्य पास पर इन मंदिरों के होंगे दर्शन

सप्त मंडपम- महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषादराज, अहिल्या, माता शबरी
शेषावतार मंदिर - लक्ष्मण जी का मंदिर
कुबेर टीला- भगवान शिव का मंदिर
राम परिवार- राम मंदिर के दूसरे तल पर विराजमान मंदिर।

पासपोर्ट से पनाह तक: रेड फोर्ट ब्लास्ट केस से जुड़े तार, 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल फिर बेनकाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए हरियाणा और राजस्थान से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ये लोग आतंकियों को फर्जी आधार, पैन कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट बनवाने में मदद कर रहे थे। इस पूरे ऑपरेशन की शुरुआत श्रीनगर पुलिस ने की, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय एजेंसियों और अन्य राज्यों की पुलिस को भी शामिल किया गया। जांच में सामने आया कि आतंकी फर्जी पहचान के जरिए देशभर में अपना नेटवर्क फैला रहे थे और विदेशों तक भागने में भी सफल रहे। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा और उसका साथी उस्मान उर्फ खुबैब शामिल हैं। दोनों पिछले करीब 16 वर्षों से सक्रिय थे और कश्मीर घाटी में कई आतंकी गतिविधियों को संचालित कर चुके हैं। जांच के दौरान यह भी पता चला कि एक आतंकी उमर उर्फ 'खरगोश' फर्जी पासपोर्ट के जरिए भारत से भागकर पहले इंडोनेशिया और फिर एक खाड़ी देश पहुंच गया। इस नेटवर्क के तार राजस्थान, हरियाणा और पंजाब तक फैले हुए थे। सुरक्षा एजेंसियों ने श्रीनगर और आसपास के इलाकों में कई ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है, जिनमें एके-47 राइफल, पिस्टल, ग्रेनेड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 31 मार्च से शुरू हुई थी और इसका मकसद आतंकी नेटवर्क की फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और सहयोगियों को खत्म करना है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं, जबकि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है।

छपार में फ्लाईओवर से गिरी कार, तीन युवकों की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छपार

पानीपत-खटीमा मार्ग पर सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार क्रेटा कार फ्लाईओवर से नीचे गिर गई, जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। यह दुर्घटना छपार के अंतर्गत फ्लाईओवर के पास घुमाव पर हुई। कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान गुरुग्राम निवासी सागर, हिमांशु और यश की मृत्यु हो गई। दो अन्य घायल युवक वरुण और सुशांत को मेरठ के हायर सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

सांड़ी खण्ड-1 बुन्देलखण्ड पर हावी पूर्वांचल का बाहूबल ?

- जनपद के खनन पट्टे की आड़ में हमीरपुर तक हो रहा अवैध खनन
- असलहाधारी गुर्गे लग्जरी गाड़ियों में करते हैं निगहबानी
- जनपद और हमीरपुर से चालू हैं साड़ी खदान में अवैध खनन

जन एक्सप्रेस । बांदा

पूर्वांचल के बाहूबलियों के बाहू और असलहों का बल अब जनपद की बालू खदान में दिखाई देने लगा है। इसी बाहूबल के दम पर ही साड़ी खण्ड एक खदान में अवैध खनन का काला कारोबार खुलेआम खोला जा रहा है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि जनपद के पट्टे में हमीरपुर जनपद में अवैध खनन कार्य धड़ल्ले से दर्जन भर असलहाधारी बदमाशों के द्वारा लग्जरी गाड़ियों में इस खदान की निगहबानी की जाती है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि इस खदान को चालू हुए अभी कुछ सही ही बीता है लेकिन इस खदान में अवैध खनन के मामले में अपना एक अलग रिकार्ड बना रखा है। इस खदान में आज तक प्रशासन और खनिज विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी झंकाने तक नहीं गया।

सूत्रों की मानें तो साड़ी खण्ड संख्या एक की खदान में प्रशासन की सारी नियम व कायदों को धता बताते हुए पूर्वांचल के एक बाहूबली पूर्व सांसद के असलहाधारी बदमाशों के दम पर अवैध खनन कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय झोलाछाप डॉक्टर के संरक्षण में इस खदान का पट्टा तो कहने को जनपद में हैं। लेकिन मात्र बीस प्रतिशत खनन जनपद में होता है। वहीं हमीरपुर जनपद में इस खदान की आड़ी 80 फीसदी खनन कार्य अवैध तरीके से करके बालू की निकासी की जा रही है। इस खदान में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे हैं। जिससे यह साबित होता है कि इस खदान में काला कारोबार खुलेआम किया जा रहा है। साड़ी एक खदान शुरू होते ही विवादों के घेरे में है। इस खदान दबंग संचालक द्वारा क्षेत्र के एक वरिष्ठ पत्रकार सहित कई अन्य लोगों पर रंगदारी आदि सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर यह संदेश देना चाहा कि यदि हमारे काले कारोबार के बीच कोई आयेगा तो उसको मुकदमों में फंसाकर शांत कर दिया जायेगा। पत्रकार पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद से खदान संचालक के हौंसले इतने बुलंद हो गये कि उसने असलहाधारी बदमाशों की पूरी फौज ही खदान के रास्तों की निगहबानी में लगा दी। जिससे उसके काले कारोबार में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। वहीं पंप कैनाल के समीप इतना अवैध खनन किया जा रहा है कि क्षेत्र वासियो को बहुल जल्द पानी की समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस देखना यह है कि पूर्वांचल का बाहूबल बुन्देलखण्ड के जिलों में कब तक पैर जमाये रहता है।

प्रभु श्रीकृष्ण की कथा सुनकर झूमें श्रोतागण

जन एक्सप्रेस । बांदा



शहर के रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्म और बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक श्री श्री 108 स्वामी रामहृदय दास जिज्ञासु चित्रकूट ने जैसे ही नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की उद्घोष किया, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कथा में माखन चोरी, कालिया नाग दमन और गोवर्धन पूजा की मनोहारी झांकियां प्रस्तुत की गईं। झांकी के साथ भजन मंडली ने 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' भजन गाया तो श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। महिलाएं हाथों में दीप लेकर नृत्य करती दिखीं। कथा वाचक ने बताया कि श्री कृष्ण की लीलाएं हमें प्रेम, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलना सिखाती हैं। कथा के अंत में माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। परीक्षित रानी गुप्ता और राजेंद्र गुप्ता घी वाले आयोजन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि कथा का विश्राम 15 अप्रैल को पूर्णाहुति हवन और भंडारे के साथ होगा।इस मौके पर अशोक त्रिपाठी जीतू, विजय बहादुर सिंह परिहार, प्रेमकिशोर श्रीवास्तव पप्पू, रामदेव दीक्षित,प्रेमनारायण द्विवेदी, कल्याण सिंह,बीके सिंह,सत्यदेव त्रिपाठी, राजेश सिंह, ममता चौहान,मनीष तिवारी, रणधीर सिंह,स्वयंबर सिंह,विजय गुप्ता, विजय ओमर जगराम सिंह,रामदत्त पांडेय,अमिता बाजपेई, प्रदुम्न लालू दुबे,शिवशंकर भोले महराज,गौरव चौरसिया जयशंकर तिवारी, विजय ओमर, आलोक सिंह योगी,प्रदीप कुमार,प्रधान धीरेन्द्र सिंह महोखर, रागनी गुप्ता,सुनीता गुप्ता,नंदिता चौहान,सरिता,नेहा,सुमन,कीरन मिथलेश, पवन पांडेय,ललित मिश्रा, संजू कटियार,अनूप शुक्ला,विनय पांडे,संजीव पांडेय आदि मौजूद रहे।

उच्च न्यायालय के आदेश की अनदेखी पर उठा सवाल, प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज

जन एक्सप्रेस । बांदा

पं. जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज के प्रबंधन को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2008 में पारित याचिका के निर्णया देश का अब तक पालन नहीं किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कॉलेज प्रबंधन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए थे,जिनका उद्देश्य संस्थान में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। हालांकि शिकायत में कहा गया है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद इन निर्देशों को लागू नहीं किया गया,जिससे प्रशासनिक अनियमितताओं की स्थिति बनी हुई है।शिकायतकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और न्यायालय के आदेश का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई,तो वे आगे कानूनी कदम उठाने को बाध्य होंगे। इस प्रकरण ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या रुख अपनाता है और क्या वास्तव में न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित हो पाता है या नहीं।

स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद के जारी गांव में स्थित यूपीएस जारी एक में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने नारे लगाते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। प्रधानाचार्य साधना निगम के तत्वाधान में रैली गांव के मुख्य मार्गो से होकर निकली, जिससे ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।इसके पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि श्याम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक तथा गायत्री शक्तिपीठ जनपद के अध्यक्ष नवीन निगम, जल जंगल और जमीन के लिए कार्य करने वाले प्रकृति प्रेमी पंकज बागवान,समाजसेवी विशाल श्रीवास्तव,बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी हर्ष श्रीवास्तव तथा धनंजय आदि ने दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, आरंभ है प्रचंड आदि गीतों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी बच्चों को अतिथियों के कर कमलों द्वारा परीक्षा फल,प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का भी माल्यार्पण कर उन्हें कॉपी पेन आदि शिक्षण समाग्रियां बांटी गई। राज्य पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय की सहायक अध्यापिका रश्मि अग्रवाल ने विद्यालय के बढ़ते कदमों पर चर्चा की।सहायक अध्यापिका अर्चना तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए अच्छे संस्कार हेतु प्रेरित किया।विद्यालय की प्रधानाध्यापक साधना निगम ने सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों का सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कामदगिरि स्वच्छता समिति एवं नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम द्वारा रविवार को विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के कुशल निर्देशन में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान लोगों को कूड़ा इधर-उधर न फेंकने, पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को पृथक करके देने तथा निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने का आग्रह किया। अभियान के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा नगरवासियों से भी सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। इस अवसर पर रसूल खान (वन विभाग), जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंजू वर्मा, विनोद कुमार, जानकी त्रिपाठी, देशराज शुक्ला, सफाई नायक जानकी कुशवाह, सफाई नायक विनोद सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिना फार्मर रजिस्ट्री नहीं मिलेगा लाभ, 15 अप्रैल तक कराएं पंजीकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मऊ। तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के निर्देशों के अनुसार, यदि किसान 15 अप्रैल तक अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं, तो उन्हें सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शुरू किया है। इसका उद्देश्य किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आसानी से पहुंचाना है। उप जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को 15 अप्रैल तक शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है, कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसेवा केंद्रों या लेखपालों द्वारा लगाए गए कैंपों में जाकर अपना पंजीकरण कराएं। लापरवाही बरतने वाले राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इसमें कृषि उत्पादों का सुविधाजनक वितरण, राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, फसली ऋण की आसान उपलब्धता और किसान क्रेडिट कार्ड का त्वरित वितरण शामिल है। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसानों को खाद और बीज जैसी आवश्यक चीजें भी नहीं मिलेंगी। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। इसके लिए वे अपने संबंधित गांव के लेखपाल या जनसेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

पेट की गैस से मुक्ति दिलाता है सुप्त पवनमुक्तासन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद के मुख्यालय स्थित कुबेर गंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि समस्त रोगों की पैदाइश पेट से प्रारंभ होती है। जब पेट में कब्ज रहता है, कब्ज के रोगियों के लिए विशेष गुणकारी योग पवनमुक्तासन के विभिन्न भाग हैं। सुप्तपवनमुक्तासन योग का एक प्रकार है। पवन का अर्थ है गैस अर्थात हवा और मुक्त का अर्थ है समाप्त होना अर्थात वह योग जो पेट की गैस से मुक्ति दिलाता है। मल निष्कासन में कठिनाई, उदर की कमजोरी के कारण होने वाला सर दर्द, रीढ़ को सशक्त बनाने वाला, हृदय विकार ठीक करने वाला, श्वास रोगियों के लिए विशेष लाभकारी है, चेहरे में तेज ओज बढाने वाला, बालों को असमय झड़ने से बचाने वाला, शरीर को छरहरा बनाने में पवनमुक्तासन बहुत ही सहायक सिद्ध है। इसे करने के लिए शवासन की स्थिति में सीधे लेट जाते हैं। दाएं पैर को घुटने से मोड कर जंधा को सीने की तरफ लाते हैं इसके बाद दोनों हाथों के पंजों को आपस में फंसा कर घुटनों पर रखकर श्वास बाहर निकालते हुए हाथों से दबाव देते हुए जंघा को सीने से चिपकाने की कोशिश करते हैं। सिर को ऊपर उठकर नाक से घुटने को स्पर्श कराते हैं। कुछ देर इसी स्थिति में ठहरते हैं फिर पैर को वापस लाकर शवासन में आते हैं। स्वास और आसन के प्रति सजग रहते हुए यही क्रिया दूसरे पैर से दोहराते हैं और दोनों तरफ से इसे 3 से 5 बार तक पैर बदलकर बारी-बारी से करते हैं और अंत में शवासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर सर्वाइकल दर्द में सिर ऊपर उठाकर घुटने से नहीं लगाते। क्रिया को धीरे-धीरे करने की कोशिश करते हैं।

हिमांशु को नियुक्त किया पैनल अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मुख्यालय के बलदाऊगंज निवासी शिक्षक गौरी शंकर द्विवेदी के पुत्र युवा अधिवक्ता हिमांशु द्विवेदी को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय समाजसेवियों और अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता का इजहार किया है। गौरतलब है कि अधिवक्ता हिमांशु द्विवेदी ने वर्ष 2021 से इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत शुरु की थी। वह वर्तमान समय में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने इंटर तक की शिक्षा चित्रकूट इंटर कालेज और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढाई की है। उनकी नियुक्ति पर विजय द्विवेदी, नितीश सोनी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अंकिता द्विवेदी, केशव सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, शिवम द्विवेदी, मनजीत गुप्ता, पीयूष शुक्ला, शुभम द्विवेदी, राजीव त्रिपाठी, सतेन्द्र दुबे व सोनू पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए आपातकाल के अनुभव

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सोमवार को राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति के तत्वावधान में महासंगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से आए सेनानियों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न राज्यों आए लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौर की परिस्थितियों को याद करते हुए नई पीढ़ी को लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराया तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन ने समाज में रचनात्मक कार्यों के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया। लोकतंत्र सेनानी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश राणा ने वर्तमान समय में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति किसी की आलोचना नहीं करती और सभी को सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। आपातकाल सेनानी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पांडेय ने कहा कि आपातकाल सेनानी समिति और राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति मिलकर भविष्य में संयुक्त रूप से कार्य करेंगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश आर्य ने समिति के उद्देश्य और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश राघव ने की। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी समिति के राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश आर्य, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. रतन कुमार पारीक, शीतल प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक नवल किशोर मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन, महाराष्ट्र के जगन्नाथ सहाने, उड़ीसा के सुशील पांडेय, बलिया के चंद्रशेखर सिंह, लखनऊ के ओंकार सिंह, बिहार के सांवलिया गिरी, मथुरा के आचार्य देवेंद्र चैतन्य आदि मौजूद रहे।

विश्व हिंदू महासंघ का 46 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार को नगर क्षेत्र के लोहिया पुल के समीप स्थित कान्हा कुंज में विश्व हिंदू महासंघ 46 वा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया साथ में विश्व हिंदू महासंघ की स्थापना 1980 में स्थापना की गई थी स्थापना करने वाले महंत ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज के द्वारा स्थापना की गई थी इस संगठन की स्थापना नेपाल देश में की गई थी जिसमें महिलाओं ने भी सहभागिता दिखाई।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रसंत अवैद्यनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित किया साथ ही उनको याद किया।इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि यह संगठन पूरे विश्व में कार्य कर रहा है और इस संगठन के माध्यम से हिंदू जनमानस की विभिन्न समस्याओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुद्दे रखे जाते हैं और हिंदू हित की बात की जाती है इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने सभी का अभिवादन किया साथ ही आगामी होने वाले कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी।जिलाध्यक्ष ने बताया कि 27 अप्रैल को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने हेतु एक भव्य रैली का आयोजन किया जाना है साथ ही प्रत्येक तहसील स्तर से एक साथ पूरे भारत भर में गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपे जाने का कार्य किया जाएगा जिससे गौवंशों की दुर्दशा जो वर्तमान में है उससे उन्हें निजात मिलेगा और उनकी स्थिति में सुधार होगा। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मातृशक्ति संतोष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जिला मंत्री रीना कश्यप जिला उपाध्यक्ष मालती दीक्षित जिला मंत्री शिवानी सिंह गौतम जिला प्रभारी सुरेश कान्हा जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रजापति जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति जिला उपाध्यक्ष मोंटू गुप्ता जिला उपाध्यक्ष नवीन प्रकाश गुप्ता नीतू जिला मंत्री रविंद्र सिंह जिला प्रवक्ता उमेश तिवारी जिला मंत्री राहुल सिंह ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार जिला मीडिया प्रभारी पूरन राय नगर अध्यक्ष ऋषभ कुमार विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष मटौंध मनुज त्रिपाठी बबेरू ब्लाक अध्यक्ष शिव प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों का हुआ मुफ़्त इलाज़

जन एक्सप्रेस । बांदा

रविवार को कस्बे के निजामीनगर स्थित फतेहगंज रोड़ पर न्यू जहांगीर हास्पिटल के शुभारंभ के अवसर पर स्व. इम्तियाज़ खान की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग तीन सौ मरीजों को डा.आई खान (सीनियर बाल रोग विशेषज्ञ), डा गुलरेज इक़बाल रहमानी (एमडी सीनियर फिजिशियन), डा. यश जायसवाल (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डा अमित कुमार (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ महेश चंद्र (फिजिशियन एवं सर्जन), डॉ आमिर हुसैन (जनरल फिजिशियन) डा आरजू खान (स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ) व डा. एजाज़ महबूब (बीडीएस डेंटल सर्जन) एवं कानपुर के वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रह कर जांच के उपरांत अपनी परामर्श व दवाएं दी।इसके पहले पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने अस्पताल उद्घाटन कर निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा क्षेत्र के पिछड़ेपन को देखते हुए महानगरों से आये हुए विशेषज्ञ डाक्टरों का निसंदेह क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिलेगा। अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय गांवों के लिए बेहतरीन इलाज़ व परामर्श हेतु निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना बहुत ही सुखद है। ऐसे आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों को बहुत बड़ा सहारा प्रदान करते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे अस्पताल खुलने से लोगों को सही समय पर सही इलाज़ मिल सकेगा जिससे क्षेत्रीय लोगों को धन व समय की बचत भी होगी। इस अवसर पर अस्पताल संचालक डॉ आमिर हुसैन व निशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजक मोहम्मद नईम खान ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त। इस मौके पर शमीम खान, हाजी जहीर खान, इस्माइल खान, साबिर खां चौहान शाहनवाज़ खान शानू, विजय कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

शुरू हुआ अंडर-14 के ट्रायल मैच का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर 14 के ट्रायल मैच सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में सदर विधायक प्रीतिनिधि रजत सेठ के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को प्रारंभ किया जिसमे टीम ब्लू ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में 273 रनो का टारगेट दिया ब्लू के बल्लेबाज अथर्व द्विवेदी ने 55 रन,कपिल ने 40 रन,युवराज 40 रन, और अनिरुद्ध नें 18 रनो का योग दान दिया,टीम ग्रीन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अविरल को 4 विकेट,और दिव्यकल्प 1 विकेट प्राप्त किया और टीम ग्रीन लक्ष्य का पीछा करते हुए 196 रन पर आल आउट हो गई ग्रीन टीम के बल्लेबाज विनायक 37 रन अविरल के नाबाद 38 रन,दिव्यकल्प के 28 रन और अयान के 10 रन ही बना सके,टीम ब्लू के गेंदबाज अनस के 2 विकेट, युवराज 2 विकेट,अथर्व को 1 विकेट लिया।टीम ग्रीन ने 77 रनो से यह मैच जीत लिया यहां से चयनित खिलाड़ी फतेहपुर जॉन के लिए प्रतिभाग करेंगे। यह मैच क्रिकेट कोच शिव प्रताप सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया।

रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में एमबीए के छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के एमबीए अंतिम वर्ष के 13 होनहार छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में अपनी प्रतिभा का दिखाई है। जिसमें केपी रिलायबल कंपनी में 13 छात्रों का चयन हुआ, जबकि एक छात्रा का चयन टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में चयन हुआ है। यह सफलता विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की अथक मेहनत और छात्रों की कड़ी तैयारी का प्रमाण है। कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करती है। रजिस्ट्रार मधुरेंद्र कुमार पर्वत ने भी छात्रों की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. रवि प्रकाश शुक्ला एवं विनीत पाण्डेय ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रोत्साहन और उद्योग जगत से मजबूत संबंधों के कारण छात्रों को शीर्ष कंपनियों तक पहुंचाने में सफलता मिली।

महिला आरक्षण कानून जल्द लागू करने की...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण कानून को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब इसे सच्ची भावना के साथ लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर सभी दलों से एकजुट होकर इस ऐतिहासिक संशोधन... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

जवाहर भवन में 'मलेरिया' नहीं भ्रष्टाचार का महावायरस

15 साल बिना ऑडिट, फर्जी बिलों से करोड़ों की बंदरबांट–सरकारी खजाना बना 'एटीएम'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के सत्ता गलियारों में एक ऐसा घोटाला उजागर हुआ है, जिसने स्वास्थ्य विभाग की साख पर ही सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। जवाहर भवन स्थित अपर निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी कार्यालय अब मलेरिया नियंत्रण का केंद्र कम और भ्रष्टाचार का अड्डा ज्यादा नजर आ रहा है। शिकायतकर्ता ने सीधे अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को पत्र भेजकर इस पूरे खेल की स्पेशल ऑडिट कराने की मांग की है–और जो आरोप लगाए गए हैं, वे चौंकाने ही नहीं, बल्कि सिस्टम की जड़ें हिला देने वाले हैं।

शिकायत में दावा

हर साल 5 से 8 लाख रुपये के फर्जी चिकित्सा बिल, विभागीय मिलीभगत से पास, बैंक खातों में अस्पताल भुगतान का कोई रिकॉर्ड नहीं! अगर यह सही है, तो यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं, बल्कि सरकारी खजाने की संगठित लूट है।

10 साल का हिसाब 2 दिन में 'क्लियर'

क्या ऑडिट टीम ने आंखें मूंद लीं या आंखें बंद कर दी गईं? शिकायतकर्ता की चुनौती– 'गलत साबित हुआ तो 10 हजार जुर्माना देने को तैयार ' शिकायतकर्ता ने महालेखाकार प्रयागराज से स्पेशल ऑडिट की मांग करते हुए कहा ?? आरोप गलत निकले तो 10,000 रुपये हर्जाना देने को तैयार यानी आरोप लगाने वाला भी अपने दावों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है।

सबसे बड़ा सवाल

अगर राजधानी के संवेदनशील स्वास्थ्य विभाग में 15 साल तक ऑडिट नहीं हुआ, फर्जी बिलों से लाखों की निकासी होती रही और सब कुछ 'नियमों' के नाम पर चलता रहा

15 साल 'अंधेरे' में दफ्तर

सबसे बड़ा खुलासा–15 वर्षों तक कोई नियमित ऑडिट नहीं! और जब 2026 में ऑडिट हुआ, तो पूरे 10 साल का हिसाब महज 48 घंटे में निपटा दिया गया।
अब सवाल उठता है–

- क्या ऑडिट हुआ या सिर्फ औपचारिकता निभाई गई?
- क्या अधिकारी इंसान थे या मशीन, जिन्होंने हजारों फाइलें दो दिन में 'निपटा' दीं?
- यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित मिलीभगत की बू देता है।

कर्मचारी पर 'भ्रष्टाचार सिंडिकेट' चलाने का आरोप

कार्यालय के एक कर्मचारी अमित शुक्ला (एलटी) पर आरोप है कि वह पिछले 18 वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं–और इस दौरान उन्होंने एक पूरा 'गैंग' खड़ा कर लिया। आरोपों के मुताबिक–

- अपने मूल कार्य (रक्त स्लाइड परीक्षण) से बचना
- जिलों को स्लाइड उपलब्ध कराने में बाधा डालना
- लिपिकीय काम में दखल देकर वित्तीय गड़बड़ियों को अंजाम देना
- यानी एक कर्मचारी, पूरे सिस्टम पर भारी!
- हर साल 5–8 लाख के फर्जी मेडिकल बिल–कागजों में इलाज, जेब में पैसा

'लोन रैकेट' + 'मेडिकल रैकेट' = भ्रष्टाचार का डबल इंजन

कार्यालय में दो समानांतर रैकेट चलने का आरोप
मेडिकल प्रतिपूर्ति रैकेट लोन रैकेट

खेल का तरीका

- फर्जी मेडिकल बिल से पैसा ? फाइनेंस कंपनियों का कर्ज चुकाने में इस्तेमाल
- यदि बिल और लोन की तारीखें मिलाई जाएं, तो पूरा खेल खुद उजागर हो सकता है।
- बिना काम वेतन, बिना टेंडर भुगतान–नियमों की खुलेआम हत्या
- अधीनस्थ चयन आयोग से आए लिपिकों को 6 महीने से बिना काम वेतन
- 20 हजार से ऊपर के काम बिना टेंडर/ जीइएम के सीधे भुगतान
- रिश्तेदारों की फर्मों को काम देकर बजट
- यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नियमों की खुलेआम हत्या है।
- ऑडिट टीम भी घेरे में–जांच या 'क्लीन चिट' का खेल?
- 2026 की ऑडिट टीम पर गंभीर सवाल
- वाउचर की जांच नहीं ● प्रक्रिया की समीक्षा नहीं

बेमौसम बारिश का कहर: सैकड़ों किसानों की फसल चौपट, मुआवजे पर सियासत गरम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आसमान से गिरी आफत ने खेतों में खड़ी उम्मीदें बहा दीं। बेमौसम बारिश ने जिले के सैकड़ों किसानों की मेहनत को चंद घंटों में तबाह कर दिया। गेहूं और सरसों की तैयार फसलें खेतों में ही बिछ गईं, जिससे किसान सीधे आर्थिक संकट के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं। इसी बीच किसान हितों की लड़ाई को लेकर सियासी सरगर्मी भी तेज हो गई है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विश्वास राज सिंह से प्रधान प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह की मुलाकात ने मुद्दे को और गरमा दिया। यह बैठक महज औपचारिक नहीं रही, बल्कि किसानों के दर्द और सरकार की जिम्मेदारी पर तीखा मंथन हुआ। बैठक में बेमौसम बारिश से हुए नुकसान को लेकर दोनों नेताओं ने सरकार पर सीधा दबाव बनाया। मांग की गई कि तत्काल राजस्व टीमों से सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को फौरन मुआवजा दिया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए, तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। सबसे बड़ी मार उन किसानों पर भी पड़ी है जिनका गेहूं बारिश से पहले कट चुका था। ऐसे किसानों को बाजार में उनकी उपज के उचित दाम नहीं मिल पाए, वहीं बारिश के कारण गेहूं से भूसा भी नहीं बन सका। इससे पशुपालक किसानों के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि जानवरों के चारे का संकट गहराने की आशंका साफ नजर आ रही है। धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने साफ कहा, 'किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा।' वहीं विश्वास राज सिंह ने भरोसा दिलाया कि किसानों की आवाज शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाई जाएगी। बैठक में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' पर भी चर्चा हुई, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई। बारिश ने खेत उजाड़े, अब मुआवजे की लड़ाई तेज–किसानों का सब्र जवाब दे रहा है।

संडीला में एलआईसी के 'सुपर परफॉर्मर्स' का जलवा, सम्मान के मंच से गूंजा संघर्ष का संदेश, 'मकान' का प्रमोशन भी चर्चा में

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

संडीला। संडीला विधानसभा क्षेत्र में रविवार को उस वक्त माहौल जोश और तालियों की गूंज से भर उठा, जब भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बरेली मंडल ने अपने टॉप अभिकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए भव्य समारोह आयोजित किया। लक्ष्य हासिल करने वाले अभिकर्ताओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया तो पूरे हॉल में गर्व और उत्साह का माहौल देखने लायक था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वक्ता ने मंच से साफ कहा– 'एलआईसी के अभिकर्ता सिर्फ पॉलिसी नहीं बेचते, वे परिवारों के भविष्य की सुरक्षा की गारंटी देते हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लक्ष्य हासिल करने वाले ये अभिकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं, जिनकी मेहनत से लाखों घरों में भरोसा कायम होता है। समारोह के दौरान सिर्फ सम्मान ही नहीं, बल्कि मनोरंजन और संदेश का भी संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि ने अपनी आगामी फिल्म 'मकान' का प्रमोशन करते हुए इसे आम आदमी के संघर्ष और सपनों की कहानी बताया। उन्होंने कहा कि 'यह फिल्म हर उस व्यक्ति की कहानी है, जो जिंदगी में अपने घर और पहचान के लिए लड़ रहा है।' फिल्म का जिक्र होते ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों में खासा उत्साह नजर आया।

अभिकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जवाब में मुख्य अतिथि ने भी मंच से आयोजकों और अभिकर्ताओं के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में अभिकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन ने यह साफ कर दिया कि संडीला में एलआईसी का नेटवर्क सिर्फ मजबूत ही नहीं, बल्कि लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

रक्षामंत्री पहुंचे विधानसभा, स्पीकर ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर आए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे। उनके आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। 24 वर्षों पश्चात विधानसभा आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां किए गए व्यापक नवाचारों, सुदृढ़ व्यवस्थाओं तथा आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की। दोपहर लगभग 12 बजे विधानसभा पहुंचे राजनाथ सिंह ने सर्वप्रथम डिजिटल गैलरी का अवलोकन किया, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवमयी इतिहास पर आधारित एक विशेष फिल्म देखी। इस फिल्म के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध लोकतांत्रिक परंपरा, ऐतिहासिक निर्णयों और विधायी विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने इस पहल को युवा पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में किए गए ये नवाचार जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, विधायी कार्यों में पारदर्शिता, प्रभावशीलता बढ़ेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा परिसर में विकसित सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने हेलिकॉप्टर अनुभव, आधुनिक गलियारों तथा नवीन व्यवस्थाओं को देखा और उनके सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की सराहना की। भ्रमण के दौरान उन्होंने समिति कक्ष, टंडन हाल, सुसज्जित दर्शक दीर्घा, मंडप कक्ष, गैलरी में प्रदर्शित महापुरुषों के चित्रों का अवलोकन किया। उन्होंने नवीनीकृत मीडिया कक्ष, ऐतिहासिक महत्व के भित्ति चित्रों को देखा। उन्होंने कहा कि इन सभी व्यवस्थाओं से विधानसभा की गरिमा और कार्यक्षमता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने भव्य प्रवेश द्वार और समग्र परिसर के सुदृढ़ एवं आकर्षक स्वरूप की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ एक डिजिटल आत्म-चित्र लिया, जो इस महत्वपूर्ण अवसर की स्मृति का प्रतीक बना। राजनाथ सिंह को उत्तर प्रदेश विधानसभा में दिए गए महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन पर आधारित एक विशेष पुस्तक भेंट की गई। इस पुस्तक में प्रदेश की विधायी परंपराओं, ऐतिहासिक बहसों और महत्वपूर्ण निर्णयों का विस्तृत संकलन प्रस्तुत किया गया है। रक्षा मंत्री ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा ने परंपरा और आधुनिकता का उत्कृष्ट संतुलन स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि श्री महाना के प्रयासों से विधानसभा न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हुई है, बल्कि यह जनहितकारी विधायी कार्यों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में विकसित हो रही है।

महिगवां थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से किया जाता है मिट्टी खनन, पुलिस व खनन विभाग मौन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के महिंगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगदी गांव सरावां गांव में बीते दिनों अवैध खनन किया गया, खनन माफियाओं ने सैकड़ो ट्राली मिट्टी खोद डाली गई है। वहीं एक किसान के खेत से मिट्टी खोदी गई, लेकिन पुलिस व राजस्व विभाग अनजान बने हुए हैं। स्थानीय सूत्रों की माने तो, खनन विभाग के अधिकारी, तहसील के राजस्व टीम व स्थानीय पुलिस इसमें मौन धारण किए हुए हैं, जिस कारण धड़ल्ले से क्षेत्र में मिट्टी खनन किया जा रहा है और राजस्व विभाग को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बीकेटी तहसील के राजस्व के अधिकारी ध्यान देते हैं और ना ही क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो और पुलिस की नाक के नीचे मिट्टी खनन जारी रहता है। महिगवां थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से मिट्टी खनन का कार्य किया जाता है।

जमीनी विवाद में जमकर हुई मारपीट, एक व्यक्ति बुरी तरह घायल, पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमखनवां गांव निवासी बालक उर्फ धर्मेंद्र पुत्र स्व गया प्रसाद निवासी ग्राम जमखानवा को 10-4-2026 को प्रात लगभग 12 बजे के बीच विपक्षी गणों द्वारा करीब 15 से 10 अज्ञात लोगों के साथ धारदार हथियार, लाठी डंडों और लोहे की राड से बालक पर हमला कर दिया। जिसमें बालक की आंख फूट गई और गंभीर रूप से आंख में चोट आई है। वहीं बालक ने बताया कि मेरे चाचा लासादिन को बहुत मारा है और जिससे उनके कान फट गया है। वहीं परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। इटौंजा पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वही इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि दो पक्षों में आपस में लड़ाई झगड़ा हुआ है। जिसमें एक व्यक्ति बालक को आंख में चोट आई है, पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

पारस हॉस्पिटल ने संजय सिंह को टीबी का मरीज बताकर वसूले 8 लाख रुपए, पुलिस व चिकित्सा अधिकारी से शिकायत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में स्थित पारस हॉस्पिटल के खिलाफ इलाज में गंभीर लापरवाही और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। पीड़ित मरीज संजय सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ पुलिस और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले को लेकर पूरे इलाके में लोगो के बीच तेजी से चर्चा बनी हुई है। जिसको लेकर जमकर बवाल मचा हुआ है। बता दें कि लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में स्थित पारस हॉस्पिटल के खिलाफ इलाज में गंभीर लापरवाही और धोखाधड़ी के आरोप लगने की खबर उजागर हुई है। बताया जा रहा है कि,पीड़ित मरीज संजय सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ पुलिस और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले को लेकर पूरे इलाके में लोगो के बीच तेजी से चर्चा बनी हुई है। जिसको लेकर जमकर बवाल मचा हुआ है। पीड़ित संजय सिंह का आरोप है कि, जब वह खुद की जांच कराने के लिए पारस हॉस्पिटल गए थे। तब उन्हें टीबी का मरीज बताकर गलत इलाज शुरू किया। उसके बाद में जब पीड़ित सरकारी अस्पताल जांच कराने पहुंचा। तब उसको यह मालूम हुआ कि,उसको टीवी जैसे कोई गंभीर बीमारी नहीं है। जिसके बाद पीड़ित को सारी बातें समझ मैं आ गई कि,कैसे पारस हॉस्पिटल वालो ने सिर्फ पैसे के लिए उनको टीबी का मरीज बताया था,ताकि,वह पीड़ित से मोटी रकम उसूल सके। यह बेहद ही शर्म की बात है कि,पैसो के लालच मै इतना बड़ा धोखा कोई कैसे दे सकता है। गलत इलाज और दवाओं के कारण मरीज का ब्लड प्रेशर अत्यधिक बढ़ गया। जिसके परिणामस्वरूप उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है। पीड़ित से इलाज के नाम पर अस्पताल प्रबंधन ने लगभग 8 लाख रुपये वसूले है। जिसको लेकर पीड़ित के द्वारा न्याय की मांग के साथ अस्पताल प्रबंधन पर सख्ती से एक्शन लेने की बात कही जा रही है। ताकि,अगली बार किसी और मरीज के साथ ऐसी घटना न घटे। वहीं पीड़ित ने लखनऊ पुलिस और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अस्ताल का लाइसेंस रद्द करने और दोषी डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित और उनके साथियों ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सीतापुर हाईवे स्थित अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। लखनऊ में निजी अस्पतालों की लापरवाही के ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं, जिनमें सीएमओ कार्यालय ने जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले को लेकर पुलिस ने संज्ञान लिया है और पीड़ित के आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

इटौंजा में देर रात पुलिस गश्त, कस्बा और बाहरी इलाकों में बढ़ाई गई निगरानी, सूरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी अमेरिका इटौंजा थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस ने सड़कों पर उतरकर गश्त की। इस दौरान इटौंजा कस्बा के साथ-साथ बाहरी इलाकों में भी पुलिस की सक्रियता देखी गई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पैदल गश्त कर संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। वहीं पुलिसकर्मियों ने विभिन्न चौकियों पर तैनात ड्यूटी कर्मियों की जांच की और उनकी सतर्कता परखी। इटौंजा माल रोड, महोना रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यहां दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उनकी गहनता से जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। साथ ही, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। गश्त के दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों से जनसंवाद भी किया। पुलिसकर्मियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनकी राय जानी। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करना था। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि यह अभियान उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझा जाता है और इससे सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकता है। देर रात तक चले इस अभियान से यह स्पष्ट है कि पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। कस्बा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र इलाकों में बढ़ाई गई निगरानी से अपराधियों में भय और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

---

49 बस स्टेशनों का होगा विश्वस्तरीय पुनर्विकास

- पीपीपी मॉडल पर फेज–2 परियोजना को मंजूरी, यात्रियों को मिलेंगी आधुनिकसुविधाए
- डीबीएफओटी मॉडल पर सरकारी पूंजी के बिना होगा विकास
- स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल सुविधाओं से लैस होंगे बस टर्मिनल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी की पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी मॉडल पर फेज-2 बस स्टेशन विकास परियोजना को स्वीकृति मिल गई है, जिसके तहत प्रदेश के 49 प्रमुख बस स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इन बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय एवं बहुउद्देश्यीय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना के अंतर्गत शीघ्र ही डेवलपर्स के चयन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक होगी।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत बनने वाले इन बस स्टेशनों में स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल सूचना प्रणाली की बेहतर व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और सहायक सेवाओं को भी शामिल किया जाएगा, जिससे स्मार्ट और टिकाऊ अवसंरचना विकसित की जा सके। उन्होंने बताया कि यह परियोजना डीबीएफओटी डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर ढांचे पर आधारित होगी, जिसमें राज्य सरकार पर कोई प्रत्यक्ष पूंजीगत व्यय नहीं आएगा। निजी निवेश के माध्यम से बस स्टेशनों का विकास किया जाएगा, जबकि भूमि का स्वामित्व निगम के पास रहेगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और शहरी विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन अवसंरचना के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

एडीएम की अध्यक्षता में पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में पेट्रोलियम गैस (एल0पी0जी0) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के हेतु उनके कक्ष में एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल0पी0जी0) के प्रारम्भिक स्टाक/आमद/वितरण एवं अवशेष की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि जनपद में 15758 एल0पी0जी0 घरेलू गैस सिलेण्डर स्टॉक में उपलब्ध हैं, जिसमें से तदसमय तक 7683 घरेलू गैस सिलेण्डर की बिक्री के उपरान्त 7075 एल0पी0जी0 घरेलू गैस सिलेण्डर स्टॉक में अवशेष हैं। तत्पश्चात विक्रय अधिकारियों (एल0पी0जी0) से एल0पी0जी0 गैस के वितरण के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि जनपद में गैस रिफिल डिलीवरी का बैकलॉग लगभग 06 दिवस का है। जनपद में एल0पी0जी0 घरेलू गैस की कमी नहीं है। तत्पश्चात गैस एजेन्सियों पर एकत्र हो रही भीड़ के सम्बन्ध में पृच्छा की गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि गैस एजेन्सियों पर गैस रिफिल प्राप्त करने के अतिरिक्त केवाईसी कराने एवं गैस बुकिंग पर्ची निर्गत कराने हेतु उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो रही है अपर जिलाधिकारी ने इसके दृष्टिगत समस्त विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्व में बैठक में समस्त विक्रय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त गैस एजेन्सियों पर केवाईसी, गैस बुकिंग पर्ची निर्गत करने हेतु पृथक-पृथक काण्डटर की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए, का समस्त विक्रय अधिकारी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि समस्त गैस एजेन्सियों पर गैस रिफिल के बैकलॉग की सूचना ए4 साइज में दैनिक रूप से चस्पा कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को जानकारी हो सके कि किस तिथि को बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस रिफिल प्राप्त हो रही है, इसी प्रकार दैनिक रूप से जिस तिथि का बैकलॉग हो, उसकी सूचना आवश्यक रूप से चस्पा करायी जाये, जिससे उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी हो सके और गैस एजेन्सियों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र न हो अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त गैस एजेन्सियों पर गर्मी/धूम के दृष्टिगत छाँव एवं पीने हेतु स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। समस्त गैस वितरक यथा सम्भव गैस रिफिल की होम डिलीवरी करना सुनिश्चित करें, ताकि गैस एजेन्सियों पर अनावश्यक उपभोक्ताओं की भीड़ एकत्र न हो। नॉन केवाईसी हेतु उपभोक्ताओं की सूची निकालकर केवाईसी हेतु उन्हें संसूचित करें। समस्त गैस एजेन्सियों पर 'केवाईसी निःशुल्क है' का पोस्टर/बैनर चस्पा कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी हो और शत्-प्रतिशत केवाईसी का कार्य पूर्ण हो सके। अपर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान एवं ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिए कि होटल/रेस्टोरेन्ट/ढाबा आदि प्रतिष्ठानों, शादी/विवाह कार्यक्रमों, शैक्षणिक सस्थानों/चिकित्सालयों तथा अन्य संस्थानों को ऑयल कम्पनी की गाइड लाइन्स के अनुसार एल0पी0जी0 की निर्बाध रूप से नियमानुसार आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

नरहरपुर में अम्बेडकर प्रतिमा विवाद पर सख्ती

19 नामजद, 9 जेल भेजे गए, गांव में पीएसी तैनात

- खाल निकासी हेतु सुरक्षित भूमि पर प्रतिमा स्थापना को लेकर बवाल, पुलिस कार्रवाई से गांव में दहशत

जन एक्सप्रेस । अमेठी

रामगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में सुरक्षित राजस्व भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर उत्पन्न विवाद ने शनिवार को उग्र रूप ले लिया प्रशासनिक अनुमति न मिलने के बावजूद प्रतिमा स्थापना के प्रयास के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच टकराव पत्थर बाजी तथा हंगामे की घटना सामने आई।मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित 19 लोगों को नामजद करते हुए 40 से 50 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।इनमें से नौ आरोपियों को गिरफ्तारकर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र पीएसी और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है,कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं।एवं क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।जानकारी के अनुसार विवादित भूमि राजस्व अभिलेखों में पशुओं की खाल निकालने के लिए सुरक्षित दर्ज है। ग्रामीणों की ओर से उक्त स्थल पर आंबेडकर प्रतिमा स्थापना की अनुमति मांगी गई थी,किंतु जांच के बाद प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था।इसके बावजूद कुछ लोगों ने प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया, जिससे विवाद भड़क उठा।पुलिस के अनुसार भीड़ द्वारा पथराव किए जाने से थाना प्रभारी और एक उप निरीक्षक घायल हुए।हालात बिगड़ने पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा।वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।और आगे भी गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।गांव में चल रही पुलिस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में भय और बेचैनी का माहौल है।कई ग्रामीणों ने निर्दोष लोगों को परेशान न किए जाने की मांग उठाई है।वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है,कि केवल साक्ष्यों के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है।और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी।

एक्सप्रेस खबरें...

रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठकी कार्यकारिणी का हुआ गठन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी (शिक्षक प्रकोष्ठ) की कार्यकारिणी का हुआ गठन जिसमे चन्द्रिका प्रसाद तिवारी बाबू लाल,पारसनाथपाण्डेय-उपाध्यक्ष, नेहा सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, पंकज कुमार त्रिवेदी, विवेक द्विवेदी, संदीप सिंह, अनुराग सिंह, रविन्द्र शुक्ला- महासचिव, सलोमी, शाहबाज़ आलम खान, संदीप यादव, भीम, आरिफ़ - सचिव, हाजी उस्मान, सूर्य कुमार बाजपेई, महेश प्रसाद शर्मा, शैलजा सिंह राठौर- संरक्षक, मोहम्मद शाहिल एवं शैलेन्द्र तिवारी कार्यकारिणी सदस्य 7 इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (शिक्षक प्रकोष्ठ) के अध्यक्ष अमित कुमार राय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी 7 इंजीनियर के. सी. शुक्ला ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमित कुमार राय एवं रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी को धन्यवाद की ज्ञापित किया एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एसआईआर मतदाता सूची का किया निरीक्षण: किरन देवी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली। रायबरेली मतदाता सूची जारी होने पर आज अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोंन विधानसभा के डीह ब्लॉक के विभिन्न बूथों पर पहुंची अमेठी कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष व ,,दिशा ,,रायबरेली की सदस्य किरन देवी जी ने मतदाता सूची की जांच की कांग्रेस नेता ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों का नाम किसी कारण वश छूट गया है वो लोग स्थानीय क्च्ह्र व कांग्रेस पार्टी के द्वारा बनाए गए क्चरु2 से मिलकर फार्म 6 के तहत् अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें वहीं यदि किसी कारण वश किसी के नाम में कोई त्रुटि हुई हो तो फार्म 8 भरकर अपना नाम संशोधन करवा लें जिससे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें किरन देवी ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची की जांच कर ले जिससे कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो।इस अवसर पर महेन्द्र सिंह, बबलू मिश्रा, राकेश निर्मल, राजीव त्रिपाठी सहित आदि लोग साथ रहे।

तुलसीपुर विधायक ने किया निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर विधानसभा से विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने रविवार को अपने क्षेत्र के मथुरा चौधरी डीह मार्ग पर बन रायपुर का निरीक्षण किया ।उन्होंने पुल में प्रयुक्त सामग्री की जांच की तथा मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण निर्माण समय से पूरा करने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कोड़री मथुरा चौधरी डीह मार्ग पर दरगाह के पास बन रहे कलवर्ट पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि पुल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस पुल से पानी का बहुत तेज प्रवाह रहता है, इसलिए किसी प्रकार की कमी घातक सिद्ध होगी। मौके पर मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को उन्होंने मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया ।इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता जन्मेजय सिंह, जगदीश पासवान, तरुण तिवारी व भारत शुक्ला सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

रक्तदान महाभियान के जरिए हुई मानवता की सेवा

जन एक्सप्रेस। आजमगढ़। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा रविवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में एक भव्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस महाभियान में युवाओं, महिलाओं एवं समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नन्हकू राम वर्मा, डॉ. पूनम तिवारी, अशोक अग्रवाल, रजनीश श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल एवं डॉ. अलका सिंह द्वारा रामदरबार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों ने रक्तदान को 'महादान' बताते हुए इसे मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताया। समिति के अध्यक्ष अरविंद मोदनवाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अरविंद मोदनवाल ने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। समिति भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य करती रहेगी। ब्लड बैंक के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, जिससे गंभीर मरीजों और दुर्घटना पीड़ितों को समय पर सहायता मिल पाती है। सीएमओ डॉ. नन्हकू राम वर्मा, डॉ. पूनम तिवारी, अशोक अग्रवाल एवं सुभाष पांडे सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को समिति द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, आशीष गुप्ता (भाजपा), शिखा पाण्डेय, निषाद एवं आकाशदीप सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

डॉ.भीमराव अंबेडकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हजारों मरीज ने कर इलाज करवाया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

- 1461 मरीजों का आठ शिविर में 37 डाक्टर ने चिकित्सा परामर्श दिया

रायबरेली डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा सेवा भारती हुआ नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में आठ स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ल ने बताया किसुबह 9 बजे से शुरू हुआ इस स्वास्थ्य शिविर में 1461 मरीजों ने अपना इलाज करवाया व चिकित्सकों से परामर्श लिया संघ के सह जिला सेवा प्रमुख राकेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कि 10 शाखा के 87 स्वयंसेवको ने भाग लिया शिविर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के साथ भारत माता का चित्र लगाया गया, विभाग प्रचारक डाक्टर अमित रजावत, विभाग कार्यवाह ऊधम जयसवाल, विभाग संघ चालक अमरेश बहादुर सिंह, बलराम अवस्थी जिला कार्यवाह अमित नगर कार्यवाह शिवा नन्द नगर प्रचारक अनुज ने अलग अलग स्थानों पर पुष्प अर्पित कर शिविर का उद्घाटन कर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया क्योंकि उन्होंने निम्न स्तर की बस्तियों में सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी और उन्हें प्रमुख धारा से जोड़ने का अभियान चलाया था जिससे प्रेरित होकर सेवा भारती ने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया है द्यशिविर एम्स रायबरेली के दो दर्जन डाक्टरों ने अपनी सेवाएं दीशिविर में डाक्टर पूजा द्विवेदी, मनीष त्रिवेदी डाक्टर सुमेधा रस्तोगी डाक्टर संजय रस्तोगी, डाक्टर ज्ञानेंद्र सिंह , डाक्टर सिद्धांत सिंह, डाक्टर शिवाकांत त्रिपाठी सहित एम्स रायबरेली के डाक्टर सहभागिता किया शहर में चतुभुजपुर बहराना शक्ति नगर अहिया रायपुर किला बाजार जैतपुर गांधीनगर व मुंशीगंज मे इस वक्त सिविल का आयोजन करवाया गया है जिसमें विभिन्न बीमारियों से संबंधित इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे द्य सेवा भारती के शेखर शुक्ला, सुरेश गुप्ता गजेन्द्र मौर्य, अंजली शुक्ला, साधना शर्मा, सत्य भामा शुक्ला,नीरज गुप्ता रवि त्रिवेदी, अलग-अलग शिविर कि व्यवस्था संभाली इस स्वास्थ्य शिविर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का विशेष योगदान रहा जिसके अध्यक्ष डॉ रजत सुभ्रा दास ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में सेवा कार्य को प्रेरित करते हैं जिसका लाभ उसे स्टार के लोग प्राप्त करते हैं जो चिकित्सक की महंगी फीस नहीं दे पाते या फिर जो अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक नहीं है खासकर महिलाएं और बच्चे जानकारी की अभाव में यह लोग समय से इलाज नहीं करवा पाए जिससे बीमारी का इलाज हो जाती है और बड़ी हो जाती है ऐसे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से उन्हें जागरूक किया जाता है सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया उन्होंने बताया कि संगठन का सेवा कार्य से जुड़कर उसे आगे बढ़ना सामाजिक दायित्व है जिसका निर्वाहन करना चाहिए

एफडीडीआई फुरसतगंज में पुरातन छात्र सम्मेलन, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई

ALUMNI MEET-2026
13th April 2026

जन एक्सप्रेस । अमेठी

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय महत्व के संस्थान एफडीडीआइ फुरसत गंज में रविवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया।गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित सम्मेलन में देशभर में कार्यरत संस्थान के 25 से अधिक पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया।सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि एफडीडीआइ के छात्रों की फुटवियर फैशन एवं रिटेल उद्योग में अत्यधिक मांग है।उन्होंने कहा कि संस्थान के उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के कारण यहां के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने कहा कि संस्थान के छात्र फुट वियर फैशन एवं रिटेल उद्योग में कार्य कर इस क्षेत्र को नई पहचान दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि हमारे छात्र ही संस्थान के वास्तविक ब्रांड एम्बेसडर हैं।तथा किसी भी शैक्षणिक संस्थान की पहचान उसके छात्र समुदाय से होती है।उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने बारहवीं अथवा स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की तलाश में हैं,उनके लिए एफडीडीआइ में प्रवेश का सुनहरा अवसर है।संस्थान की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा आवेदन पत्र 30 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे।इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होकर अपनी रुचि के अनुसार रोजगार परक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का एमएलके कॉलेज सभागार में समापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस मिशन वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का विधिवत समापन रविवार को हुआ। संगोष्ठी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सहयोगियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ आर बी श्रीवास्तव, मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा व आई क्यू ए सी के कोऑर्डिनेटर प्रो0 एस पी मिश्र ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया । डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। उपस्थित प्रतिनिधियों एवं शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (ढ्ढक्क्र) और भारतीय संस्कृति एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं, जहाँ ढ्ढक्क्र पारंपरिक ज्ञान, कला और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को आधुनिक कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। यह पारंपरिक ज्ञान के अनधिकृत उपयोग को रोककर सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करता है। भारत में भौगोलिक संकेत (त्नढ्ढ हुड्डद्दह्य) के माध्यम से संस्कृति और बौद्धिक संपदा का अनूठा संगम देखने को मिलता है। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ आर बी श्रीवास्तव ने कहा कि पारंपरिक लोककथाओं, संगीत, और कला की रक्षा के लिए बौद्धिक संपदा कानून काम करते हैं, जो सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक ज्ञान, जैसे योग, आयुर्वेद, और हस्तकला, भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। बौद्धिक संपदा के तहत, जैसे पेटेंट और ट्रेडमार्क, इस ज्ञान को गलत इस्तेमाल से बचाने के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो0 एस पी मिश्र ने सेमिनार के आयोजन के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संगोष्ठी के सह कोऑर्डिनेटर प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी,प्रो0 अशोक कुमार, समन्वयक डॉ सद्गुरु प्रकाश,आयोजन सचिव डॉ बजरंगी लाल गुप्त ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ राम रहीस ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी में डॉ राम रहीस,डॉ बसंत कुमार एवं लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने रिपोर्टियर की भूमिका का निर्वहन किया। संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान से किया गया। संगोष्ठी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सहयोगियों एवं वालेंटियर को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार, डॉ ओमप्रकाश सिंह, डॉ आर बी त्रिपाठी व सुशील मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

अवैध खुदाई से कमजोर हुई नहर पटरी, हार्वेस्टर पलटी, बड़ा हादसा टला

- भेलाई कला में खनन माफियाओं पर ग्रामीणों का आरोप, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलाई कला में शाहमऊ रजबहा नहर की पटरी से कथित अवैध मिट्टी खनन के चलते बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नहर पटरी कमजोर होने के कारण गेहूं की फसल काटकर लौट रही हार्वेस्टर मशीन अचानक धंस गई और नहर में पलट गई।घटना के समय चालक ने किसी तरह कूदकर जान बचाई।ग्रामीणों का आरोप है कि नहर पटरी से लंबे समय से जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है,जिससे पटरी पूरी तरह कमजोर और जर्जर हो चुकी है।इसी कारण यह दुर्घटना हुई।घटना तिलोई तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि खननमाफियाओं की मनमानी के चलते सार्वजनिक संपत्ति को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है,लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन बना हुआ है।ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन में लिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त नहर पटरी की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है,ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

तनु सोनी डिग्री स्तर पर राज्य स्तरीय प्रवीणता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का बढाया मान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर की छात्रा तनु सोनी ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की राज्य स्तरीय प्रवीणता सूची में डिग्री स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गायत्री परिवार के सथ-साथ जिले का मान बढ़ाया है । गायत्री शक्तिपीठ द्वारा 12 अप्रैल को मिली जानकारी के अनुसार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या में शान्तिकुंज प्रतिनिधि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के राष्ट्रीय समन्वयक रामजस तिवारी तथा अयोध्या जोन प्रभारी देशबन्धु तिवारी के निर्देशन में देव पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। गायत्री परिवार मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश से सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कक्षा 5 से डिग्री स्तर तक राज्य स्तरीय प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले 30 मेधावियों में जनपद बलरामपुर की डिग्री स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले के साथ साथ गायत्री परिवार का मान बढाया। शान्तिकुंज प्रतिनिधि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के राष्ट्रीय समन्वयक राम जस तिवारी ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महापुरुषों के आदर्श को जीवन में अपनाने में अच्छे संस्कार को जीवन में उतारने की बात कही। गायत्री परिवार अयोध्या जोन प्रभारी देशबन्धु तिवारी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये हुए शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माण की धुरी है, उन्होंने कहा कि अध्यापक युग निर्माता, छात्र राष्ट के भाग्य विधाता है। इसके बाद सभी मेधावियों का शान्तिकुंज प्रतिनिधि व अयोध्या जोन प्रभारी द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व साहित्य भेट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद बलरामपुर की डिग्री स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तनु सोनी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व साहित्य भेट कर सम्मान किया गया साथ ही साथ उसके अभिभावक चन्द्र शेखर सोनी, एम एल के पीजी कालेज के मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ स्वदेश भट्ट, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ दिलीप कुमार श्रीवास्तव व भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बलरामपुर सचिव शिव कुमार कश्यप को गायत्री मंत्र दुपट्टा, गायत्री मंत्र पट्टिका व साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शान्तिपाठ के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद बलरामपुर से दिलीप कुमार श्रीवास्तव, शिवकुमार कश्यप, सुनील वर्मा, एम एल के पीजी कालेज मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष डा स्वदेश भट्ट सम्मिलित हुए।

नाजायज 08 ग्राम हेरोइन के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़

उ0नि0 अभिषेक सिंह मय हमराही पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में देखभाल क्षेत्र, वांछित अपराधियों की तलाश व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग में मामूर थे। इसी दौरान नन्दांव मोड़ पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खानकाह से गाहूखोर जाने वाले मार्ग पर रेलवे पटरी के किनारे एक व्यक्ति नाजायज हेरोइन के साथ बैठा हुआ है। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी फूलपुर श्री किरणपाल सिंह को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मनीष सोनकर पुत्र श्यामलाल उर्फ तेजू सोनकर निवासी पूनापोखर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक सफेद पॉलिथीन में कुल 08 ग्राम नाजायज हेरोइन बरामद हुई, जिसकी पुष्टि इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कर की गई। बरामदगी के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत न कर पाने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 94/2026 धारा 8/21 हृष्ठक्क्र एक्ट थाना सरायमीर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि वह अपनी सफाई माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी पाया गया है, जिसमें पूर्व में हृष्ठक्क्र एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

वास्तु दोष दूर करता है मोरपंख

मोर बेहद खूबसूरत पंछी है। ज्योतिष, वास्तु, धर्म, पुराण और संस्कृति में मोर का अत्यधिक महत्व माना गया है। मोर पंख घर में रखने से अमंगल टल जाता है। आइए जानें 25 अनूठी बातें मोर पंख के बारे में.

- मोर, मयूर, पिकॉक कितने खूबसूरत नाम है इस सुंदर से पक्षी के। जितना खूबसूरत यह दिखता है उतने ही खूबसूरत फायदे इसके पंखों के भी हैं। हमारे देवी -दवताओं को भी यह अत्यंत प्रिय है। मां सरस्वती, श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी, इन्द्र देव, कार्तिकेय, श्री गणेश सभी को मोर पंख किसी न किसी रूप में प्रिय हैं। पौराणिक काल में महर्षियों द्वारा इसी मोरपंख की कलम बनाकर बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गए हैं।
- मोर के विषय में माना जाता है कि यह पक्षी किसी भी स्थान को बुरी शक्तियों और प्रतिकूल चीजों के प्रभाव से बचाकर रखता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपने घरों में मोर के खूबसूरत पंखों को लगाते हैं।
- मोर पंख की जितनी महत्ता भारत के लोगों के लिए है शायद ही किसी अन्य देश के लोगों के लिए हो। हमारे यहां माना जाता है कि मोर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सबसे प्रभावशाली है।
- हालांकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पश्चिमी देशों के लोग मोरपंख को दुर्भाग्य का सूचक मानते थे। लेकिन मोर पंख की शुभता का अनुभव होने के बाद उसे शुभ चिन्ह के रूप में स्वीकार कर लिया गया।
- ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार मोर को 'हेरा' के साथ संबंधित किया जाता है। मान्यता के अनुसार आर्गस, जिसकी सौ आंखें थीं, उसके द्वारा हेरा ने मोर की रचना की।
- यही वजह है कि ग्रीक लोग मोर के पंखों को स्वर्ग और सितारों की निगाहों के साथ जोड़ते हैं।
- हिंदू धर्म में मोर को धन की देवी लक्ष्मी और विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़कर देखा जाता है।
- लक्ष्मी सौभाग्य, खुशहाली और धन धान्य व संपन्नता के लिए पूजी जाती हैं। मोर के पंखों का प्रयोग लक्ष्मी की इन्हीं विशेषताओं को हासिल करने के लिए किया जाता है। मोर पंख को बांसुरी के साथ घर में रखने से रिश्तों में प्रेम रस घुल जाता है।
- एशिया के बहुत से देशों में मोर के पंखों को अध्यात्म के साथ संबंधित किया जाता है। क्वान-यिन जो कि अध्यात्म का प्रतीक है का मोर से खास रिश्ता माना गया है। क्वान यिन : क्वान-यिन प्रेम, प्रतिष्ठा, धीरज और स्नेह का सूचक है। इसलिए संबंधित देशों के लोगों के अनुसार मोर पंख से नजदीकी अर्थात क्वान-यिन से समीपता मानी गई है।
- अगर आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो अपने शयनकक्ष में मोरपंख रखें, इससे पति पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है।
- यदि शत्रुता समाप्त करनी हो या कि शत्रु तंग कर रहे हो, तो मोरपंख पर हनुमान जी के मस्तक के सिंदूर से उस शत्रु का नाम मंगलवार या शनिवार रात्रि में लिखकर उसे घर के पूजा स्थल में रखें व सुबह उठकर उसे बहते पानी में प्रवाहित कर आएं।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर की दक्षिण दिशा में स्थित तिजोरी में खड़ा करके रखने से कभी भी धन की कमी नहीं होती है।
- राहु का दोष होने पर मोरपंख घर की पूर्वी और उत्तर पश्चिम की दीवार पर लगाएं।
- अगर आपके घर में मोरपंख है तो आपके घर में कोई भी बुरी शक्ति प्रवेश नहीं कर पाती है। यह घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर में रखने से आपके घर के सारे दोष दूर हो जाते है।
- यदि मोर का पंख घर के पूर्वी और उत्तर-पश्चिम दीवार में या अपनी जेब व डायरी में रखा हो तो राहू कभी भी परेशान नहीं करता है। मोरपंख की पूजा करें या हो सके तो उसे हमेशा अपने पास रखें। मोरपंख को घर में रखने से परिवार के सदस्यों की सेहत भी अच्छी रहती है।
- ग्रहों के अशुभ प्रभाव होने पर मोरपंख पर 21 बार ग्रह का मंत्र बोलकर पानी का छींटे दें, और इसे श्रेष्ठ स्थान पर स्थापित करें जहां से यह दिखाई दे।
- आर्थिक लाभ के लिए किसी मंदिर में जाकर मोरपंख को राधा कृष्ण के मुकुट में लगाएं और 40 दिन बाद इसे लॉकर या तिजोरी में रख दें।
- बुरी नजर से बच्चों को बचाने के लिए नवजात बालक को मोरपंख चांदी के ताबीज में पहनाएं।
- घर के मुख्य द्वार पर 3 मोरपंख लगाकर ॐ द्वारपालाय नम : जाग्रय स्थापयै स्वाहा मंत्र लिखें और नीचे गणेश जी की मूर्ति लगाएं।
- आग्नेय कोण में मोरपंख लगाने से घर के वास्तु दोष को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा ईशान कोण में कृष्ण भगवान की फोटो के साथ मोरपंख लगाएं।
- बौद्ध धर्म के अनुसार मोर अपनी अपने सारे पंखों को खोल देता है, इसलिए उसके पंख विचारों और मान्यताओं में खुलेपन का ही प्रतीक माने जाते हैं।
- ईसाई धर्म में मोर के पंख, अमरता, पुनर्जीवन और अध्यात्मिक शिक्षा से संबंध रखते हैं।
- इस्लाम धर्म में मोर के खूबसूरत पंख जन्नत के दरवाजे के बाहर अद्भुत शाही बगीचे का प्रतीक माने जाते हैं।
- यह भी विशेष गौर करने लायक तथ्य है कि घरों में मोरपंख रखने से कीड़े-मकोड़े घर में दाखिल नहीं होते।

सुंदर कांड देता है मन को शांति, बढ़ाता है शुभ ऊर्जा

महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पर आधारित महाकाव्य श्रीरामचरितमानस का पंचम सोपान है सुंदर कांड। इसमें रामदूत, पवनपुत्र हनुमान का यशोगान किया गया है, इसलिए सुंदर कांड के नायक श्री हनुमान को माना जाता हैं।

सुंदर कांड का पाठ मन को शांति देने तथा शुभ ऊर्जा बढ़ाने का काम करता है। सुंदर कांड का नाम सुंदर कांड क्यों रखा गया...

दरअसल, जब हनुमान जी, सीता जी की खोज में लंका गए थे और लंका त्रिकुटांचल पर्वत पर बसी हुई थी। त्रिकुटांचल पर्वत यानी यहां 3 पर्वत थे। पहला सुबैल पर्वत, जहां के मैदान में युद्ध हुआ था। दूसरा नील पर्वत, जहां राक्षसों के महल बसे हुए थे। तीसरे पर्वत का नाम है सुंदर पर्वत, जहां अशोक वाटिका निर्मित थी। इसी वाटिका में हनुमान जी और सीता जी की भेंट हुई थी। सुंदर पर्वत पर ही सबसे प्रमुख घटना घटित होने के कारण इसका नाम सुंदर कांड रखा गया। सुंदर पर्वत पर ही अशोक वाटिका थी और इसी अशोक वाटिका में ही हनुमान और सीता जी का मिलन हुआ था इसीलिए इस कांड का नाम सुंदर कांड रखा गया। कहा जाता है कि यहां की घटनाओं में हनुमान जी ने एक विशेष शैली अपनाई थी।

वास्तव में श्रीरामचरितमानस के सुंदर कांड की कथा सबसे अलग है। संपूर्ण श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम के गुणों और उनके पुरुषार्थ को दर्शाती है। सुंदर कांड एकमात्र ऐसा अध्याय है, जो श्रीराम के भक्त हनुमान की विजय का कांड है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार सुंदर कांड का पाठ हम सभी को सुनना और पढ़ना चाहिए क्योंकि यह पाठ सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला तथा किसी भी प्रकार की परेशानी या संकट से आप घिरे हुए हो तो सुंदर कांड पाठ पढ़ने या सुनने से यह संकट तुरंत दूर हो जाता है। इतना ही नहीं यह प्रभु श्रीराम के परमभक्त श्री बजरंग बली की विजय का कांड होने से हम पर प्रभु श्रीराम, माता सीता तथा हनुमान जी की अनन्य कृपा प्राप्त होती है तथा हमारे मन को शांति मिलती है।

हनुमान जी जल्द ही प्रसन्न होने वाले देवता माने जाते हैं, अतः प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ करने वाले मनुष्य के जीवन से नकारात्मक शक्तियां भाग जाती है तथा यह पाठ बल, बुद्धि, एकाग्रता, आत्मविश्वास बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं और हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है इसके अलावा भी सुंदर कांड पाठ पढ़ने के बहुत सारे लाभ है। विद्यार्थियों को यह पाठ अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इसका विशेष लाभ मिलता है। यह आत्मविश्वास बढ़ाकर एग्जाम में अच्छे अंक दिलाने में मददगार है। यह मानसिक परेशानियां, व्याधियां, गृह क्लेश, ऋण/ कर्ज मुक्ति आदि कई समस्या में भी लाभदायी है।

श्री कोत्तानकुलांगरा देवी मंदिर जहां पुरुषों को करना पड़ता है महिलाओं की तरह सोलह श्रृंगार

धर्म को लेकर हमारे देश में जहां तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। देश में बहुत से मंदिर ऐसे हैं जिनमें महिलाओं का प्रवेश करने पर रोक होती है। ये मंदिर देश भर में इस तरह के लिए जाना जाता है कि यहां प्रवेश करने और पूजा करने के इच्छुक पुरुषों को बकायदा महिलाओं की ड्रेस में आना पड़ता है। इस मंदिर में उन्हें पूजा करने के लिए महिलाओं, किन्नरों पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पुरुष अगर इस मंदिर में पूजा अर्चना करना चाहता है तो उसे महिलाओं की तरह पूरा सोलह श्रृंगार करना पड़ता है। यह खास मंदिर केरल के कोल्लम जिले में है जहां पर श्री कोतानकुलांगरा देवी मंदिर में हर साल चाम्याविलक्कू त्यौहार मनाया जाता है। इस त्यौहार में हर साल हजारों की संख्या में पुरुष श्रद्धालु आते हैं। उनके तैयार होने के लिए मंदिर में अलग से मेकअप रूम बनाया जाता है। पुरुष महिलाओं की तरह न केवल साड़ी पहनते है, बल्कि ज्वैलरी, मेकअप और बालों में गजरा भी लगाते है। इस उत्सव में शामिल होने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। यही नहीं ट्रांसजेंडर भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में देवी की मूर्ति स्वयं प्रकट हुई थी। अपनी खास परंपरा के लिए दुनियाभर में मशहूर इस मंदिर के ऊपर कोई छत नहीं हैं। इस राज्य का यह ऐसा एकमात्र मंदिर है जिसके गर्भगृह के ऊपर छत या कलश नहीं हैं। ऐसी मान्यता है कि कुछ चरवाहों ने महिलाओं के कपड़े पहनकर पत्थर पर फूल चढ़ाए थे, जिसके बाद उस पत्थर से दिव्य शक्ति निकलने लगी। इसके बाद इसे मंदिर का रूप दिया गया। एक मान्यता यह भी है कि कुछ लोग पत्थर पर नारियल फोड़ रहे थे और इसी दौरान पत्थर से खून निकलने लग गया जिसके बाद से यहां देवी की पूजा होने लगी।

इन 6 जगहों पर भूलकर भी न पहनकर जाएं रुद्राक्ष

रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है।

रुद्राक्ष का अर्थ है रुद्र का अक्ष। यानी भगवान रुद्र की आंखें। माना जाता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है। कहते है कि 6 जगहों पर रुद्राक्ष पहकर गए तो शिवजी नाराज हो जाएंगे।

- **श्मशान** - रुद्राक्ष की माला या रुद्राक्ष को किसी भी रूप में धारण करके शमशान नहीं जाना चाहिए। जो शमशान के संत होते है वे रुद्राक्ष के नियमों का पालन करते हैं।
- **मृत्यु वाले घर** - जहां पर किसी की मृत्यु हो गई हो वहां पर भी रुद्राक्ष पननकर न जाएं। यदि आपके घर में किसी परिजन की मृत्यु हो गई है तो रुद्राक्ष को उतारकर किसी उचित स्थान पर रख दें।
- **शौचालय या स्नानघर** - टॉयलेट या बाथरूम में रुद्राक्ष पहनकर नहीं जाते हैं। ऐसा करने से घोर पाप लगता है। यह शिवजी का अपमान माना जाएगा।
- **मांस मदिरा सेवन के समय** - रुद्राक्ष पहनकर कर मांस भक्षण करना या शराब पीना वर्जित है। इसी के साथ ही बूचड़खाने में जाना या किसी शराब की दुकान पर जाना भी वर्जित है। जहां पर मुर्गा, बकरा आदि कटना या बनता है उस स्थान से भी दूर रहें।
- **बालक के जन्म पर** - जहां पर किसी बच्चे का जन्म हुआ हो और प्रसूता रहती हो वहां पर रुद्राक्ष पहनकर जाना वर्जित है। एक माह तक नियम का पानल करना चाहिए। ऐसी जगह पहनकर जाने से रुद्राक्ष निस्तेज हो जाता है।
- **शयन कक्ष** - सोने से पहले रुद्राक्ष को उतारकर उचित स्थान पर रख देना चाहिए। सोने के दौरान जहां रुद्राक्ष के टूटने का अंदेशा रहता है वहीं इससे रुद्राक्ष अशुद्ध और निस्तेज हो जाता है।

चन्द्र घात के समय नहीं करना चाहिए कोई महत्वपूर्ण कार्य

चंद्र घात विचार वैसे तो बहुत विस्तृत विषय है परंतु यहां पर आप संक्षिप्त में जान लें। पहले के समय में जन्म पत्रिका या कुंडली बनाते समय में घात चक्र का विवरण या सारणी भी दी जाती थी, परंतु आजकल नहीं दी जाती है। हालांकि इसको अब कोई महत्व भी नहीं देता है।

- किस राशि के लिए कौन नक्षत्र, मास, तिथि, वार, प्रहर चन्द्र आपके लिए शुभ है या अशुभ है यह जानना ही चंद्र घात के अंतर्गत आता है।
- किसी राशि विशेष के लिए एक ही दिन तीन से ज्यादा घात मिले तो उस दिन सावधानी बरतनी चाहिए।
- इन सब प्राचीन घात सूत्रों को ध्यान में रखने से घटना को कुछ हद तक टाला जा सकता है या उस घटना की भयावता को कम किया जा सकता है।
- सिंह राशि के लिए तृतीया तिथि एवं उस दिन शनिवार विशेष घातक माना गया है।
- जीवन में जन्म से तृतीय, पंचम, सप्तम दशाएं कष्टकारक होती है। उसे ध्यान में रखकर ही कोई कार्य करें।
- मेष की पहली, वृष की पांचवी, मिथुन की नौवी, कर्क की दूसरी, सिंह की छठी, कन्या की दसवी, तुला की तीसरी, वृश्चिक की सातवी, धनु की चौथी, मकर की आठवी, कुम्भ की ग्यारहवी, मीन की बारहवी घड़ी घात चन्द्र मानी जाती है।
- कहते हैं कि चंद्र घात में यात्रा करने पर, युद्ध में जाने पर, कोर्ट कचहरी में जाने पर, खेती कार्य आरंभ करने पर, व्यापार शुरू करने पर, घर की नींव लगाने पर घात चन्द्र वर्जित मानी गई है।
- घात चन्द्र में रोग होने पर मौत, कोर्ट में केस दायर करने पर हार और यात्रा करने पर सजा या झूठा आरोप और विवाह करने पर वैधव्य होने की शंका व्यक्त की जाती है।
- मेषादि द्वादश राशियों के लिए क्रमशः 1, 5, 9, 2, 6, 10, 3, 7, 4, 8, 11, 12 घात चन्द्र दोष होता है। जैसे मेष राशि वालों के लिए मेष का, वृषभ राशि वालों के लिए वृषभ से पंचम कन्या का शेष इसी प्रकार घात चन्द्रमा होता है।
- मेषादि राशियों के लिए क्रमशः कृतिका, चित्रा, शतभीषा, मघा, धनिष्ठा, आर्द्रा, मूल, रोहिणी, पूर्वाभाद्रपदा, मघा, मूल और पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्रों के क्रमशः 1-2-3-3-1-3-2-4-3-4-4 और 4 चरण नक्षत्र घात चरण होते है। राज सेवा, युद्ध और विवाद में घात चन्द्रमा वर्जित है।

हरसिंगार का घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है

हरसिंगार के फूल बहुत ही सुंदर और सुगंधित होते है। यह घर आंगन की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसका घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है। बहुत ही आसानी से आप इसे किसी भी नर्सरी से खरीदकर अपने घर आंगन में लगाएं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि को निमंत्रण दें। आओ जानते हैं कि इसे घर आंगन में लगाने से क्या होगा।

- हरसिंगार का वृक्ष जिसके भी घर के आसपास होता है उसके घर के सभी तरह के वास्तुदोष दूर हो जाते है।
- हरसिंगार के फूलों को खासतौर पर लक्ष्मी पूजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है लेकिन केवल उन्हीं फूलों को इस्तेमाल किया जाता है, जो अपने आप पेड़ से टूटकर नीचे गिर जाते हैं। जहां यह वृक्ष होता है वहां पर साक्षात लक्ष्मी का वास होता है।
- हरसिंगार के फूलों की सुगंध आपके जीवन से तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भर सकने की ताकत रखते हैं। इसकी सुगंध आपके मस्तिष्क को शांत कर देती है। घर परिवार में खुशी का माहौल बना रहता है और व्यक्ति लंबी आयु प्राप्त करता है।
- हरसिंगार के ये अद्भुत फूल सिर्फ रात में ही खिलते हैं और सुबह होते-होते ये सब मुरझा जाते हैं। यह फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते हैं, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है।
- हृदय रोगों के लिए हरसिंगार का प्रयोग बेहद लाभकारी है। इस के 15 से 20 फूलों या इसके रस का सेवन करना हृदय रोग से बचाने का असरकारक उपाय है, लेकिन यह उपाय किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह पर ही किया जा सकता है। इसके फूल, पत्ते और छाल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है।
- हरसिंगार के फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते है, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है। इसके फूल तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भरने की क्षमता रखते हैं।

प्रतिनिधिमंडल पूरी निष्ठा के साथ देश के हितों की रक्षा करेगा। साथ ही बहादुरी से बातचीत करेगा। सरकार लगातार जनता की सेवा में लगी रहेगी। बातचीत का नतीजा कुछ भी हो, काम नहीं रुकेगा। सरकार हर हाल में जनता के साथ खड़ी रहेगी। इस्लामाबाद में अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान के बीच त्रिपक्षीय संघर्षविराम वार्ता शुरू हो गई है। –मसूद पेजेशकियन

विचार एक्सप्रेस

देश का सबसे बड़ा घोटाला है एसआईआर...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर चुनावों से पहले मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने बंगाल चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को हालिया समय का देश का सबसे... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस @janexpressnews janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper janexpresslive लखनऊ, सोमवार, 13 अप्रैल, 2026 06

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

वैश्विक संकटों के बीच विश्व बैंक अकेला नहीं जो भारत की गाथा कह रहा

भारत की डिजिटल क्रांति इन दिनों आर्थिक गतिविधियों को एक नई दिशा दे रही है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) जैसी प्रणालियों ने आर्थिक लेन-देन को सरल और तेज बना दिया है। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक, डिजिटल तकनीक ने सभी को सशक्त बनाया है। यह परिवर्तन भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। इसके अलावा एक कारण देश में ऊर्जा की पर्याप्तता भी है। दरअसल, पश्चिम एशिया के संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को अस्थिर कर दिया है।

इस समय पश्चिम एशिया में संघर्ष, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें विश्व अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई हैं, पर इन सबके बीच भारत का प्रदर्शन आश्चर्यजनक रूप से संतुलित और सुदृढ़ दिखाई देता है। विश्व बैंक से लेकर तमाम अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं आश्वस्त कर रही हैं कि भारत जिस तरह से अपनी अर्थव्यवस्था और भविष्य की दृष्टि से हर चुनौती के लिए तैयार दिख रहा है, वह काबिले तारीफ है। वस्तुतः वर्ल्ड बैंक द्वारा 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 6.6 प्रतिशत तक बढ़ाना इस बात का प्रमाण है कि भारत हर परिस्थिति पर नियंत्रित करने की क्षमता रखने वाला राष्ट्र है। यहां समझनेवाली बात है कि यह इतना आसान भी नहीं है, जितना कि बाहर से किसी को दिखाई दे, क्योंकि महंगाई, ऊर्जा लागत और वैश्विक अस्थिरता जैसे खतरे सामने खड़े हैं। ऐसे मे यदि हम वर्ल्ड बैंक के अतिरिक्त अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अनुमानों पर दृष्टि डालें, तब एक समान संदेश सामने आता है, वह है कि भारत स्थिर है, सक्षम है और आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने भी 2026 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसका मानना है कि भारत की आर्थिक संरचना इतनी मजबूत है कि वह बाहरी झटकों को सहजता से झेल सकती है, क्योंकि इसकी रीढ़ घरेलू मांग है, न कि केवल निर्यात। इसी प्रकार एशियन डेवलपमेंट बैंक ने 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाते हुए स्पष्ट किया है कि भारत का बुनियादी ढांचा निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में सुधार इसे 2026 में पूरे वर्ष भर वैश्विक संकटों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यही विचार ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट के भी हैं, जोकि भारत की वृद्धि को 6.6 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत के बीच मानता है और यह रेखांकित करता है कि भारत की कर प्रणाली, श्रम सुधार और निर्यात रणनीति इसे अन्य अर्थव्यवस्थाओं से अलग बनाती है। अब बात यहां मूडीज़ के साथ स्टैंडर्ड एंड पुअर्स और फिच रेटिंग्स जैसी रेटिंग एजेंसियों की भी कर लेते हैं, यह भी भारत के संदर्भ में लगभग 6.4 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि का अनुमान देती हैं। इन संस्थाओं का एकमत विश्वास इस तथ्य को पुष्ट करता है कि भारत आज के समय में सिर्फ संभावनाओं की अर्थव्यवस्था से कहीं आगे होकर अपना प्रदर्शन कर रहा है। भारत की आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसकी घरेलू मांग है। जब वैश्विक बाजारों में मांग घटती है, तब भी भारत के भीतर उपभोग का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर रहता है। यह एक ऐसी विशेषता है जो बहुत कम देशों में देखने को मिलती है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती, सरकारी योजनाओं के माध्यम से आय में वृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती क्रय शक्ति ने उपभोग को निरंतर बनाए रखा है। यही कारण है कि वैश्विक मंदी का प्रभाव भारत पर सीमित रहता है। वहीं, भारत सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे में किया जा रहा निवेश आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह और डिजिटल नेटवर्क इन सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पूंजीगत व्यय किया जा रहा है।

एक्सप्रेस आलेख

कोई बिना नहाए उनसे गले लगना भी चाहे तो उसे पूजा सम्पन्न होने तक इंतजार करना होता है। फिर यह सबरीमाला प्रकरण तो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। अतः यहां समझना यही है कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि स्त्री स्वयं 'शक्ति' है। वह 'जननी' है, 'पालनकर्ता' है और 'सृष्टि की आधारशिला' है। 'स्त्री समस्ता सकला जगत्सु' यही भारतीय जीवन-दृष्टि का सार है। इसलिए आवश्यक है कि सबरीमाला जैसे विषयों पर निर्णय लेते समय संविधान की मर्यादा, शास्त्रों की गहराई और समाज की वास्तविकता इन तीनों को ही साथ लेकर चलना आवश्यक है। यही संतुलन भारतीयता की पहचान है और यही इस विमर्श का वास्तविक समाधान भी है।

सबरीमाला : संविधान और स्त्री-शक्ति का भारतीय विमर्श

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय समाज में धर्म, परंपरा और संवैधानिक मूल्यों का संबंध अत्यंत गहन और बहुआयामी है। सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जो निर्णय सुनाया गया, उस निर्णय के बीच सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं, उनका कहना है कि क्या मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक 'अस्पृश्यता' की श्रेणी में आती है? न्यायमूर्ति नागरत्ना कहती है, 'इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने तीन दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए।' न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि 'भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता' वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है। इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को 'अस्पृश्यता' कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान। अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया है । इस संबंध में देवी आराधना को देखा जा सकता है, जोकि भारत में सर्वत्र एक रूप में सर्वव्यापी है। यदि हम दुर्गा सप्तशती का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि स्त्री ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। संपूर्ण दुर्गासप्तशती ही स्त्री महात्म, नारी समम्मान, श्रद्धा और उसके प्रति समर्पण से पूर्ण है। 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' (दुर्गा सप्तशती, अध्याय 5), इस प्रकार के मंत्रों की पूरी श्रृंखला है। विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः,स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः॥ के माध्यम से कहा गया है कि हे देवी! संसार की समस्त विद्याएं तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। इसी प्रकार, विश्व की समस्त स्त्रियां (सकला जगत्सु - संसार में) तुम्हारा ही रूप हैं। हे अंब (माता)! इस पूरे जगत को तुमने ही आच्छादित (पूरित) किया है। तुम्हारी स्तुति भला कौन कर सकता है? तुम तो स्तुति के योग्य शब्दों से भी परे हो। कुल मिलाकर समस्त जगत में जो कुछ भी है, वह स्त्री-शक्ति से ही व्याप्त है। यही भारतीय दर्शन का मूल तत्व है जो हमें बताता है कि स्त्री ही सृष्टि की आधारभूत ऊर्जा है। इसी भाव को देवी भागवत पुराण अभिव्यक्त करता है, 'त्वमेव सृष्टिः त्वमेव पालनं, त्वमेव संहारकारिणी।' अर्थात सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार–तीनों स्त्री-शक्ति के अधीन हैं। (स्कंध 1, अध्याय 8) । वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इसी उच्च स्थान का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद (मंडल 10, सूक्त 125) में वाक् सूक्त के माध्यम से स्त्री स्वयं को ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है- 'अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्...' ऋग्वेद (10.125.3) के 'वाक् सूक्त' का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्र है, जो ज्ञानशक्ति (देवी वाक) की सर्वोच्चता बताता है। इसका अर्थ हुआ, मैं (वाक/शक्ति) राष्ट्र की स्वामिनी हूँ, समस्त धनों (वसूनाम्) को इकट्ठा करने वाली (संगमनी) हूँ और श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाली (चिकितुषी) हूँ। इस प्रकार से यह सर्वोच्च चेतना या वाणी के रूप में स्वयं को राष्ट्र के ऐश्वर्य और ज्ञान का मूल बताती है। मनुस्मृति में तो यहां तक कहा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।' (अध्याय 3, श्लोक 56)। जहां स्त्री की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। वस्तुतः कहना होगा कि यह श्लोक भारतीय समाज की मूल संरचना को दर्शाता है। आधुनिक विद्वान पैट्रिक ओलिवेल (स्न्ढ्ठ्ठ'ह्य ष्टश्वस्रद्द श्चद्ग स्नु2, पृ. 78) भी इसे स्त्री के सम्मान का प्रमाण मानते हैं। हां, यह जरूर है कि अक्सर रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। परंतु गोस्वामी तुलसीदास की भाषा और संदर्भ को समझे बिना उसका अर्थ निकालना उचित नहीं है। उक्त चौपाई में 'ताड़ना' का अर्थ अवधी में 'देखभाल' या 'संरक्षण' होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल (हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 214) इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। अब प्रश्न यह है कि यदि भारतीय परंपरा स्त्री को इतना उच्च स्थान देती है, तो सबरीमाला जैसी परंपराएँ क्यों? इसका उत्तर सामाजिक और जैविक यथार्थ में निहित है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं को शारीरिक कष्ट, थकान और असुविधा होती है। इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2022 का संदर्भ देख सकते हैं, जिसके अनुसार लगभग 70 फीसद महिलाएँ इस दौरान किसी न किसी प्रकार की पीड़ा अनुभव करती हैं। प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुईं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि 'विश्राम हेतु अलग रखना' और 'अस्पृश्य मानना' दो अलग अवधारणाएँ हैं। भारतीय समाज में मूल भावना संरक्षण और स्वास्थ्य की थी, न कि भेदभाव की। यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है, एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा? वैज्ञानिक भाषा में तो वह पानी ही तो है! इसी तरह से मल त्याग या शरीर से लगातार थूक के निकलने एवं नाक का बहना है, होने को तो यह एक क्रिया ही है, क्या तब मंदिर में प्रवेश मिलेगा? सभी हिन्दू घरों में यह सामान्य परंपरा है जिसके लिए कोई किसी से कुछ नहीं कह रहा, स्नान के बाद पूजा करने से पूर्व घर के सदस्य चाहे जहां, इधर-उधर नहीं बैठते हैं।

> प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुई। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि 'विश्राम हेतु अलग रखना' और 'अस्पृश्य मानना' दो अलग अवधारणाएँ हैं। यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है।



> एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा?

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः एकादशी 13:08 तक
नक्षत्रः धनिष्ठा 16:03 तक
पक्षः कृष्ण
वारः सोमवार
योगः शुभ, 05:16
सूर्योदयः 06:11
सूर्यास्तः 18:42
चंद्रमाः कुंभ राशि में
राहुकालः 07:57-09:31
विक्रमी संवत्ः 2083
शक सम्वतः 1947
मासः वैशाख
शुभ मुहूर्तः 12:02-12:52

जन एक्सप्रेस

जज साहब का इस्तीफा

जज साहब का इस्तीफा ।
आया नया मोड़ ।।
वर्मा जी ने फैसला ।
ले लिया बेजोड़ ।।
घर से थे बरामद रूपये ।
पांच सौ के नोट ।।
जले हुए थे बोरे ।
थे जिसमें ये नोट ।।
जज साहब ने बोला था ।
नहीं ये मेरे नोट ।।
लेकिन न्याय प्रणाली को ।
लगी जरूर चोट ।।
थे किसके ये नोट अब तक ।
पता नहीं चल पाया ।।
दे इस्तीफा जज साहब ने ।
ठेंगा है दिखाया ?

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

पीसीओएस में मेडिटेशन करने से मिल सकते हैं कई फायदे

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम में महिलाओं को कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें से तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी समस्याएं आम हैं। इन समस्याओं से राहत में मेडिटेशन यानी ध्यान मददगार साबित हो सकता है। मेडिटेशन करने से हार्मोनल समस्याओं को संतुलित करने में भी मदद मिल सकती है। पीसीओएस के कारण अक्सर महिलाओं में मानसिक स्ट्रेस ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे हार्मोन्स की स्थिति बिगड़ने लगती है। जब आप मेडिटेशन करती हैं तो आपका दिमाग शांत होता है और शरीर में तनाव का कारण बनने वाले कोर्टिसोल हार्मोन में कमी आती है। तनाव कम होने से शरीर में हार्मोन्स संतुलित होने लगते हैं, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंस और एंड्रोजन हार्मोन भी कम हो जाते हैं। इसका सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है, जिससे पीरियड्स समय पर आने लगते हैं और पीसीओएस के अन्य लक्षणों में धीरे-धीरे सुधार होने लगता है। प्रकाशित स्टडी के अनुसार, मेडिटेशन एंग्जायटी को कंट्रोल करने में काफी प्रभावी पाया गया है और पीसीओएस के लक्षणों को कंट्रोल करने में भी बहुत फायदेमंद होता है। डॉ. (कर्नल) गुंजन मल्होत्रा सरीन अनुसार, पीसीओएस होने पर महिलाओं के शरीर में हार्मोन्स असंतुलित होने लगते हैं, जिसके कारण उनको अधिक स्ट्रेस होने, चिड़चिड़ापन होने, मूड स्विंग्स होने और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आने जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इससे राहत और शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने के लिए मेडिटेशन करना फायदेमंद हो सकता है। 2024 के एक क्रॉनिक कंडीशन है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। ऐसे में मेडिटेशन और माइंडफुलनेस जैसी आदतों को अपनाने से जीवन की गुणवत्ता, ब्रेन को रिलैक्स करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है। योग थेरेपिस्ट प्रवीण गौतम के अनुसार, रोज मेडिटेशन करने से ब्रेन को रिलैक्स करने में मदद मिलती है, जिससे स्ट्रेस, टेंशन, मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ेपन को कम करने में मदद मिलती है, जो समस्याएं अक्सर पीसीओएस के कारण होती हैं।

हार्मोन्स को बैलेंस करेः पीसीओएस की समस्या में रोज मेडिटेशन करने से शरीर में हार्मोन्स बैलेंस रहते हैं। दरअसल पीसीओएस एक हार्मोनल समस्या है, जिसमें शरीर में कोर्टिसोल, एंड्रोजन जैसे कई हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। ऐसे में रोज ध्यान करना फायदेमंद हो सकता है।

स्ट्रेस कम करेः तनाव यानी स्ट्रेस भी पीसीओएस में होने वाली एक आम समस्या है। कई बार महिला को अनियमित पीरियड्स, बाल झड़ने, वजन बढ़ने जैसी समस्याओं के कारण बहुत अधिक तनाव रहता है। ऐसे में मेडिटेशन से तनाव को कम करने और सामान्य जीवन जीने में मदद मिलती है।

इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करेः नियमित रूप से मेडिटेशन करने से स्ट्रेस तो कम होता ही है। साथ ही, यह शरीर में इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करने में मदद करता है। इससे सेल्स शुगर का सही तरीके से इस्तेमाल कर पाती हैं, जो मेटाबॉलिज्म में सुधार करने और वजन कम करने में भी सहायक हो सकता है।

एक्सप्रेस विशेष

भविष्य का अमृत ईंधन है 'थोरियम'

डॉ. नुपूर देशकर

वर्तमान समय में भारत सरकार ने इस दिशा में नए सिरे से प्रयास शुरू किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में थोरियम आधारित ऊर्जा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जा रही है। डॉ. भाभा का जो सपना दशकों पहले अधूरा रह गया था, वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है। भारत के पास विश्व के लगभग 25 फीसद थोरियम भंडार हैं, जो इसे इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बना सकते हैं।

तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्र से हाल ही में प्राप्त एक महत्वपूर्ण उपलब्धि ने भारत की ऊर्जा यात्रा को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने परमाणु अभिक्रिया की संतुलित अवस्था, जिसे 'क्रिटिकैलिटी' कहा जाता है, सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। यह उपलब्धि एक वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता के साथ भारत के ऊर्जा आत्मनिर्भरता के सपने की ओर एक ठोस कदम है। इस परिप्रेक्ष्य में थोरियम एक ऐसे 'भविष्य के अमृत ईंधन' के रूप में उभर रहा है, जिसे लेकर अब उम्मीद है कि आने वाले समय में ऊर्जा क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। थोरियम की सबसे बड़ी विशेषता उसका अत्यधिक ऊर्जा घनत्व है। सामान्यतः यह माना जाता है कि एक टन थोरियम से उतनी ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है जितनी लगभग 35 लाख टन कोयले से मिलती है। यह तुलना न केवल थोरियम की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी स्पष्ट करती है कि यदि इसका प्रभावी उपयोग किया जाए तो ऊर्जा संकट का स्थायी समाधान संभव है। भारत की भौगोलिक संरचना इसे थोरियम के मामले में विशेष रूप से समृद्ध बनाती है। विश्व के सबसे बड़े थोरियम भंडारों में भारत का महत्वपूर्ण स्थान है। केरल के अलप्पुझा और कोल्लम तट, तमिलनाडु के कन्याकुमारी और मनावलकुरिची, ओडिशा के चांदीपुर तट तथा आंध्र प्रदेश के कुछ तटीय क्षेत्रों में मोनाज़ाइट रेत के रूप में थोरियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह संसाधन भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में भी ला सकता है। अनुमान है कि यह भंडार हजारों वर्षों तक देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। थोरियम की इस अपार संभावना को भारत ने बहुत पहले पहचान लिया था। वर्ष 1950 में महान वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा ने इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई। उन्होंने यह समझ लिया था कि भारत में यूरेनियम की सीमित उपलब्धता के कारण थोरियम ही भविष्य का विकल्प बन सकता है। हालांकि, थोरियम का सीधा उपयोग संभव नहीं है; इसे पहले यूरेनियम-233 में परिवर्तित करना पड़ता है, जो एक जटिल और महंगी प्रक्रिया है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए डॉ. भाभा ने भारत के लिए त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की परिकल्पना की। इस कार्यक्रम के पहले चरण में प्राकृतिक यूरेनियम का उपयोग कर ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ प्लूटोनियम तैयार किया जाता है। दूसरे चरण में इस प्लूटोनियम की सहायता से थोरियम को यूरेनियम-233 में परिवर्तित किया जाता है। तीसरे और अंतिम चरण में इस परिवर्तित ईंधन का उपयोग कर बड़े पैमाने पर ऊर्जा उत्पादन किया जाता है। यह एक दीर्घकालिक और वैज्ञानिक रूप से जटिल योजना थी, लेकिन इसकी सफलता भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकती है। थोरियम का उपयोग केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। यह एक रेडियोधर्मी धातु है जिसका उपयोग रेडियोमेट्रिक डेटिंग में किया जाता है, जिससे चट्टानों और जीवाश्मों की आयु का निर्धारण संभव होता है। इसके अलावा, मैग्नीशियम के साथ मिश्रधातु के रूप में इसका उपयोग उच्च ताप सहनशील और मजबूत सामग्री बनाने में होता है, जो विमानन और उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी है। हालांकि, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को अपने प्रारंभिक वर्षों में कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक उदासीनता, संसाधनों की कमी और 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने इसकी गति को धीमा कर दिया। इसके अतिरिक्त, तकनीकी चुनौतियों और वैश्विक सहयोग की कमी के कारण भी यह कार्यक्रम अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका। इक्कीसवीं सदी के प्रारंभिक वर्षों में एक और गंभीर समस्या सामने आई थोरियम की तस्करी और अवैध खनन। 2004 के बाद से समुद्री तटीय क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर मोनाज़ाइट रेत के गायब होने की घटनाएं सामने आई। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, लाखों टन सामग्री अवैध रूप से विदेशों, विशेषकर चीन, को भेजी गई। यदि ये आरोप सत्य हैं।

> सरकार ने स्वदेशी तकनीकों के विकास पर जोर देते हुए छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत भारी जल रिएक्टर जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा दिया है। इन रिएक्टरों का उद्देश्य थोरियम के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

पहियों पर दौड़ी प्रतिभाः पीलीभीत में पहली बार सजी जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता

- बच्चों की रफ्तार और संतुलन ने जीता दिल, खेल के नए युग की हुई शुरुआत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद में खेलों के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए रविवार को स्प्रिंगडेल कॉलेज में पहली बार जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया, बल्कि पीलीभीत में स्केटिंग जैसे आधुनिक खेल की शुरुआत का भी संदेश दिया। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह, ऊर्जा और संतुलन देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



1st DISTRICT LEVEL OPEN SKATING CH
INDIA SKATE

उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में पहली बार आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता बच्चों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में स्केटिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही गांधी स्टेडियम में स्केटिंग कोर्ट का निर्माण कराया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही स्केटिंग संगठन के सहयोग से इस खेल को जनपद में मजबूत करने की योजना भी बनाई जा रही है। प्रतियोगिता में स्प्रिंगडेल कॉलेज, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल एंजिल स्कूल, कैम स्कॉलर्स स्कूल और विद्यालय निकेतन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने स्केट्स पर शानदार संतुलन और गति का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

प्रतियोगिता के परिणामों में लिटिल एंजिल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय और ज्ञान इनिशियम ग्लोबल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग संघ नोएडा से ऋषि कुमार और वासुदेव तथा बरेली से वरुण दीक्षित और सुमित कुमार विशेष रूप से पहुंचे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन को तकनीकी दृष्टि से परखते हुए निष्पक्ष निर्णय दिया। कार्यक्रम के दौरान स्केटिंग संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र छाबड़ा ने कहा कि वह स्वयं भी स्केटर रह चुके हैं और जनपद में इस खेल की शुरुआत होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में पीलीभीत के बच्चे भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर अक्लीम अंसारी, अक्षत भासिन, डॉ. सुमित सचान, डॉ. भरत सेठी, अमिताभ अग्निहोत्री, सौरभ सक्सेना, अंशुमन तिवारी, शालिनी पांडे, अभिषेक प्रजापति, मनोज राना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कुल मिलाकर, यह प्रतियोगिता पीलीभीत में खेलों के क्षेत्र में एक नई शुरुआत के रूप में देखी जा रही है, जिसने बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। आने वाले समय में यह पहल जिले को खेल के मानचित्र पर नई पहचान दिला सकती है।

दर्द की दोहरी मारः पोते की मौत के सदमे में दादी ने भी तोड़ी जिंदगी की डोर

- बीसलपुर में कुछ ही दिनों में दो मौतों से टूटा परिवार, मोहल्ले में पसरा सन्नाटा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

एक ही परिवार पर कुछ ही दिनों के भीतर ऐसा दुख टूटा कि पूरे मोहल्ले की आंखें नम हो गईं। पहले जवान पोते की सड़क हादसे में मौत और फिर उसी सदमे को सहन न कर पाने वाली दादी का अचानक दुनिया से चले जाना–इस दोहरी त्रासदी ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। नगर के मोहल्ला दुबे में रहने वाले परिवार के लिए 5 अप्रैल की तारीख ही भारी साबित हुई थी। 18 वर्षीय हर्षित राठौर की एक सड़क दुर्घटना में जान चली गई। वह अपने एक साथी के साथ काम से पीलीभीत गया था और लौटते समय रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि हर्षित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसका साथी घायल हो गया। इस घटना के बाद घर का माहौल पूरी तरह बदल गया। परिवार के लोग जहां इस असमय मौत से सदमे में थे, वहीं हर्षित की दादी श्याम कली पर इसका सबसे गहरा असर पड़ा। परिजनों के मुताबिक वह अपने पोते से बेहद जुड़ी हुई थीं और उसके जाने के बाद लगातार गुमसुम रहने लगी थीं। अक्सर वह उसे याद कर रो पड़ती थीं और किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं करती थीं। रविवार को दोपहर के समय वह अचानक घर से निकल गईं। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटीं तो घरवालों को चिंता हुई और तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान पास ही एक खाली पड़े मकान में जब परिजन पहुंचे, तो वहां का दृश्य देख सब सन्न रह गए। वृद्धा अचेत अवस्था में मिलीं। आनन-फानन में उन्हें संभालने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। आसपास के लोग भी इस दुखद घटना को लेकर स्तब्ध हैं।

दुख का बोझ और समाज की जिम्मेदारी

बीसलपुर की यह घटना केवल एक परिवार की निजी त्रासदी नहीं है, बल्कि यह उस खामोशी की भी कहानी है, जो अक्सर गहरे दुख के समय घरों में पसर जाती है। जब कोई अपनों को अचानक खो देता है, तो उसके भीतर चल रहा संघर्ष बाहर से दिखाई नहीं देता। ऐसे समय में केवल सांत्वना के शब्द नहीं, बल्कि लगातार साथ, संवाद और मानसिक सहारा बेहद जरूरी होता है। छोटे शहरों और कस्बों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अब भी सीमित है, जिसके कारण लोग अपने दर्द को भीतर ही भीतर सहते रहते हैं। यह घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने आसपास के लोगों के भावनात्मक हालात को समझने की कोशिश करते हैं? क्या दुख में डूबे व्यक्ति तक समय रहते पहुंच पाते हैं? समाज, परिवार और प्रशासन तीनों की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में समय पर सहयोग और परामर्श उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी और घर में इस तरह की खामोशी और त्रासदी न पनपे। बीसलपुर की यह दोहरी घटना एक कड़वा सच सामने लाती हैं। दुख केवल एक व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को तोड़ देता है। और अगर उस दुख को संभालने का सहारा न मिले, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं।

209 मरीजों को मिला उपचार कानूनी जागरूकता का भी हुआ विस्तार

- जहां समाज खड़ा साथ, वहां नहीं कोई लाचार संस्थान अध्यक्ष अमृतलाल की अगुवाई में सजा सेवा का दरबार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सेवा और संवेदना का संगम उस समय देखने को मिला, जब निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा प्रत्येक माह की 12 तारीख को आयोजित होने वाला स्वास्थ्य शिविर इस बार स्थानीय अंकुर राइस मिल परिसर में लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीज पहुंचे और उन्हें निशुल्क जांच व उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माननीय जिला जज रविन्द्र कुमार के निर्देशन में उपस्थित लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों और विभिन्न विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को न्यायिक सहायता के प्रति जागरूक किया गया।?कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। अतिथियों का स्वागत संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों–अमृतलाल, अनिल कमल, अनिल गुप्ता, कामिल खान, मोहम्मद असलम व चिरंजीवी गौड़ द्वारा शाल ओढ़ाकर, बुके भेंट कर और माल्यार्पण कर किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 209 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बरेली से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जांच के दौरान 12 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिन्हें संस्थान की ओर से बस के माध्यम से बरेली भेजा गया, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में हृदय रोग से संबंधित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच के साथ ही डॉक्टर महेश चंद्र अग्रवाल के सहयोग से 11 मरीजों की निशुल्क ईसीजी भी की गई। पैरों के दर्द से पीड़ित 100 मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गईं। वहीं 29 जरूरतमंदों को कान की मशीन और 109 लोगों को नजर के चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में राहत की एक नई किरण जगी। कार्यक्रम के दौरान जिला जज रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल मौर्य ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। विशेष रूप से, दो ऐसे मरीजों ने भी पंजीकरण कराया, जिनके हाथ कटे हुए हैं। संस्थान की ओर से उन्हें स्वचालित इलेक्ट्रिक हाथ निशुल्क उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति संस्था के सचिव अनिल कमल के मोबाइल नंबर 9897895585 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. ए. के. वालियान, राजेंद्र सक्सेना, कामिल खान, सचिव अनिल कमल, अध्यक्ष अमृतलाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चिरंजीव गौड़ ने किया, जबकि अंत में अध्यक्ष अमृतलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह शिविर केवल इलाज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य, सहारा और अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाने का एक सार्थक प्रयास साबित हुआ।

सीओ विशाल गुप्ता का तबादला, दी गई भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मिश्रिख सर्किल में तैनात क्षेत्राधिकारी (सीओ) विशाल गुप्ता का तबादला सिधौली सर्किल में कर दिया गया है। वहीं सीतापुर में सेवाएं दे रहे सीओ ब्रजेश कुमार को अब मिश्रिख सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा।इसी क्रम में आज पत्रकार साथी प्रथम मिश्रा के कार्यालय पर सीओ विशाल गुप्ता के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की।वक्ताओं ने कहा कि सीओ विशाल गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई और आमजन के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की।इस अवसर पर पत्रकार श्रवण कुमार मिश्रा, सुदीप मिश्रा, अपूर्व पांडेय, शुभम शुक्ला, रवि शंकर, प्रथम मिश्रा, श्यामा मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, राम मिलन मौर्य सहित तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

पायल बेचकर बेटे को घर लाई मां, इलाज न मिलने से टूटी उम्मीदें

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शहर के वल्लभनगर कॉलोनी से एक बेहद मार्मिक मामला सामने आया है, जहां एक मां अपने गंभीर रूप से बीमार बेटे का इलाज कराने लखनऊ तक पहुंची, लेकिन वहां उसे निराश होकर वापस लौटना पड़ा। रामकली नाम की महिला अपने बेटे श्यामसुंदर को लेकर लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल पहुंची थीं। श्यामसुंदर टीबी, किडनी और लिवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसकी हालत इतनी खराब है कि वह खुद से उठ-बैठ भी नहीं पाता और लंबे समय से बिस्तर पर है। महिला को उम्मीद थी कि बड़े अस्पताल में उसके बेटे को बेहतर इलाज मिलेगा। वह गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार का सिफारिशी पत्र भी साथ लेकर गई थी, लेकिन इसके बावजूद उसे अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। रामकली का आरोप है कि अस्पताल में पहले दिन कुछ दवाएं दी गईं, लेकिन उसके बाद इलाज की कोई व्यवस्था नहीं की गई और बेटे को भर्ती करने से भी मना कर दिया गया।? सबसे दुखद बात यह रही कि इलाज न मिलने के बाद जब वह वापस लौटने लगी, तो उसके पास किराए तक के पैसे नहीं बचे थे। मजबूरी में उसे अपनी पायल बेचनी पड़ी, तब जाकर वह अपने बेटे को लेकर घर लौट सकी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें महिला अपनी आपबीती सुनाते हुए नजर आ रही है। उसकी बातों से साफ झलकता है कि वह किस दर्द और मजबूरी से गुजरी है।?इस मामले में गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कहा कि उन्होंने महिला के बेटे के इलाज के लिए प्रयास किए थे और जरूरत पड़ने पर उनके जनसहयोग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करती है। एक ओर सरकार बेहतर इलाज के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे मामले सामने आते हैं, जहां गंभीर मरीज को भी समय पर इलाज नहीं मिल पाता। फिलहाल महिला अपने बेटे के इलाज के लिए मदद की गुहार लगा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार की सहायता करनी चाहिए, ताकि मरीज को समय रहते उचित इलाज मिल सके।

400 बीघा फसल जलकर राखः मीरपुर रतनपुर में भीषण अग्निकांड, किसानों की छह महीने की मेहनत खाक

- तेज हवाओं ने आग को बनाया विकराल, कई किसान बर्बाद मुआवजे की मांग तेज, जांच में जुटा प्रशासन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर रतनपुर में रविवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। गेहूं की नरई में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 400 बीघा गेहूं की फसल व नरई जलकर राख हो गई। इस घटना ने दर्जनों किसानों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय खेतों से उठते धुएं के गुबार को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तेज हवाओं के कारण आग कई खेतों में फैल चुकी थी। लपटें इतनी तेज थीं कि एक के बाद एक खेत इसकी चपेट में आते चले गए।

गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। धुएं और तेज लपटों के कारण खेतों के पास पहुंचना भी मुश्किल हो गया था।

इस अग्निकांड में ओमेंद्र सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, पप्पन सिंह और राजीव कुमार समेत कई किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई। छोटे और सीमांत किसानों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। किसानों का कहना है कि यह फसल उनकी छह महीने की कड़ी मेहनत का परिणाम थी, जो कुछ ही पलों में खत्म हो गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आबादी तक फैलने से रोक लिया। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में आशंका है कि घटना के पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ हो सकता है, क्योंकि उस समय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी बाधित थी।घटना के बाद प्रभावित किसानों में आक्रोश और निराशा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

खड़ी फसल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुईः जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम मीरपुर रतनपुर, तहसील बीसलपुर में गेहूं के खेतों में आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल संबंधित तहसीलदार को मौके पर भेजा गया। तहसीलदार द्वारा दी गई प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, अज्ञात कारणों से लगी आग में लगभग 200 बीघा क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें करीब 40 काश्तकारों के खेतों में फसल अवशेष (नरई) जलकर नष्ट हुए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक जांच में अब तक किसी प्रकार की खड़ी फसल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की वास्तविक फसल क्षति सामने आती है, तो शासन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुराली लाल श्रीवास्तव के स्वागत में अभिनंदन समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । खैराबाद-सीतापुर

विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संघ सीतापुर द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन मुरारी लाल श्रीवास्तव के स्वागत में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री अमीर रिजवी जी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती अर्चना के साथ किया गया स अभिनंदन समारोह में जनपद के समस्त ब्लॉक के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों सहित लगभग 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। सभी ने सेवानिवृत शिक्षक मुरारीलाल श्रीवास्तव जी का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक श्री आमिर रिजवी जी ने सभी शिक्षकों को संगठन मजबूत बनाए रखने के लिए प्रेरित किया स साथ ही यह भी संदेश दिया कि निजी विद्यालय बिना किसी नकारात्मक सोच के विद्यालय का संचालन कर रहे हैं स गरीब छात्रों को बिना शिक्षण शुल्क एवं निशुल्क पुस्तकों के साथ शिक्षा ग्रहण कराई जा रही है शिक्षा व्यवस्था का अधिकांश भाग निजी विद्यालयों ने ही संचालित किया हुआ है स आप सभी शिक्षकों को सकारात्मक सोच के साथ सहयोग प्रदान करना चाहिए स अभिनंदन समारोह की मुख्य समन्वय एक श्रेष्ठ शिक्षिका मीनू सूर्या यादव जी रही, जिन्होंने सभी को एक सूत्र में बांधकर सभी की उपस्थिति के साथ विशेष योगदान दिया ।वक्ता के रूप में सिधौली के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा जी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आदित्य प्रकाश मिश्रा जी, कसमंडा अध्यक्ष हबीबुर रहमान, खैराबाद अध्यक्ष नरेश चंद्र मिश्रा जी, यासमीन बेगम, सुधा वर्मा, बिसवां ब्लॉक के अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला जी, मछरेहटा अध्यक्ष अंजनी कुमार शुक्ला जी, संगठन के संरक्षक के रूप में इंद्र मोहन त्रिवेदी जी, विश्वनाथ दीक्षित जी, राम मूर्ति मिश्रा जी, फुरकान अली जी आदि ने अपने उद्बोधन में मुरारी लाल श्रीवास्तव जी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक गणों में श्री अरविंद वर्मा जी, श्री अनुपम दीक्षित जी, श्री रेहान खान जी ने विशेष सहयोग प्रदान किया, जिसका शिक्षक संघ ने विशेष आभार व्यक्त किया स आज के समारोह का सफल संचालन विद्यालय के प्रशासक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री अशोक प्रजापति जी ने किया स अंत में अभिनंदन समारोह की मुख्य सचेतक मीनू सूर्या यादव जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न’

विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद सीतापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया उक्त आयोजन की मुख्य थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संयोजित थी स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालसा सचिव, अतिरिक्त न्यायाधीश, लीगल एवं डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ सुजीत बाजपेई , लीगल एवं डिफेंस काउंसिल श्री भूपेंद्र दीक्षित जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती अर्चना के साथ कार्यक्रम साथ शुभारंभ किया ।विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया स स्वागत उद्बोधन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमी किरण अवस्थी जी द्वारा किया गया स थीम पर आधारित विद्यालय की छात्राओं में पावनी सिंह, आद्या शक्ति दुबे, एवं ईशा गुप्ता ने अपने विचार रखे स वक्ताओं में भूपेन्द्र दीक्षित, लीगल एवं डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ सुजीत वाजपेई जी ने तथा मुख्य अतिथि डालसा सचिव विजय मान जी ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता पर विस्तृत चर्चा करके विद्यालय के छात्रों को प्रेरित किया।

सोशलिस्ट पार्टी ने पीड़ित किसानों ने मांगा चंदा

जन एक्सप्रेस । सिधौली-सीतापुर

सोशलिस्ट पार्टी (इण्डिया) के प्रधान महासचिव संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं और किसानों ने तहसील प्रांगण और कस्बे के विभिन्न मार्गों पर घूम घूम कर हिण्डौरा मामले के तीन पीड़ित किसानों की सहायता के लिए चन्दा मांगा। गौरतलब है कि उपजिलाधिकारी सिधौली के नेतृत्व में तहसील प्रशासन ने ग्राम हिण्डौरा में कुछ किसानों बच्चूलाल, मुन्ना गुप्ता, अनामिका, मोनिका व शिवशंकर की भूमि पर खड़ी गेहूं, सरसों और मटर की फसल को नष्ट कर दिया था। जिसको लेकर सोशलिस्ट पार्टी (इण्डिया) की सीतापुर ईकाई राष्ट्रीय नेताओं की अगुवाई में आन्दोलन करते हुए किसानों को मुआवजा देने की मांग कर रही है। इससे पहले गांव में कई दिनों तक धरना दिया गया था तथा गांव से जिला मुख्यालय तक पदयात्रा करके विरोध प्रदर्शन किया गया था। प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों पर ध्यान न देने पर शुक्रवार को सोशलिस्ट किसान सभा के नेता कमलेश पाण्डेय और संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों से किसानों की सहायता के लिए चन्दा मांगा। इस मौके पर एडवोकेट अनूप कुमार, पत्रकार अनुराग आग्नेय, आयुष तिवारी, अमर शिवा सहित हिण्डौरा गांव के तमाम लोग मौजूद थे।

जर्जर हाईटेंशन लाइन को बदलने की मांग

सिधौली-सीतापुर ग्राम मुजफ्फरपुर से अलबदा गाँव तक लगभग 1.50 किमी लंबी जर्जर 11,000 वोल्ट विद्युत लाइन को बदलवाने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विनम्र निवेदन किया है। यह लाइन अत्यंत पुरानी होने के कारण बार-बार तार टूटने, फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं का कारण बन रही है प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, राहगीरों तथा वन्य जीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने इस जनहित मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। साथ ही गंधौली फीडर के ट्रांसफार्मर का एक फेस तीन वर्षों से खराब होने की समस्या भी बताई गई। मण्डल उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सिधौली अवधेश कुमार सिंह (नीरज सिंह) के नेतृत्व में अजय अवस्थी, कमलेन्द्र सिंह, अनूप कुमार, कृष्ण कुमार सिंह सहित समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की है।

ग्राम निधि में हुई लूट का खुलासा होते ही डीएम गठित जांच टीम

- महेवा विकासखंड की अनेकों ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि से सगे संबंधियों पर की धन वर्षा
- विकास कार्य कागजों में, कार्यवाही हवा में, जिम्मेदार मौज काट रहे
- जिम्मेदारों के गठजोड़ पर सवाल, जमीनी पड़ताल में खुला खेल

जन एक्सप्रेस | उरई

जनपद जालौन के विकासखंड महेवा में ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से ग्राम निधि के फर्स्ट खाते से खुलेआम सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। विगत दिनों कई ऐसे मामले सामने आए हैं। जहां नियमों को ताक पर रखकर निजी खातों में भुगतान कर लाखों रुपये की हेराफेरी की गई है। यह साफ तौर पर वित्तीय नियमों की अनदेखी और सरकारी धन के दुरुपयोग की और इशारा करता है।

खुलासा-1 ग्राम पंचायत हथनौरा

ग्राम पंचायत हथनौरा में प्रधान मुन्नी देवी के ससुर हरेंद्र सिंह (रिटायर सचिव) पेंशनभोगी के खाते में सीसी, इंटरलॉकिंग, टाइल्स, रंगाई, पुताई, लाइट फिटिंग,साफ सफाई के नाम पर लाखों की धनराशि निकल ली,साथ ही अपने सगे रिश्तेदार कि चौहान टेंडर्स नामक फर्म में बिना कार्य कराए फर्जी भुगतान किए गए साथ ही पंचायत सहायक का तीन माह का मानदेय भी फर्म के नाम कर दिया।

खुलासा-2 ग्राम पंचायत बम्हौरा

ग्राम पंचायत बम्हौरा में ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह के पुत्र वीर सिंह को गौपालक बनाने के साथ साथ ग्राम निधि के कार्यों में मजदूरी का फर्जी भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में हैंडपंप मरम्मत,गौशाला में साफ सफाई,झाड़ी सफाई,मिट्टी भराई के नाम पर 209500 रुपये,वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी उक्त कार्यों के नाम पर 80732 रुपये का भुगतान हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक प्रधान और रोजगार सेवक कामिनी देवी का भाई हरिश्चंद्र अपनी अपनी फर्म का स्वयं संचालन करते हैं।

खुलासा-3 ग्राम पंचायत लौना

ग्राम पंचायत लौना में प्रधान के पुत्र शिवेंद्र सिंह के खाते में वित्तीय वर्ष 2023- 24 में हैंडपंप मरम्मत, शौचालय मरम्मत, बाउंड्रीबाल निर्माण, प्रकाश की व्यवस्था हेतु, पंचायत भवन में लाइट फिटिंग हेतु, इंटरलॉकिंग, पानी टंकी फिटिंग, अंत्येष्टि स्थल में कुशल कारीगर का भुगतान, सीसी निर्माण और जेसीबी द्वारा तालाब की खुदाई में मजदूरी के नाम पर लगभग आठ लाख रुपए का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी प्रधान के पुत्र के खाते में उक्त कार्यों के सापेक्ष ही ग्राम निधि से लगभग एक लाख का फर्जी भुगतान तथा वित्तीय वर्ष 2025- 26 में एक लाख से ऊपर का फर्जी भुगतान किया गया है। सचिवालय में लाइटफिटिंग के नाम पर एक लाख 80 हजार, कुर्सी, मेज की खरीद करने के नाम पर 43 हजार रुपये का भुगतान किया गया है। गौरतलब है कि अपलोड किए गए बिल हाथों से लिखे हुए हैं। दो दिन पहले ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने जांच के आदेश दिए थे।

खुलासा-4 ग्राम पंचायत पड़री मुस्तकिल

ग्राम पंचायत पड़री मुस्तकिल के प्रधान शिवसिंह ने अपने पुत्र मंगल सिंह के खाते में जून-2025 को हैंडपंप मरम्मत मिस्त्री के नाम पर 18 हजार,जून 2025 को ही नरहान रोड पर झाड़ी सफाई हेतु 30 हजार, अक्टूबर 2025 को जमुना जी बाढ़ के दौरान व्यवस्था हेतु 37 हजार 800, अक्टूबर 2025 को नरहान दहलखंड मार्ग पर झाड़ी सफाई हेतु 17 हजार 500 और अक्टूबर 2025 को ही हैंडपंप मरम्मत हेतु 8 हजार रूपये की निकासी कर ली। यह आंकड़ा वित्तीय वर्ष 2025-26 का है।

खुलासा-5 ग्राम पंचायत शाहजहांपुर

ग्राम पंचायत शाहजहांपुर में ग्राम प्रधान उदयवीर ने अपने सगे दो भाइयों किरण बाबू, बलवीर पांचाल और भतीजे ऋषभ को गौपालक दिखाकर फर्जी तरह भुगतान किया। ग्राम प्रधान ने स्वयं के खाते में वित्तीय वर्ष 2022-23 में गांव में सफाई हेतु, चुनाव कार्य हेतु, हैंडपंप मरम्मत हेतु, जनरेटर, प्रशासनिक मद, गौशाला मानदेय, पंचायत भवन में सफाई, मिट्टी भराई, कूड़ा गाड़ी खरीद हेतु विभिन्न प्रकार से लाखों रुपये अपने खाते में डाल कर गबन कर लिया। वहीं फर्म संचालक भारत सिंह को गोपालक दिखाकर उसके खाते में मानदेय के साथ-साथ लगभग सात लाख रूपये की मजदूरी की धनराशि डालकर बंदरबाट किया।

विकासखंड महेवा की इन ग्राम पंचायतों में सामने आई अनियमितताएं केवल कुछ उदाहरण भर हैं। बड़ा सवाल यह है कि जिम्मेदार अधिकारी आखिर कब तक चुप्पी साधे रहेंगे। यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो ग्राम निधि की यह लूट यूं ही जारी रहेगी और विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएगा। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने गठित टीम से तीन दिवस के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

इफको ने शुरू किया आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि अभियान

- नैनो एनपी लिक्विड एनपी ग्रेन्यूलर भारत के उर्वरक नियंत्रण औपचारिक रूप से शामिल किया
- इफको अध्यक्ष दिलीप संघाणी दिल्ली में नैनो की पांच प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस | उरई

जालौन। आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर कृषि के नारे को इफको द्वारा निर्मित नैनों के उत्पाद के प्रयोग से ही सफल हो सकता है। उक्त इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नैनो की पांच प्रचार बेन को हरी झंडी दिखाकर महा अभियान की शुरुआत करने की अवसर पर कहीं। क्षेत्रीय जिला प्रबंधक इफको शुभम मिश्रा ने बताया कि गत दिवस इफको अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने आत्म निर्भर भारत आत्मनिर्भर कृषि के नारा पूरा करने के लिए देश के 19 राज्यों एवं केंद्र केंद्र शासित 560 जिलों और 3477 तहसीलों में व्यापक रूप से संचालित करने के लिए अध्यक्ष श्री सिंघानी ने शुरू किया है। जिला प्रबंधक शुभम मिश्रा ने बताया नैनो एनपी लिक्विड एनपी ग्रेन्यूलर भारत के उर्वरक नियंत्रण औपचारिक रूप से शामिल किया गया है इफको के अध्यक्ष के अनुसार यह एक व्यापक और एकीकृत राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों को नैनो उर्वरक की उपयोग को बढ़ावा देना है यह अभियान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से शुरू किया गया है आत्मनिर्भर भारत तथा सहकार से समृद्धि जैसे राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप है। श्री संघाणी ने कहा भारत आज एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहां पर परंपरा एवं तकनीक का संगम हो रहा है और यही संयोजन भारतीय कृषि को नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठित सहकारिता मंत्रालय का संचालन देश के प्रथम सहकारिता मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। सरकार से समृद्धि का मंत्र इस अभियान की भावना को पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित करता है। श्री संघाणी के अनुसार नैनो उड़िया नैनो डीएपी नैनो कॉपर नैनो उत्पाद के इस्तेमाल से किसान अपनी आय को बढ़ा सकता है और भारत सरकार के सपना को को कृषि मंगलम राष्ट्र मंगलम सपने को पूरा कर सकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक शुभम मिश्रा ने बताया अध्यक्ष का पूरा प्रयास है की नैनो अभियान को ग्राम स्तर तक व्यापक स्तर पर चलाया जाए एवं किसानों को जागरूक करके नैनो के डीएपी यूरिया तथा अन्य उत्पाद इस्तेमाल करने के लिए जागरुक कर प्रेरित किया जाए इफको के अध्यक्ष संघाणी के अनुसार वर्ष 2025-26 में एक का कर पूर्व लाभ 4200 करोड़ के ऐतिहासिक स्तर से अधिक रहने का अनुमान है यह कार्यक्रम इफको सदन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक केजे पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

टहलते समय पैर फिसलने से छत से गिरकर युवती घायल

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। थाना क्षेत्र के ककरा गांव में बीती शनिवार की रात छत पर टहलते समय पैर फिसलकर गिरने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र से ककरा गांव निवासी नवी हसन की लगभग 22 वर्षीय पुत्री मौसमी बीती शनिवार की रात को अपने घर में छत पर टहलने रही थी ।उसी समय उसका अचानक पैर फिसल जाने से वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गयी ।घायल मौसमी को परिजनो ने इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया ।डॉक्टर के अनुसार युवती को गंभीर चोटें आई थीं ।जिसको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

खेत से निकलने को लेकर मारपीट,6 लोग घायल

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र में खेत से निकलने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोग घायल हो गए ।घायल पक्ष ने थाने पर घटना की तहरीर दी है ।तथा सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कन्नौज जनपद के राजापुरवा गांव निवासी नीरज कुमार ने अरवल थाने पर दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार को वह अपने साथियों परशुराम,आदेश, रामू , सुमित, पुनीत आदि के साथ अरवल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव के पास गेहूं की फसल काटने जा रहे थे। इसी दौरान खेत से निकलने को लेकर विवाद हो गया ।जिसमे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का आरोप है ।नीरज की तहरीर पर पुलिस ने सभी घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

आयकर अधीक्षक बनकर गांव पहुंचे आवर्त सिंह का किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। विकास खंड के पलिया गांव में रविवार को उत्सव जैसा माहौल रहा ।एसएससी-2025 परीक्षा में सफलता हासिल कर आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक बने आवर्त सिंह के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। जैसे ही आवर्त गांव की सीमा पर पहुंचे, युवाओं ने बैंड बाजे और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। पूरे रास्ते उन पर पुष्प वर्षा की गई। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचने वाले आवर्त को देखने के लिए हर घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। अपने लाल को अफसर के रूप में देख पिता भगवान सिंह और परिजनों की आंखें छलक आईं। ग्रामीणों ने आवर्त को मिठाई खिलाकर और साफा बांधकर सम्मानित किया। बुजुर्गों ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आवर्त ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से अभावों के बीच भी सफलता का शिखर छुआ जा सकता है। स्वागत से अभिभूत आवर्त सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के संघर्ष को दिया। उन्होंने गांव के अन्य छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी कभी भी सपनों के आड़े नहीं आनी चाहिए। देर शाम तक गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और हर कोई इस गौरवमयी पल का गवाह बना।

लूटपाट कर दहशत फैलाने के चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने पांच अप्रैल को दिनदहाड़े

हाईवे पर दहशत फैला कर दुकानों में लूटपाट करने और दुकानदारों का सामान सड़क पर फेंकने के आरोप में चार दहशतगर्दों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और जेल भेज दिया गया। शाहाबाद कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार धर्मेंद्र गुप्ता पुत्र श्यामसुंदर गुप्ता निवासी मोहल्ला बुध बाजार के अनुसार 5 अप्रैल को मोहल्ला वाजिद खेल निवासी जाहिर एवं हारिश पुत्र गण कासिम रजा ने अपने पांच दर्जन साथियों के साथ दहशत फैलाते हुए दुकानों में लूटपाट की और दुकानों का सामान निकाल कर सड़क पर फेंक दिया। इस दौरान उपरोक्त लोग आवश्यक दस्तावेज और नकदी लूटकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस घटना में प्रकाश में आए दारुल खान पुत्र वाहिद खान निवासी खेड़ा गंजहा, अमन पुत्र ओंकार निवासी खेड़ा बीबीजयी, इरशाद पुत्र इसनाद निवासी गिलजई तथा सुमित उर्फ वैचा पुत्र तिल्ला निवासी काशीराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया चारों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

हत्या का आरोपी व 50 हजार का इनामिया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जनपद के नवाबगंज थाना इलाके में हुई एक महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को एसटीएफ कानपुर यूनिट ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त परमेश कुमार पटेल लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था, जिसे कानपुर देहात के बारा टोल प्लाजा के पास से दबोचा गया। बता दें कि बीते 1 फरवरी को नवाबगंज के गहरू का पुरवा (अब्दुल वाहिदगंज) में एक 55 वर्षीय महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। मृतका का अपने सौतेले पुत्र से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारों ने वारदात को अंजाम देते समय घर के अन्य सदस्यों को बाहर से बंद कर दिया था। इस मामले में पुलिस हत्या और साजिश समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसटीएफ कानपुर के उपनिरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर बारा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर रायबरेली निवासी परमेश कुमार पटेल (43 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने कुबूल किया कि वह पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था और उसके बाकी साथी पहले ही जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ रायबरेली और प्रतापगढ़ के विभिन्न थानों में हत्या, गैर-इरादतन हत्या, लूट, धोखाधड़ी, और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने जैसे 10 संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया।

एक्शन : पुलिस ने अनफिट स्कूल वाहन को किया सीज

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा के मद्देनजर एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर 'स्कूल वाहन फिटनेस जांच' अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान एक वाहन को मानकों के विपरीत पाए जाने पर मौके पर ही सीज कर दिया गया। सीओ यातायात अनिल कुमार राय के नेतृत्व और टीएसआई प्रदीप सिंह की उपस्थिति में पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग पॉइंट लगाए। इस दौरान स्कूली बसों और वैनों को रोककर उनके फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, परमिट और प्रदूषण कार्ड की जांच की गई। साथ ही बच्चों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और खिड़कियों पर लगी जालियों का भी निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान एक स्कूल वाहन ऐसा पाया गया जिसके पास न तो वैध दस्तावेज थे और न ही वह तकनीकी रूप से सड़क पर चलने के लायक था। सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी पाए जाने पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया। यातायात पुलिस ने सभी स्कूल प्रबंधकों और वाहन स्वामियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन करें। प्रतापगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ?वाहन के सभी कानूनी दस्तावेज अपडेट हों। ? 'बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। '

नवजीवन मेटरनिटी हॉस्पिटल में सृजन आईवीएफ का निशुल्क कैम्प आयोजित

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर

जनपद के नवजीवन मेटरनिटी हॉस्पिटल में रविवार को सृजन आईवीएफ, लखनऊ द्वारा निःशुल्क निःसंतानता (इन्फर्टिलिटी) कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में बड़ी संख्या में दंपतियों ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। कैम्प के दौरान महिला चिकित्सक डॉ. शिल्पी तिवारी ने महिलाओं के खान-पान, दैनिक दिनचर्या और बढ़ती उम्र के साथ प्रजनन क्षमता पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ता तनाव भी निःसंतानता के प्रमुख कारणों में शामिल हैं, जिन पर समय रहते ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. पूजा बरनवाल ने कहा कि जिन दंपतियों को प्राकृतिक रूप से संतान प्राप्ति में कठिनाई होती है, उनके लिए आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) एक प्रभावी विकल्प साबित हो सकता है। उन्होंने उम्र, जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण कारणों पर भी प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. स्नेहा गौतम ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय पर जांच और उपचार कराने की सलाह दी। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर विशेष जोर दिया। कैम्प में उपस्थित विशेषज्ञों ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को स्थानीय लोगों ने सराहनीय पहल बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

13 वर्षीय छात्र का शव घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला

जन एक्सप्रेस | जालौन

माधौगढ़ । माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के डिकौली गांव में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कक्षा 6 में पढ़ने वाले 13 वर्षीय किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। डिकोली गांव के निवासी मनीष का 13 वर्षीय पुत्र प्रदुम घर के एक कमरे में था। काफी देर तक उसके बाहर न निकलने पर परिजनों को संदेह हुआ। जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो प्रदुम्न फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देख परिजनों में हड़कंप मच गया और घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले के बाघराय थाने की पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे एक मुख्य अभियुक्त को थाना इलाके के भाव चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते 26 दिसंबर को थाना बाघराय के धारुपुर गांव में जमीन और दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई थी। दीवार बनाने का विरोध करने पर बात गाली-गलौज से शुरू होकर मारपीट तक पहुँच गई। इस दौरान धारदार हथियारों का प्रयोग किया गया और एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। ?एसपी दीपक भूकर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के नेतृत्व में बाघराय पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वारदात में शामिल एक आरोपी को घेराबंदी करते हुए भाव चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अर्जुन सरोज पुत्र राम टहल को थाना इलाके के धारूपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया।

गौ सेवा आयोग सदस्य ने गौशाला का किया निरीक्षण

कुठौंद (जालौन)। रविवार को गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने अस्थाई गौशाला कुठौंद का निरीक्षण करते हुये गौशाला में मौजूद गायों की गहनता से जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने गौशाला केयर टेकर से भी गायों को हरा चारा, भूसा, चोकर देने को लेकर सवाल जबाब भी किये। साथ ही गौशाला में सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि हिंदू धर्म की माता गायों को समय से भोजन ही नहीं बल्कि बीमार होने पर उनका उपचार कराना भी सुनिश्चित हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। यदि इसमें लापरवाही प्रकाश में आयेगी तो तत्काल कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह के गौशाला निरीक्षण के समय ग्राम प्रधान नरेंद्र महंत ने बताया कि वह स्वयं ही सुबह शाम अपनी मौजूदगी में स्थाई गौशाला में रहने वाली गायों की देखरेख में सहभागी रहते हैं।

चोरी की बाइक व अवैध देशी बम के साथ चार युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

?जिले की कोहड़ौर थाने की पुलिस ने रविवार को थाना इलाके के बरासराय नहर पटरी के पास से घेराबंदी कर चोरी की मोटरसाइकिल जब देशी बम के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी कोहंडौर श्री धनन्जय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि बरासराय गांव के पास आवले की बगिया के समीप नहर पटरी पर कुछ संदिग्ध युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नीरज यादव, शुभम गौतम, अंश मौर्य निवासी प्रतापगढ़ और अभिषेक गौतम निवासी जनपद अमेठी के रूप में हुई है। पूछताछ में इन अभियुक्तों ने बताया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। ये लोग सुनसान रास्तों पर राहगीरों को रोककर उन्हें देशी बम दिखाकर मौत का डर पैदा करते थे और फिर उनके मोबाइल व पैसे लूट लेते थे। लूट की रकम का इस्तेमाल ये अपने शौक पूरा करने और निजी खर्चों के लिए करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चार अवैध देशी बम, एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक सीज शुदा पल्सर मोटरसाइकिल व तीन एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया। ?जांच में पता चला कि बरामद की गई मोटरसाइकिल अमेठी के थाना रामगंज क्षेत्र से चोरी हुई थी, जिसके संबंध में वहां पहले से ही मुकदमा दर्ज हैं। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया।

रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर

जनपद के नव्या ग्रीन फाउंडेशन के तत्वावधान में समाजसेवी नीरज मौर्य द्वारा अपनी पुत्री नव्या मौर्या के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को मेडसिटी क्लीनिक, रामनगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा ही धर्म टीम के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है और यह महादान के समान है, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। शिविर में कुल 45 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 40 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य ने स्वयं 18वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इसमें भाग लेना चाहिए। शिविर में रक्तदान करने वालों में नीरज मौर्य, दिलीप जायसवाल, श्रीनाथ, दयाराम गौतम, अंकित यादव, दिव्यांशु, राहुल, बजरंगी, सुधाकर, विशाल शर्मा, दीपचंद्र प्रजापति, पीयूष तिवारी, अमन गौतम, बृजेश, दीपक मौर्य, रामसजन मौर्य, अजय कुमार, कुलदीप, जितेंद्र, ज्ञानेंद्र, सुनील, सालिकराम गोस्वामी, शैलेन्द्र सिंह, राजन मौर्य, स्नेहलता पाण्डेय, संजय, कृष्णा मौर्य, अजय प्रताप यादव, अनिल यादव, चंद्रप्रकाश, अंकुर मौर्य, मनोज मौर्य, मानस सिंह, शम्स तबरेज, सूरज गुप्ता, सौरभ कुमार, विकास, दिग्विजय सिंह, गौरीश कुमार एवं जुल्फेकार अहमद शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य ने सभी रक्तदाताओं एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

विला बना अखाड़ा! दीक्षा ने फेंके कपड़े तो

आकांक्षा चौधरी

ने पकड़ा गला, सरेआम हुई मारपीट

कहते हैं कि इश्क और जंग में सब जायज है, लेकिन रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला में तो प्यार कम और जंग ज्यादा नजर आ रहा है. शो में जल्द ही आने वाले ट्विस्ट ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है. जहां अब तक इस शो में कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे की आंखों में आंखें डालकर प्यार के वादे करते थे, वहीं अब ये एक-दूसरे के बाल नोचने और कपड़े फेंकने पर उतारू हो गए हैं. मामला इतना बढ़ गया कि बात सिर्फ जुबानी जंग तक नहीं रही, बल्कि सरेआम लात-घूंसे और हाथापाई तक पहुंच गई.

वैसे तो इस शो में अक्सर लड़कों के बीच की लड़ाई देखने को मिलती है, लेकिन इस बार लड़ाई दो लड़कियों में हुई है. ये पूरा ड्रामा तब शुरू हुआ जब दीक्षा पवार ने गुस्से में आकर आकांक्षा चौधरी के सारे कपड़े अलमारी से बाहर निकालकर फेंक दिए, बस फिर क्या था? आकांक्षा का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया. इस लड़ाई में आकांक्षा की दोस्त सुज़ैन की एंट्री ने आग में घी डालने का काम किया. सुज़ैन ने बदला लेने के लिए दीक्षा के कमरे में घुसकर उसके भी कपड़े तितर-बितर कर दिए.

गला पकड़ा, बाल नोचे और फिर...

स्प्लिट्सविला के लेटेस्ट प्रोमो में दिख रहा है कि दीक्षा और आकांक्षा के बीच की बहस देखते ही देखते फिजिकल हो गई. दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़ीं. मंजर कुछ ऐसा था जिसे देख दर्शक भी दंग रह गए. बताया जा रहा है कि इस लड़ाई में सिर्फ धक्का-मुक्की नहीं हुई, बल्कि बात गला पकड़ने और नाखून मारने तक पहुंच गई. आकांक्षा ने दीक्षा का गला पकड़ा तो दीक्षा ने आकांक्षा पर हाथ उठा दिया, जिसके बाद सुज़ैन भी इस 'दंगल' में कूद पड़ीं. कभी जिगरी दोस्त रहीं ये लड़कियां अब एक-दूसरे की जानी दुश्मन बन बैठी हैं.

सोशल मीडिया पर मचा बवाल

वीडियो वायरल होते ही फैंस दो गुटों में बंट गए हैं. ज्यादातर लोग आकांक्षा का साथ दे रहे हैं और दीक्षा को इस झगड़े की जड़ बता रहे हैं. कुछ यूजर्स तो दीक्षा को ट्रोल करते हुए लिख रहे हैं कि रियलिटी शो है, कोई कुश्ती का अखाड़ा नहीं. वहीं कुछ का कहना है कि सुज़ैन को बीच में टांग नहीं अड़ानी चाहिए थी.

ऐसी गलती कभी नहीं करूंगा... 'टटीरी' गाने के मामले में NCW के सामने पेश हुए

बादशाह

मांगी माफी

पिछले महीने सिंगर और रैपर बादशाह 'टटीरी' के नाम से एक गाना लेकर आए थे. गाने के लिरिक्स को लेकर काफी विवाद हुआ. हरियाणा में बादशाह के खिलाफ FIR भी दर्ज हुई. यूट्यूब और बाकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इस गाने से जुड़े लिंक हटवाए गए थे. साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने कई बार समन भेजकर उन्हें पेश होने के लिए कहा था. हालांकि, पहले तो खबर थी कि वो समन भेजे जाने के बाद भी पेश नहीं हो रहे थे. पर अब इस मामले में नया अपडेट आया है. ऐसी जानकारी है कि बादशाह राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने हाजिर हुए हैं और उन्होंने माफी भी मांगी है.

बादशाह मंगलवार (7 अप्रैल) को राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पहुंचे. उन्होंने अपने विवादित गाने के मामले में लिखित में माफी मांगी है और राष्ट्रीय महिला आयोग को भरोसा दिलाया है कि वो भविष्य में इस तरह की गलती नहीं दोहराएंगे. साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि वो महिलाओं के उत्थान में काम करेंगे और 50 जरूरतमंद छात्रों का सारा खर्च भी उठाएंगे.

बादशाह ने पहले भी मांगी थी माफी

राष्ट्रीय महिला आयोग ने बादशाह को समन जारी करके मंगलवार को 2:30 बजे पेश होने के लिए कहा था. उसी के बाद वो NCW के दफ्तर पहुंचे और 'टटीरी' गाने को लेकर माफी मांगी. बादशाह का ये गाना 1 मार्च 2026 को यूट्यूब पर रिलीज हुआ था. गाना रिलीज होते ही लिरिक्स की वजह से मामला गर्मा गया था और बादशाह विवादों में घिर गए थे. विवादों में घिरने के बाद 7 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बादशाह ने माफी मांगी थी और कहा था कि सारे प्लेटफॉर्म से इस गाने को हटा लिया गया है.

सलमान खान की 'मातृभूमि' मई में नहीं होगी रिलीज, जून पर मेकर्स की नजर

'मातृभूमि' की रिलीज में देरी क्यों?

सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' कब रिलीज़ होगी? ये सवाल भाईजान के फैंस लंबे वक्त से पूछ रहे हैं. अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी सलमान स्टारर इस फिल्म का नाम पहले 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था. कहानी भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुए झड़प पर आधारित थी. हालांकि बाद में इस फिल्म में काफी बदलाव किए गए. फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज़ होनी थी, लेकिन नए शूट के चलते इसमें देरी हुई और फिल्म को पोस्टपोन करना पड़ा.

पिछले दिनों ऐसी रिपोर्ट्स आईं कि अब सलमान खान अपनी इस फिल्म को 15 मई को रिलीज़ करने का प्लान बना रहे हैं. हालांकि लगता है कि 15 मई को भी फिल्म रिलीज़ नहीं हो पाएगी. बॉलीवुड हंगामा ने अपनी एक रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से दावा किया है कि फिल्म के नए कट के साथ भी मसला हो रहा है. दरअसल सलमान अपनी फिल्म को 15 मई को ही लाना चाहते हैं, लेकिन सेंसर बोर्ड में फिल्म अटक गई है और इसे सर्टिफिकेट दिलाना मुश्किल हो रहा है.

जून में आएगी 'मातृभूमि'?

तय वक्त पर सेंसर बोर्ड से 'मातृभूमि' को मंजूरी नहीं मिलने की सूरत में फिल्म मई में रिलीज़ नहीं हो सकेगी. ऐसे में बताया जा रहा है कि अब मेकर्स इसे जून में रिलीज़ करने पर विचार कर रहे हैं. हालांकि इसके लिए भी सेंसर बोर्ड से फिल्म को मंजूरी मिलने का इंतज़ार करना होगा.

सलमान जल्द शुरू करेंगे दिल राजू की फिल्म

'मातृभूमि' को रिलीज़ होने में भले ही देरी हो रही है, लेकिन सलमान रुके नहीं हैं. वो अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने जा रहे हैं.

इसी महीने 17 अप्रैल के आस पास सलमान अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर देंगे. इस फिल्म का निर्देशन वामशी पैडिपल्ली कर रहे हैं. हाल ही में सलमान ने आधिकारिक तौर पर अपने इस प्रोजेक्ट का ऐलान किया था. माना जा रहा है कि ये फिल्म 2027 की शुरुआत में आएगी.

'इगो एक बड़ा कारण था...'

तलाक के 10 सालों बाद क्यों साथ आए प्रियदर्शन और लिस्सी? पर्सनल लाइफ पर खुलकर बोले डायरेक्टर

शादी-तलाक और 'री-यूनियन'

प्रियदर्शन लंबे वक्त के बाद एक्टर अक्षय कुमार के साथ किसी फिल्म में काम कर रहे हैं. इस जोड़ी ने बीते सालों में हिंदी सिनेमा को कुछ सबसे अच्छी और शानदार फिल्में दी हैं. एक तरह से कहा जाए तो अक्षय कुमार के सबसे सुनहरे सालों में उनकी ज्यादातर फिल्में प्रियदर्शन के साथ ही रही हैं. प्रियदर्शन को जितना उनके क्राफ्ट के लिए जाना जाता है, वहीं वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर बात करना पसंद नहीं करते.

हाल ही में प्रियदर्शन को लेकर एक बड़ी खबर आई थी कि वो अपनी पत्नी लिस्सी लक्ष्मी के साथ वापस रहने लगे हैं. दोनों ने सालों पहले एक दूसरे से अलग होने का फैसला लिया था और अपनी 32 सालों की शादी के बाद तलाक ले लिया था. 2016 में अलग होने के 10 सालों बाद एक बार फिर से दोनों ने अपने रिश्ते को एक मौका दिया. अब डायरेक्टर ने खुलकर इस बारे में बात की है.

32 सालों तक एक साथ थे प्रियदर्शन- लिस्सी

भूत बंगला को लेकर चर्चा के बीच पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए प्रियदर्शन ने लिस्सी संग अपने तलाक का असल कारण बताया. डायरेक्टर ने कहा- हम दोनों एक साथ 32 सालों से थे, लेकिन फिर दोनों के मन में ये बात आने लगी कि तुम मेरी और मैं तुम्हारी वजह से हूं. ये किसी भी रिश्ते के लिए सही नहीं है. इसलिए हमने अलग होने का फैसला लिया था. आगे प्रियदर्शन ने बताया- वक्त के साथ हमारे बीच कई बातों को लेकर क्लैरिटी आई और हमने इतने सालों में खुदपर काम किया.

1990 में की थी शादी

प्रियदर्शन ने आगे कहा- एक वक्त के बाद हमें लगा की हम दोनों एक दूसरे को मिस रहे हैं, इसलिए हम एक साथ वापस आए. इसका मतलब ये था शायद कि हम दोनों के दिलों में एक दूसरे के लिए खास प्यार था, जो कहीं न कहीं छिपा हुआ था.

आपको किसी की जरूरत होती है. कम्पैनियनशिप काफी जरूरी है. हमारे बीच कोई मैरिज सर्टिफिकेट नहीं है, लेकिन हम एक साथ उसी तरह से जिंदगी जी रहे हैं, जैसे पहले जीते थे. आपको बता दें कि प्रियदर्शन ने साल 1990 में लिस्सी से शादी की थी. दोनों के दो बच्चे हैं, जिनका नाम कल्याणी प्रियदर्शन और सिद्धार्थ प्रियदर्शन है.

विक्रमजोत गन्ना समिति की ऐतिहासिक बैठक, 30 लाख क्विंटल आपूर्ति का रिकॉर्ड

- किसानों के लिए 2.02 करोड़ का बजट और कई बड़े फैसले

जन एक्सप्रेस । बस्ती

हरैया। सहकारी गन्ना विकास समिति विक्रमजोत की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक रविवार को शंकरपुर स्थित एक मैरिज हाल के परिसर में बेहद उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इंजीनियर सिद्धांत सिंह ने की, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रगतिशील गन्ना किसान, डेलीगेट्स और सदस्य उपस्थित रहे।

अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों और प्रदेश में गन्ने के 'शॉर्ट ईयर' के बावजूद समिति की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया। बताया कि विक्रमजोत समिति ने पिछले दो वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 30 लाख क्विंटल से अधिक गन्ने की आपूर्ति सुनिश्चित की है, जो किसानों की मेहनत और समिति की बेहतर कार्यप्रणाली का प्रमाण है।

बैठक में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। वर्ष 2026-27 के लिए 2 करोड़ 2 लाख रुपये का वार्षिक बजट स्वीकृत किया गया, वहीं वर्ष 2024-25 की बैलेंस शीट को भी सदन ने मंजूरी प्रदान की।

किसानों की सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से समिति परिसर में आधुनिक किसान भवन और बाउंड्री वॉल के निर्माण को हरी झंडी दी गई। बताया कि कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने की मांग गन्ना मंत्री से की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक लाख रुपये तक के पुरस्कार देने की घोषणा की गई। बताया कि फार्म मशीनरी बैंक के लिए नए उपकरणों की खरीद भी प्रस्तावित है।

स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी समिति ने बड़ा कदम उठाया है। सभी गन्ना किसानों का निशुल्क बीमा कराया जाएगा और जल्द ही एक विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। खाद की समस्या को दूर करने के लिए समिति स्वयं नया गोदाम खोलकर खाद वितरण सुनिश्चित करेगी। समिति के वरिष्ठ सदस्य बलराम सिंह ने गन्ना उतराई के नाम पर गन्ना क्रय केंद्रों पर अवैध वसूली व समिति के अधीन नवाबगंज समिति के अधीन तैंतीस गांवों में नियमानुसार चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव सदन में रखा। जिस पर अध्यक्ष ने अनुमोदन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष डा. अरविंद सिंह ने किया।

बैठक में जिला गन्ना अधिकारी अंगद प्रसाद , पूर्व अध्यक्ष मंजू सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रमुख योगेन्द्र, दिनेश पांडेय, डा.बी.के.सिंह, भाजपा नेता अनिल पांडेय, अखंड सिंह, विक्रमजोत गन्ना समिति के सचिव अंगद वर्मा,प्रबंध समिति के सदस्य सत्यप्रकाश सिंह, राम गोपाल सिंह, गणेश दुबे, कौशल्या देवी, कुलदीप सिंह सहित सामान्य निकाय के सदस्य राम किशोर तिवारी, बाबू राम वर्मा, मुकेश दत्त सिंह, गोपी चौधरी, राजेश्वर सिंह, दुर्गविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

अंत में अध्यक्ष ने सभी किसानों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि समिति किसानों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और इसे प्रदेश की सबसे उत्कृष्ट समिति बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा।

बदलापुर पड़ाव से तूतिपुर तक बने प्लाटून पुल का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर अब जनपद के शहरी क्षेत्र की जनता को जाम से मिलने जा रही है राहत बदलापुर पड़ाव से तूतिपुर तक गोमती नदी में बने प्लाटून पुल (पीपे का पुल)आज जनता को समर्पित रविवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव जी ने गोमती नदी पर बदलापुर पड़ाव से तूतिपुर तक बने प्लाटून पुल (पीपे के पूल)का आज विधिवत पूजन करके लोकार्पण किया। जिसकी लागत रुपया 66.75 लाख है जिसे कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि जनपद के शहरी क्षेत्र मे मां गोमती नदी बीचों-बीच बहती हैं आधी आबादी गोमती के इस पार है और आधी आबादी गोमती के उस पार है. आवागमन के लिए केवल तीन पक्का पूल होने के बावजूद भी जाम की समस्या निरंतर बनी रहती है, जाम की समस्या को देखते हुए एक प्लाटून पूल सिपाह अचला देवी घाट से मियापुर बना है जो जनता के लिए समर्पित है दूसरा शहरी क्षेत्र में आज जिसका लोकार्पण हुआ इस पुल बन जाने से बदलापुर पड़ाव,कटघरा, ताड़तला मखदूम शा अढ़न, अबीरगढ़ टोला, तूतिपुर, पानदरीबा और पुरानी बाजार सहित आदि मोहल्ले के लोगो को जाम की समस्या से निजात मिलेगा, राज्य मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि शास्त्री पुल के समानांतर एक पक्का पुल बन रहा है जिसमें देरी होने के कारण मैंने इसकी शिकायत भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से की जिसे माननीय नितिन गडकरी जी ने गंभीरता से लेते हुए भी संबंधित लोगों के ऊपर कारवाई की अब जल्द से जल्द शास्त्री पूल के समानांतर पुल का निर्माण जल्द से जल्द हो जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष कमलेश निषाद, जिला महामंत्री अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंघानिया, सभासद नंदलाल यादव, विष्णु सेठ, सिपिन सिंह मुन्ना सिंह, ब्रह्मेश शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपू मिश्रा और जय विजय सोनकर सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

रामपुर में कार–बाइक की जोरदार टक्कर, बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर रामपुर (मड़ियाहूँ) थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर प्रसाद फिलिंग पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार को एक अर्टिगा कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 62 वर्षीय पधारी गौतम निवासी परसामलपुर सुरेरी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पधारी गौतम अपनी मोटरसाइकिल से प्रसाद फिलिंग स्टेशन पर डीजल लेने पहुंचे थे। इसी दौरान जौनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही रामपुर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामपुर भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भदोही रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा संबंधित वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जौनपुर: पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, 4 लाख 20 हजार बरामद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले के थाना मछलीशहर व पवारा की संयुक्त पुलिस द्वारा थाना मछलीशहर पर पंजीकृत डिग्गी से पैसा निकाले जाने से सम्बन्धित अभियोग का किया गया अनावरण करते हुए मुठभेड़ में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया इसमें एक के पैर में गोली लगी। उनके कब्जे से चार लाख 20 हजार नकद, तमंचा कारतूस मोटरसाइकिल बरामद किया। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम व थानाध्यक्ष पवारा कुँवरपुर के पास चेकिग के दौरान मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा पुलिस के रोकने पर पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर द्वारा जबाबी फायर में एक अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार दोबरे पुत्र हरनाम सिंह उर्फ सुमित नारायण ग्राम मिराय वाहरपुरा थाना भरथरा जनपद इटावा के दाहिने पैर में गोली लगने तथा दूसरे अभियुक्त गुड्डू उर्फ इकरार पुत्र रहीम बक्श निवासी डिवियापुर शास्त्री नगर थाना डिबियापुर जिला औरैय मोटर साइकिल वाहन से दब जाने पर चोट आयी है मौके से ही पकड़ लिया गया। ज्ञात हो कि सात अप्रैल को सुर्यमणि मिश्रा पुत्र शोभनाथ मिश्रा निवासी तियरा थाना बदलापुर द्वारा एसबीआई बैंक से पैसा निकालने केउपरांत घर जाते समय मुस्तफाबाद युनियन बैंक के पास के पास रुककर चाय पीने लगे तभी दो अज्ञात व्यक्ति डिग्गी से पाँच लाख रुपये लेकर भाग गये थे। दोनो अभियुक्तों पर बड़ी संख्या में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

जौनपुर में भाजपा का बड़ा ऐलान: 2303 बूथों पर धूमधाम से मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सोमवार को नारी अभिनंदन एवं अंबेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर आयोजित संगोष्ठी में बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद वंदे मातरम् गीत गाकर माहौल को देशभक्ति से सराबोर किया गया। मुख्य अतिथि सुशील उपाध्याय ने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके 'अंत्योदय' के संकल्प को साकार करने का महापर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर बस्ती और गांव में पहुंचकर सेवा कार्य करें और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की समस्याओं का समाधान करें। एमएलसी बृजेश सिंह ने नारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त धुरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि जयंती के अवसर पर हर बूथ और वार्ड स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए और बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

निकम्मे सांसद और दिखावटी सरकार: अशोक सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने जौनपुर पहुंचकर नगर के एक होटल में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा किया और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के साथ-साथ स्थानीय सांसद पर भी जमकर निशाना साधा।

अशोक सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार द्वारा सवर्ण समाज के साथ केवल दिखावा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण दारोगा भर्ती में पूछे गए विवादित प्रश्न और यूजीसी के नए नियमों से साफ दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के चुनाव में उनकी पार्टी सरकार बनाने की स्थिति में होगी। साथ ही गठबंधन के संकेत देते हुए कहा कि अन्य दलों से बातचीत संभव है, हालांकि उन्होंने किसी विशेष पार्टी का नाम उजागर नहीं किया। जौनपुर के वर्तमान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा पर तीखा हमला बोलते हुए अशोक सिंह ने कहा कि वे 'सबसे निकम्मे सांसद' हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद क्षेत्र में बहुत कम दिखाई देते हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में बसपा में रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगे और अब सपा के साथ मिलकर जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाई जा रही है।

महाराष्ट्र की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए राज ठाकरे के मराठी भाषा को लेकर दिए गए बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। अशोक सिंह ने कहा कि भारत में किसी भी नागरिक को किसी विशेष भाषा बोलने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

जौनपुर में डीएम का औचक निरीक्षण: 'फार्मर रजिस्ट्री' कराना अब अनिवार्य, किसानों से तुरंत कराने की अपील

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने रविवार को मड़ियाहूँ तहसील क्षेत्र के जमालापुर स्थित नवीन जन सेवा केंद्र (ष्टस्ष्ट) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 'फार्मर रजिस्ट्री' कार्य की प्रगति पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित सभी सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य कर दी गई है। भविष्य में शासन की समस्त कृषि योजनाओं को इसी रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने गांवों में आयोजित विशेष कैंपों में पहुंचकर या संबंधित लेखपाल से संपर्क कर जल्द से जल्द अपनी रजिस्ट्री पूरी करा लें। साथ ही खतौनी और आधार में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे राजस्व टीम के माध्यम से तत्काल ठीक कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। डीएम ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और जनप्रतिनिधियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी परेशानी की स्थिति में किसान सीधे लेखपाल, तहसीलदार या उपजिलाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मड़ियाहूँ नवीन कुमार, तहसीलदार राकेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

जौनपुर पुलिस की बड़ी सफलता: चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर के थाना बरसठी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्यवेक्षण में थाना बरसठी की टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति आदित्य यादव (लगभग 24 वर्ष), निवासी ग्राम चिवटा थाना पवारा, को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक चोरी की हीरो ॥स्न डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि यह बाइक उसने पूर्व में चोरी की थी। इस संबंध में थाना मछलीशहर में पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी से जुड़े गंभीर आरोप शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सराहनीय कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव सहित थाना बरसठी की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

डॉ. भीम राव अंबेडकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- नेशनल मेडिकोज ऑर्गैनाइजेसन, सेवा भारती और सेवा विभाग ने किया आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर मछली शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर(नंदलाल का पुरा, दुर्गा नगर, कृपाशंकर नगर, कजियाना, कोल्हारा) , बदलापुर(भलुवाही सेवा बस्ती),मुंगरा बादशाहपुर के तीन स्थानों (गुढ़ई नई बाजार, पकड़ी बालाजी मंदिर प्रांगण, आजाद नगर काली जी मंदिर प्रांगण,)रामपुर(सहनपुर सेवा बस्ती), मीरगंज (पंगुलदास कुटिया), मड़ियाहू(चंडिका मंदिर प्रांगण): स्थानीय क्षेत्रों के सेवा बस्तियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जांच कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर नेशनल मेडिकोज ऑर्गैनाइजेसन, सेवा भारती जिला मछली शहर एवं सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित किया गया । जिलाध्यक्ष सेवा भारती जिला मछली शहर डॉ आर बी चौहान,महामंत्री डॉ. विभव सिन्हा, कोषाध्यक्ष रंजीत यादव, स्वावलंबन प्रमुख संजय कुमार सिंह ,राजकुमार गौतम,विष्णु के नेतृत्व में इस कैंप का आयोजन किया गया। इसका शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर के दौरान, ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें मुफ्त में दवाइयां और आवश्यक जांच की सुविधाएं प्रदान की गईं। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में कई योग्य चिकित्सक उपस्थित रहे। इनमें मछली शहर में डाक्टर सत्यजीत प्रजापति, डाक्टर अमृत लाल मौर्य, डाक्टर रंजना मौर्य,डॉ पूनम यादव, डाक्टर विजय यादव, डाक्टर एस.पी. यादव,डॉ. अनुज मौर्य,डा. योगेन्द्र यादव,डा. हरिश्चंद्र ,डॉ. उत्तम त्रिपाठी, डॉ. विकास पाल, डॉ उन मेद प्रताप सिंह,डॉ. मोहम्मद इमरान, डॉ शशांक गुप्ता और डॉ मुकेश पाल शामिल थे। सभी डॉक्टरों बन्धुओं द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ आर बी चौहान (जिला अध्यक्ष सेवा भारती) जय प्रकाश तिवारी (जिला प्रचार प्रमुख सेवा भारती)अरविंद जी (जिला सेवा प्रमुख), डॉ विभव सिन्हा (जिला महामंत्री सेवा भारती), संजय कुमार सिंह (स्वावलंबन प्रमुख सेवा भारती), डॉ रंजीत यादव (कोषाध्यक्ष सेवा भारती) ने शिविर में आए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित डाक्टरों और उनकी टीम को विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर ग्रामीण स्तर पर इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया, जिससे लोगों को सही सलाह, निःशुल्क जांच और दवाइयां मिल सकीं। इस अवसर पर योगेश जायसवाल, शिव कुमार लल्ला, राजू माली, अनिल भूरे, सदाशिव, हरिओम, मदन राम प्रकाश , भास्कर, दीपक, सुभाष, जितेंद्र, राकेश रवि,अदिति,रविथा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गौहर महोत्सव 'उमंग 2026' में झलकी प्रतिभा और नवाचार की चमक, छात्रों ने बांधा समां

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर मड़ियाहूं क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गौहर में आयोजित 'गौहर महोत्सव - उमंग 2026' का कार्यक्रम भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में शिक्षा, संस्कृति और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस दौरान नवीन नामांकन अभियान के तहत अभिभावकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय में प्रवेश दिलाने के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निःशुल्क सुविधाओं और सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बालवाटिका कक्ष का उद्घाटन भी किया गया, जिससे छोटे बच्चों के लिए बेहतर और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। वहीं, शिक्षा चौपाल के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा ने अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर शिक्षा के महत्व और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह बढ़ा और अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली। समापन पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया। प्रधानाध्यापक राम सजन यादव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक शिवम सिंह ने किया। 'गौहर महोत्सव - उमंग 2026' शिक्षा, संस्कार और सामुदायिक सहभागिता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा।

क्रीड़ा भारती की वार्षिक बैठक में प्रभाकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर सह मंत्री मनोनीत

जन एक्सप्रेस। बस्ती। क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत की वार्षिक नियोजन बैठक गोटवा स्थित एक मैरिज हाल में रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में क्रीड़ा भारती के क्षेत्रीय संयोजक अजय रजत दीक्षित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिन्होंने संगठन के कार्यों को गति देने पर बल दिया। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण प्रजापति ने बस्ती जनपद कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रभाकर ओझा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सुधीर कुमार पाण्डेय को सह मंत्री का दायित्व सौंपा। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने कार्यों का निष्ठा से निर्वहन करें। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने दी है उसका निर्वहन करते हुए पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे। बैठक में वर्षभर आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस, हनुमान जयंती, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, राष्ट्रीय खेल दिवस, क्रीड़ा भारती ज्ञान परीक्षा, माता जीजाबाई पुरस्कार तथा सूर्य नमस्कार के सफल संचालन हेतु रूपरेखा तय की गई। साथ ही संगठन के विस्तार एवं गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि क्रीड़ा भारती खेल को आनंद एवं संस्कार के रूप में समाज में स्थापित करने के लिए कार्यरत है तथा प्राचीन भारतीय खेलों के प्रति जनजागरूकता फैलाने का निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ने किया और कार्यक्रम के संयोजक प्रांत क्रीड़ा केंद्र प्रमुख राम सिंह रहे। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष अंजू सिंह, प्रांत मंत्री बी.एन. मिश्रा, प्रांत सह मंत्री सुरेंद्र सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार पाठक, प्रांत आईटी प्रमुख अमित त्रिपाठी, प्रांत कोषाध्यक्ष चिन्मयानंद मल्ल एवं महानगर संयोजक मानवेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

भारी मात्रा में हथियार व उपकरण सहित दो शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना खमरिया-ईसानगर क्षेत्र के लुधौनी गांव के पास नदी किनारे संचालित एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई में दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार और उपकरण बरामद किए गए हैं।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नदी किनारे छप्पर डालकर लंबे समय से अवैध असलहा निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर स्वाट, सर्विलांस टीम और थाना खमरिया पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर छापेमारी की। मौके से जमील उर्फ भुर्जी और रोज अली नामक दो अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।तलाशी के दौरान पुलिस ने 9 तैयार देशी तमंचे (315 बोर व 12 बोर), 4 अर्धनिर्मित तमंचे, 11 लोहे की नाल, जिंदा व खोखा कारतूस सहित बड़ी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए। इनमें बरमा मशीन, वेल्डिंग सामग्री, रेती, हथौड़ी, छेनी और आरी जैसे औजार भी शामिल हैं, जो संगठित तरीके से अवैधशस्त्र निर्माण की पुष्टि करते हैं पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त पुलिस से बचने के लिए लगातार स्थान बदलकर सुनसान इलाकों में फैक्ट्री संचालित करते थे। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उनके खिलाफ पूर्व में भी अवैध शस्त्र निर्माण व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस पूरे मामले का खुलासा सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी ने पुलिस लाइन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उन्हें न्यायालय में पेश किए जा रहे हैं।

घर कि तीसरी मंजिल से गिरा बुजुर्ग, मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कर्नलगंज में घर कि तीसरी मंजिल से जीने से उतरने के दौरान अचानक बुजुर्ग का पैर स्लिप होने से वह रेलिंग में फंस गए जिससे उनका पैर फट गया। परिजन उपचार के लिए हैलट लाये। जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बजरिया थाना के कर्नलगंज निवासी कृष्णा कुमार (61) सिलाई मास्टर थे। परिवार में पत्नी वैजयंती बेटा शिवम व सुमित है बेटी अनुष्का शिवानी है। बेटे शिवम ने बताया कि पिता जी सांस सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। जिनका हैलट हॉस्पिटल से इलाज भी चल रहा था। शनिवार को देर शाम वह खाना खाने के बाद घर की तीसरी मंजिल पर टहलने के लिए गए थे। वह टहल कर वापस नीचे आ रहें थे तभी अचानक जीने से उनका पैर स्लिप हो गया और रेलिंग में पैर फसने से पैर फट गया। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल हैलट हॉस्पिटल ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बजरिया थाना प्रभारी अरविन्द शर्मा ने बताया कि मृतक सांस का मरीज था देर शाम वह टहलने छत पर गए थे। तभी पैर स्लिप हो जाने से वह गिर गए।

5 जोड़ों का महिला थाने में सुलह समझौता

परामर्श से टूटने से बचे परिवार, मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को महिला थाने में 'मिशन शक्ति अभियान' के तहत पांच जोड़ों को पारिवारिक विवाद सुलझाकर टूटने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला ने परामर्शदाताओं के सहयोग से महिलाओं को जागरूक किया।महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी और कुसुम गुप्ता ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और साझा गृहस्थी से संबंधित समस्याओं वाले 15 शिकायती पत्तो पर सुलह-समझौते का प्रयास किया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, पांच पति-पत्नी के जोड़ों को सफलतापूर्वक मिलाया गया। चार मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मनमुटाव होने के कारण उन्हें सोचने का समय दिया गया। दो मामले माननीय न्यायालय में लंबित थे, जिनमें पक्षकार न्यायालय में सुलह के लिए सहमत हुए। शेष चार मामलों में सुलह का प्रयास सफल नहीं हो सका, और पीड़ितों ने प्राथमिकी दर्ज कराने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार और सारिका सिंह चौहान सहित पक्षकारों के परिजन भी उपस्थित रहे। मिशन शक्ति अभियान' के तहत उपस्थित लोगों को महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर, कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और निराश्रित पेंशन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

डॉक्टर अंबेडकर की जन्म जयंती की पूर्व संध्या भव्य आयोजन रूप रेखा तय

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव राम जी अंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य और यादगार मायेगा। इसके लिए डॉक्टर रामनरेश जी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कर तैयारी पर चर्चा कर संपूर्ण रूप रेखा सुनिश्चित कर ली है।कार्यक्रम संयोजन समिति के अध्यक्ष चंदन लाल ने बताया बाबा साहेब डॉ भीम राव राम जी अंबेडकर की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल 2026 को 4 बजे से कचेहरी रोड स्थित जिला पंचायत सभागार में होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि रमेश जी क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि

डॉक्टर सौरभ मालवीय प्रदेश महामंत्री विद्या भारती लखनऊ, और अध्यक्षता नरेंद्र सिंह क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र करेंगे।

समारोह का संचालन राममोहन गुप्त करेंगे। कार्यक्रम आयोजन समिति की सह संयोजिका मयूरी नागर ने बताया बाबा साहेब के जन्म से लेकर, उनके शैक्षिक जीवन संघर्ष पर व्याख्यान होंगे। सह संयोजक गंगा राम एडवोकेट ने कहा कि इस आयोजन में विशेषकर बाबा साहेब के अनुयायियों/ वंचित जातियों की विशेष धरोहर और विभिन्न क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाली प्रतिभाओं में चिकित्सा क्षेत्र के डॉक्टर दिनेश भास्कर, डाक्टर राजेश गौतम, शिक्षा क्षेत्र से परिक्रमा प्रसाद प्रधानाचार्य, सेवानिवृत्त शिक्षिका उर्मिला देवी, क्षमा टंडन, धार्मिक क्षेत्र से महंत रवि बालगुहेर, साहित्यकार सुरेश सौरभ, कवि श्याम किशोर बेचैन, समाजसेवी जसपाल पाली, गायन क्षेत्र से योनित पुरी, रोशनी, प्रियांशी, को सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में डॉक्टर राम नरेश, कार्यक्रम का संयोजक चंदन लाल वाल्मीकि, सह संयोजक राम मोहन गुप्त, गंगा राम जी एडवोकेट, मयूरी नागर, पूजा चौहान, रश्मि महेन्द्रा आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला थाना पुलिस

सिकटिया मोड़ पर महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 12 अप्रैल 2026, रविवार को दोपहर करीब 1 बजे महिला थाना पुलिस द्वारा सिकटिया मोड़ और आसपास के बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।यह अभियान पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में आयोजित किया गया। महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला के नेतृत्व में एक टीम ने स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं की जानकारी दी। इस पहल में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुईं।

अभियान के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसमें पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, साइबर अपराध जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और फर्जी प्रोफाइल से होने वाली धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी समझाए गए। महिला पुलिसकर्मियों ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, महिला हेल्पलाइन 181, महिला शक्ति लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस कंट्रोल रूम 1076 पर संपर्क करने की जानकारी दी। साथ ही, क्ष्ह्ह्क्ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया।

इस मौके पर महिला आरक्षी सुमन लता और सारिका चौहान समेत कई अन्य महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं। पुलिस विभाग ने सभी महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें, ताकि एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी में संगठन विस्तार

ज़रीना बेगम बनी जनपद लखीमपुर खीरी की जिलाध्यक्ष।

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसी अहमद ने संगठन विस्तार करते हुए, जरीना बेगम को जिला लखीमपुर खीरी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में जारी प्रेस ज्ञाप के अनुसार, पार्टी नेतृत्व ने जरीना बेगम की सक्रियता और संगठन के प्रति उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष वसी अहमद जी ने कहा, कि संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं को जिम्मेदारियां दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया, कि जरीना बेगम अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगीं। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जरीना बेगम ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगीं, तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का सतत प्रयास भी करेंगीं। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है, और इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

पीहू पैंथर्स ने एडन क्रिकेट अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पीहू पैंथर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 158 रन बनाए, श्रेष्ठ प्रताप ने 33 गेंद में 59 रन और शशि प्रकाश ने 27 गेंद में 27 रन की पारी खेली, गेंदबाजी में पवन ने चार विकेट जबकि आयुष्मान और आमिर ने दो-दो विकेट लिए, जवाब में एडन क्रिकेट अकादमी की टीम 15.1 ओवर में 132 रन पर ऑल आउट हो गई, आयुष्मान ने 20 गेंद में 31 रन और सर्वजीत ने 19 गेंद में 23 रन बनाए, पीहू पैंथर्स की ओर से तनु ने चार और श्रेष्ठ ने तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।वहीं सातवें मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने मस्कुलर फिटनेस को हराया, मस्कुलर फिटनेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 111 रन बनाए, अक्षत मिश्रा ने 27 गेंद में 26 रन और कृष्णा ने 30 गेंद में 18 रन बनाए, गेंदबाजी में धर्म ने दो विकेट जबकि विपिन और उत्कर्ष ने एक-एक विकेट लिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल क्रिकेट अकादमी ने 10.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर मुकाबला जीत लिया, अधिक ने 37 गेंद में 54 रन और अभिषेक ने 22 गेंद में 27 रन बनाए, गेंदबाजी में अक्षत मिश्रा को एक विकेट मिला, मैच के दौरान श्याम मोहन श्रीवास्तव, मनीष बंसल, आदर्श पांडे, उत्कर्ष अवस्थी और पियूष अवस्थी मौजूद रहे।

भाजपा के पदाधिकारियों ने गांव, बस्ती जाकर गिनाई नौ वर्ष मे सरकार की उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

ग्राम, बस्ती संपर्क अभियान के निमित्त हैदराबाद गांव में घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत आमजन से संवाद कर योगी सरकार के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मती कीर्ति महेश्वरी चेयरमैन मैलानी भाजपा, मण्डल महामंत्री मिथलेश मिश्रा, महामंत्री रमन सोनी, मण्डल उपाध्यक्ष सुमित अवस्थी, शक्तिकेंद्र संयोजक सुनीत मिश्रा, पूर्व प्रधान प्रमोद वर्मा उर्फ शेरू, सतेंद्र सोनी, पारस नाथ मंदिर पर स्वच्छता कर, लाभार्थी डोर टू डोर संपर्क किया व वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया व भाजपा पदाधिकारी गण एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनता का अपार समर्थन यह सिद्ध करता है कि प्रदेश विकास, सुशासन एवं जनसेवा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है।

हाई टेंशन लाइन के संपर्क में बंदर आने से लगी आग

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

रेहरिया क्षेत्र के गांव छेंडीपुर एक किसान के खेत के ऊपर निकली हाई टेंशन लाइन के संपर्क में बंदर के आ जाने से तेज धमाके के साथ निकली चिंगारी गेहूं की फसल के ऊपर गिरने से आग लग गई जिससे किसान का 15 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। जानकारी अनुसार किसान युसूफ गाजी के खेत के ऊपर से 33 हजार केवीए की लाइन जा रही थी जिस पर अचानक बंदर के संपर्क हो जाने पर तेज धमाके के साथ गेहूं की फसल में आग लग गई

फसल और अभिषेश जलकर राख

तेज हवाओं के झोंके ने पल झपकते ही खड़ी फसल को अपने आगोश में ले लिया सूचना पर चौकी पुलिस सिपाही करनवीर, अभिषेक कुमार, उमेश मिश्रा और शशि कपूर आदि ने गांव से सभी लोगों को आग बुझाने को लेकर मौके पर पहुंच गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी आग की भयानक लपटो से किसान के गेहूं की फसल और पशुओं के चार के लिए खड़े अवशेषों को जल जाने से आर्थिक नुकसान के साथ पशुओं के चारे का संकट खड़ा हो गया है।

पथ संचालन कर वसुधैव कुटुंबकम का जय घोष किया

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

कस्बा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संघ के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर पथ संचलन करते हुए उनके विचारों का अनुसरण करने का संकल्प लेते हुए पथ संचलन किया गया है। संचालन लखन ने किया है।

आयोजित कार्यक्रम को महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया नगर के प्रमुख मार्गो पर पथ संचालन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बैठक को सीतापुर के विभाग प्रचारक अभिषेक ने अपने उद्बोधन में डॉ भीमराव अंबेडकर और केशव राम बलिराम हेडगेवार को महान सपूत बताया जिला संघ चालक अमित भसीन ने वसुधैव कुटुंबकम और धर्मो रक्षति रक्षिता का विचार बताया जिला प्रचारक विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा जिन्होंने राष्ट्र के सामाजिक मूल्यों को एक सूत्र में पिरोकर हिंदू एकता, समरसता, संस्कार, संस्कृति और कर्तव्य बोध में जीने का मंत्र दिया है। आयोजन में शोभित, शिव प्रकाश, विनोद, रणधीर, पवन, धर्मेंद्र समेत तमाम संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कानपुर पॉलिटेक्निक बना प्रदेश का बड़ा प्लेसमेंट हब

उत्तर प्रदेश के 12 से अधिक जिलों के पॉलीटेक्निक स्टूडेंट्स के लिए 'कैरियर गेटवे' बना संस्थान

टाटा मोटर्स और अडानी डिफेंस जैसी 18 दिग्गज कंपनियों ने दिया रोजगार का मौका

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'मिशन रोजगार' को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। कानपुर पॉलिटेक्निक अब केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के तकनीकी युवाओं के लिए 'करियर गेटवे' बन चुका है। हमारा लक्ष्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि हर हाथ को सम्मानजनक काम दिलाना है। 2500 नियुक्तियों का संकल्प मील का पत्थर साबित होगा और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।
>
> **मुकेश चंद्र आनंद, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर**

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के साथ- साथ उन्हें सीधे रोजगार से जोड़ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम रंग ला रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर इस समय पूरे प्रदेश के छात्रों के लिए उम्मीदों का केंद्र बना हुआ है। संस्थान ने इस साल प्रदेश के विभिन्न जिलों के 2500 छात्र-छात्राओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य रखा है, इस दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।

प्लेसमेंट के जरिए अब तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए 1673 छात्रों का चयन देश की दिग्गज कंपनियों में हो चुका है। खास बात यह है कि इस अभियान का लाभ केवल कानपुर ही नहीं, बल्कि मऊ, वाराणसी, सुल्तानपुर, गाजीपुर, औरैया और इटावा जैसे दर्जनों जिलों के छात्र उठा रहे हैं।

18 बड़ी कंपनियां, 3.8 लाख तक का पैकेज

प्लेसमेंट ड्राइव में अब तक देश भर से 18 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हो चुकी हैं। इसमें टाटा मोटर्स, अडानी डिफेंस, वर्धमान, हिटाची और हायर अप्लाएंसेस जैसी कंपनियों ने छात्रों की प्रतिभा पर भरोसा जताया है। छात्रों को उनकी काबिलियत और ट्रेड के आधार पर 2 लाख से लेकर 3.8 लाख रुपये सालाना तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं। प्लेसमेंट अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि हम लगातार देश की नामी कंपनियों के संपर्क में हैं। पूल कैंपस के माध्यम से हम छात्रों को एक ही छत के नीचे कई विकल्प दे रहे हैं। 11 नवंबर से शुरू हुआ यह अभियान निरंतर चल रहा है और आगे भी कई बड़ी कंपनियां कैंपस आने वाली हैं।

पूल कैंपस से अन्य जिलों के छात्रों की राह हुई आसान

कानपुर पॉलिटेक्निक के प्लेसमेंट ऑफिसर प्रदेश के अन्य जिलों के प्रधानाचार्यों को बाकायदा पत्र भेजकर आमंत्रित करते हैं। अभी 12 अलग-अलग तारीखों पर 12 प्लेसमेंट ड्राइव हुई हैं। दूर-दराज के जिलों जैसे कन्नौज, फर्रुखाबाद, कौशांबी और गोरखपुर के छात्र भी कानपुर आकर इंटरव्यू दे पा रहे हैं। यह व्यवस्था उन छात्रों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिन्हें नौकरी की तलाश में दूसरे राज्यों के चक्कर काटने पड़ते थे।

2500 नियुक्तियों का लक्ष्य, 11 नवंबर से जारी 'पूल कैंपस' अभियान से मिल रही नौकरी

हर ब्रांच के लिए खुले हैं रास्ते

यह प्लेसमेंट ड्राइव केवल कुछ चुनिंदा विषयों तक सीमित नहीं है। इसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के साथ-साथ केमिकल, प्लास्टिक, पेंट, इंस्ट्रूमेंटेशन, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी ब्रांच के छात्रों को भी भरपूर मौके मिल रहे हैं। हाल ही में 8 अप्रैल को हुए चयन में टाटा मोटर्स ने अकेले 247 छात्रों को चुना है।

2500 नौकरियों का लक्ष्य

संस्थान ने इस साल कुल 2500 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अब तक लगभग 67 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है और प्लेसमेंट का यह सिलसिला अभी थमा नहीं है।

आने वाले दिनों में कई और बड़ी कंपनियों के आने की संभावना है, जिससे बाकी बचे छात्रों को भी अपनी पहली नौकरी पाने का मौका मिलेगा।

कल्याणपुर में गौवंश मिलने से मचा हड़कंप गौ रक्षा दल ने काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर रविवार को दोपहर में गौवंश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने घटना कि सूचना 112नंबर डायल कर पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। वही हंगामा काट रहें गौ सेवक महासभा के कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वाशन देकर सभी को शांत कराया। पुलिस ने आस पास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फूटेज खंगाल कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र आई आई टी नानकारी में रविवार दोपहर को एक गौवंश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गौ सेवक महासभा के संरक्षक प्रशांत सिंह राठौर ,गौवंश महासभा के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह अध्यक्ष सचिन दुबे प्रमुख उपाध्यक्ष शानू सैनी, शिवाप्रजापति, अनुराग सैनी सहित कई कार्यकर्त्ता मौके पर पहुँचे और कूड़े के ढेर में गौवंश पड़ा देख हंगामा काटने लगे। महा सभा के अध्यक्ष सचिन दुबे ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स एसीपी कल्याणपुर आसुतोष कुमार मौके पर पहुँचे और हंगामा काट रहें लोगो को समझा बुझाकर लोगो को शांत कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था की जबतक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा वह वहाँ से नहीं हटेंगे। जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फूटेज खंगाले और सभी को कठोर कार्रवाई का आश्वाशन देकर शांत कराया। जिसके बाद पुलिस ने गौवंश को वहाँ से हटवाया। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि दोपहर में 112के माध्यम से गौ वंश मिलने कि सूचना मिली थी मौके पर फ़ोर्स ने पहुंचकर हंगामा काट रहें लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया सीसीटीवी फूटेज खंगाल जा रहें है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

शिवराजपुर पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना शिवराजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दबिश देकर एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

महिला आरक्षण कानून जल्द लागू करने की अपील, पीएम बोले

2029 चुनाव से पहले हो क्रियान्वयन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण कानून को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब इसे सच्ची भावना के साथ लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर सभी दलों से एकजुट होकर इस ऐतिहासिक संशोधन को पारित करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि देश में अब महिला आरक्षण कानून को प्रभावी रूप से लागू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब महिलाओं को आगे बढ़ने, निर्णय लेने और नेतृत्व करने के अवसर मिलें। उन्होंने इसे विकसित भारत के लक्ष्य से भी जोड़ा। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत के 2029 लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिला आरक्षण को लागू करना बेहद जरूरी है। इससे राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे मिलकर संविधान संशोधन विधेयक को पारित करें, ताकि महिला आरक्षण कानून को वास्तविक रूप से लागू किया जा सके।

भाजपा ने जारी किया तीन लाइन का व्हिप

भारतीय जनता पार्टी ने 16-18 अप्रैल, 2026 के लिए लोकसभा और राज्यसभा दोनों में अपने सभी सांसदों को एक जरूरी तीन-लाइन व्हिप जारी किया है। निर्देश में सभी केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को इस दौरान सदन में मौजूद रहने का आदेश दिया गया है, जिसमें कोई छुट्टी की अनुमति नहीं है। सदस्यों को निर्देश दिया गया है कि वे बताई गई तारीखों के दौरान सख्ती से पालन करें और बिना किसी रुकावट के उपस्थित रहें।

संसद का विशेष सत्र

सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें महिला आरक्षण कानून में आवश्यक संशोधनों पर चर्चा और निर्णय की संभावना है। वर्तमान प्रावधानों के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लागू होने से लोकसभा सीटों की संख्या 816 तक पहुंच सकती है, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। हालांकि, महिलाओं का कोटा 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन अभ्यास पूरा होने के बाद ही प्रभावी हो पाता। इसका मतलब था कि यदि वर्तमान कानून जैसा है वैसा ही रहता, तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। 2029 के लोकसभा चुनावों से इसे लागू करने के लिए, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में बदलाव की आवश्यकता थी; इसलिए, सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर रही है।

देश का सबसे बड़ा घोटाला है एसआईआर

बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का दावा, बोलीं, 2026 में गिर जाएगी मोदी सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर चुनावों से पहले मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने बंगाल चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को हालिया समय का देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया। पूर्वी बर्धवान जिले के खंडाघोष में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो वह पश्चिम बंगाल के लोगों से सब कुछ छीन लेगी। उन्होंने कहा, 'भाजपा चुनावों से पहले मतदाताओं को रिश्वत देती है। लेकिन वे मतदान खत्म होने के तुरंत बाद अपने वादे भूल जाते हैं। यह बिहार चुनावों में देखा गया था। 'तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश करेगी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और मतदान मशीनों पर नजर रखने का आग्रह किया। ममता बनर्जी ने कहा, 'मतदान मशीनों के बारे में सतर्क रहें। भाजपा ने धीमी वोटिंग और धीमी मतगणना की योजना बनाई है। उनकी सभी योजनाओं को असफल करें।

हुमायूं कबीर के वायरल वीडियो के सहारे लगाए आरोप

ममता बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल की सत्ता से टीएमसी को बेदखल करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के सौदे का आरोप लगाया है। उन्होंने यह आरोप एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए लगाया, जिसमें आम आदमी उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख हुमायूं कबीर कथित तौर पर भाजपा नेताओं के साथ संपर्क में होने और अल्पसंख्यक वोटों को बांटकर टीएमसी को हराने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के सौदे की अग्रिम राशि के तौर पर 200 करोड़ रुपये प्राप्त करने की बात कह रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ है। हालांकि, इस वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। ममता बनर्जी ने बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'उन्होंने (भाजपा) पश्चिम बंगाल में टीएमसी को सत्ता से बेदखल करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का सौदा किया है।'

2026 में मोदी सरकार के गिरने की भविष्यवाणी

मुख्यमंत्री ने कहा, 'एसआईआर हाल के समय में देश द्वारा देखा गया सबसे बड़ा घोटाला है।' उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि केंद्र में भाजपा सरकार 2026 में गिर जाएगी। उन्होंने कहा, 'दुनिया जानती है कि आपकी सरकार 2026 में गिर जाएगी। हम तब आपकी सरकार द्वारा लाए गए सभी जन-विरोधी कानूनों को रद्द कर देंगे।'

बाबा बर्फानी के भक्तों के लिए बड़ी खबर: तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू, 28 अगस्त तक चलेंगे दर्शन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

श्री अमरनाथ जी यात्रा 2026 का शुभारंभ तीन जुलाई से होगा और यह पवित्र यात्रा 57 दिनों तक चलकर 28 अगस्त को संपन्न होगी। इस यात्रा की घोषणा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक के बाद की। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे और यह अनिवार्य रहेगा। देशभर में 556 अधिकृत बैंक शाखाओं के माध्यम से अग्रिम पंजीकरण किया जा सकेगा, जबकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्रा के लिए आयु सीमा 13 से 70 वर्ष तय की गई है। श्रद्धालु पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और 14 किलोमीटर छोटे लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए यात्रा कर सकेंगे।

बिहार में नई सरकार को लेकर हलचल तेज

बीजेपी ने शिवराज चौहान को बनाया पर्यवेक्षक, सभी विधायकों को पटना बुलाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार में 15 अप्रैल को नई सरकार का गठन हो जाएगा। इसको लेकर सीएम हाउस में आज बैठक होगी, इसलिए भाजपा और जदयू के विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार, मंत्रियों की संख्या और विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चा की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक़, अगले दो दिनों में सभी मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

शिवराज सिंह चौहान को मिली बड़ी जिम्मेदारी

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके साथ ही, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पार्टी ने बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक अधिसूचना में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

14 अप्रैल को नीतीश कुमार राज्यपाल को देंगे अपना इस्तीफा

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया 13 अप्रैल के बाद शुरू होगी। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि मुमकिन है कि 13 अप्रैल को ही संभवतः मौजूदा सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक हो। इसके बाद खरमास खत्म होते ही 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें नए नेता का चयन किया जाएगा। इसके बाद 15 अप्रैल को नई सरकार के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

दोनों उप मुख्यमंत्री पहुंचे थे सीएम हाउस

बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा शनिवार की शाम 5.30 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। उनके साथ मंत्री लखेंद्र पासवान भी थे। करीब 30 मिनट सभी की नीतीश कुमार से मुलाकात हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा लोकभवन भी गए। वह लोकभवन में लगभग 30 मिनट तक रहे। हालांकि राजनीतिक पंडितों का कहना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सम्राट चौधरी की मुलाकात और उसके फौरन बाद उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा का राजभवन पहुंचना, महज इत्तेफाक नहीं बल्कि किसी बड़े सियासी बदलाव की आहट है। दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक का अचानक रद्द होना इस रहस्य को और गहरा कर रहा है।

भारत ने चीन के अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज, बताया भ्रामक और निराधार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है। मंत्रालय के अनुसार, चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। सरकार ने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। इस दौरान विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि वह अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा।

दावों पर भारत की दो टूक

बता दें कि विदेश मंत्रालय का यह बयान चीन की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम जारी करने की कोशिश की थी। ऐसे में भारत ने इसे एक बार फिर राजनीतिक और भड़काऊ कदम बताया है और ऐसे सभी दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

महिला आरक्षण बिल: चुनाव के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने पर

जयराम रमेश बोले, ये आचार संहिता का उल्लंघन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। जयराम रमेश ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पत्र को शेयर किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद के विशेष सत्र पर अपनी बात रखी है। यह सत्र अगले हफ्ते, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चल रहे चुनावी अभियान के बीच बुलाया जा रहा है, जो कि आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने (खरगे ने) विपक्ष के इस अनुरोध को दोहराया है कि सर्वदलीय बैठक 29 अप्रैल के बाद ही किसी भी समय बुलाई जाए।

पीएम ने लिखा सभी पार्टियों के सदन के नेताओं को पत्र

दरअसल, महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक पर विचार-विमर्श करने और उसे पारित करने के लिए अगले सप्ताह एक विशेष सत्र बुलाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों में सभी पार्टियों के सदन के नेताओं को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को सर्वसम्मति से पारित कराने के लिए समर्थन मांगा, ताकि 2029 के चुनावों से पहले महिला आरक्षण का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने की आलोचना

प्रधानमंत्री के पत्र के जवाब में, मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह महिला सशक्तिकरण के बजाय राजनीतिक लाभ उठाने के लिए महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक के कार्यान्वयन में जल्दबाजी कर रही है। अपने जवाब में खरगे ने लिखा, 'विशेष सत्र विपक्ष को विश्वास में लिए बिना बुलाया गया है और सरकार परिसीमन के संबंध में कोई भी विवरण साझा किए बिना ही एक बार फिर विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा कर रही है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि अगर इस विशेष सत्र का उद्देश्य हमारे लोकतंत्र को मजबूत करना और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है, तो सरकार को सुझाव है कि 29 अप्रैल के बाद किसी भी समय एक 'सर्वदलीय बैठक' बुलाए, ताकि परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा की जा सके, जिस मुद्दे को 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम में किए जा रहे संशोधन से जोड़ा जा रहा है।

दिल्ली विवि में कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य, समय पर न आने वालों पर कार्रवाई की चेतानी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विश्वविद्यालय ने एक आदेश जारी किया है जिसमें सभी कर्मचारियों को आधार-आधारित बायोमेट्रिक मशीन से अपनी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही काम का समय सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 30 मिनट का लंच ब्रेक भी शामिल है, यानी कुल 8 घंटे 30 मिनट काम करना होगा। कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे विभागों में सुचारू कार्यप्रवाह सुनिश्चित करने के लिए दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे के बीच लंच करें।

उपस्थिति नियमों में सख्ती और कड़ा अनुपालन

सुबह 9:10 से 9:30 बजे के बीच हाजिरी लगाने वाले कर्मचारियों को निर्धारित कार्य अवधि पूरी करने के लिए उसी दिन अतिरिक्त घंटे काम करके देरी की भरपाई करनी होगी। हालांकि, सुबह 9:30 बजे के बाद हाजिरी लगाने वालों को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसमें उनकी छुट्टी में से आधे दिन या पूरे दिन की छुट्टी की कटौती शामिल है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कर दिया है कि हाजिरी नियमों में अब और कोई छूट नहीं दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने सभी डीन, विभागाध्यक्षों, पुस्तकालयाध्यक्षों और अन्य अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया है। यह कदम दिल्ली विश्वविद्यालय में हाजिरी नियमों के सख्त पालन का संकेत देता है, और यह स्पष्ट संदेश देता है कि समय की पाबंदी पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

समय पालन और छूट का नया नियम

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य समय की पाबंदी को मजबूत करना और संस्थान में बेहतर कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है। सभी कर्मचारियों के लिए निर्धारित समय का पालन करना अनिवार्य होगा। हालांकि, यातायात जाम और सार्वजनिक परिवहन में देरी जैसी समस्याओं को देखते हुए कुछ विभागों की मांग पर विचार किया गया है। इसके तहत कर्मचारियों को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचने की सीमित छूट दी गई है, लेकिन यह छूट कुछ शर्तों के साथ लागू होगी।

स्वर्णिम विकास का संकल्प
यूपी का संपूर्ण कायाकल्प
महर्षि शुकदेव की पावन धरा मुजफ्फरनगर में
₹951 करोड़+ की लागत वाली 423 परियोजनाओं का
लोकार्पण एवं शिलान्यास
पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की
प्रतिमा का अनावरण
रोजगार मेले में प्रतिभाग एवं
नियुक्ति पत्रों का वितरण
द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
जयंत चौधरी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमिता तथा MoS शिक्षा, भारत सरकार
प्रो. एस. पी. सिंह. बघेल
राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज, भारत सरकार
अनिल कुमार
मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
कपिल देव अग्रवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उत्तर प्रदेश
सोमेन्द्र तोमर
राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, उत्तर प्रदेश
चंदन चौहान | डॉ. वीरपाल निर्वाल
सांसद, बिजनौर | अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुजफ्फरनगर
राजपाल सिंह बालियान | मदन भैया | मिथिलेश पाल | वन्दना वर्मा | मीनाक्षी स्वरूप
विधायक, बुढ़ाना | विधायक, खतौली | विधायक, मीरापुर | सदस्य, विधान परिषद | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 13 अप्रैल, 2026 | समय : अपराह्न 1:15 बजे | स्थान : नुमाइश मैदान, मुजफ्फरनगर
लोकार्पण की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
- बेहड़ा सादात से मेरठ पौड़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- जसूरपुर में शाहपुर के किमी. 1 से किमी. 16 तक के मार्ग का सुदृढ़ीकरण
- शुकतीर्थ में लाइट एंड साउंड शो का कार्य
- नगर पंचायत चरथावल पेयजल पुनर्गठन योजना
शिलान्यास की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
- खतौली रेलवे स्टेशन पर 2 लेन का रेल उपरिगामी सेतु
- छपार-रोहाना-चरथावल मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- खतौली-मीरापुर मार्ग का पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- मुजफ्फरनगर जेल गेट से गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड होते हुए बाईपास तक नाला निर्माण
- राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 800 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम
प्रमुख आकर्षण
- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की पुस्तक 'कौशल दर्शन' का विमोचन - देश में AI विश्वविद्यालयों की रूपरेखा पर रिपोर्ट 'ए.आई. सेंटीनेंट एंड सेपियंस' की लॉन्चिंग
- महिला उद्यमिता कार्यक्रम हेतु नीति आयोग और एन.एस.डी.सी. के बीच एम.ओ.यू.
विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOfficeUttarpradesh CMOfficeUP